CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $31^0$ C
न्यूनतम : $18^0$ C

नई दिल्ली, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 360 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 | 14 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सैनिकों को मिले सम्मान जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी पेज 2



पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा खेल टाइम्स




सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार सम्पादकीय



अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो कोई जिंदा नहीं बचेगा : ईरान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी समेत पांच राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। मध्य प्रदेश के 30 और उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में बारिश का अलर्ट है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ और अमेठी समेत 20 शहरों में बारिश हुई। दिल्ली में गुरुवार सुबह बादल छाए रहे। इधर, राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इससे एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने का अलर्ट है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 10 जिलों के मौसम में दोपहर बाद बदलाव देखने को मिला। हरियाणा में बारिश और ओले गिरने से 7 जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा। वहीं 100 गांवों में गेहूं, सरसों और चने की खड़ी फसलें खराब हो गईं। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग की सोनप्रयाग घाटी में ओले गिरे और केदारघाटी में बारिश हुई।

### जग्गी हत्याकांड: अजीत जोगी का बेटा अमित दोषी करार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार करते हुए फैसला सुनाया गया है। वहीं फैसले पर अमित जोगी ने कहा कि हाईकोर्ट ने पूरी सुनवाई का मौका दिए बिना उन्हें दोषी ठहरा दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। सुनवाई के दौरान सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि उनके पिता की हत्या एक राजनीतिक साजिश के तहत कराई गई थी। सीबीआई ने 11 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी, जिसमें हत्या से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य शामिल हैं। इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए अमित जोगी को सरेंडर करने का आदेश दिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट में एएनआई- ओपन एआई केस का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एएनआई और ओपन एआई से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एएनआई ने ओपन एआई पर चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। एएनआई का आरोप है कि ओपन एआई ने वेब टूल्स के माध्यम से उसका कंटेंट इकट्ठा किया और बिना परमिशन- भुगतान उसकी खबरों का इस्तेमाल कर चैटजीपीटी को ट्रेन किया। एएनआई के मुताबिक यह फेयर डीलिंग के नियमों में नहीं आता, क्योंकि इसका उपयोग कमाई और व्यवसाय के लिए किया जा रहा है। ओपन एआई ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि सिस्टम सिर्फ इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी से पैटर्न सीखता है। मॉडल पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता। ओपन एआई ने कहा कि आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई की वेबसाइट ब्लॉक कर दी गई है। इस मामले का सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय कानून में फेयर डीलिंग की सही व्याख्या है।

# मालदा मामले पर CJI सख्त

## एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया

## पूछा: मालदा के डीएम-एसपी क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती देने जैसा, बंगाल सरकार को भी लगाई फटकार, वरिष्ठ अफसरों को नोटिस जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाया है। इसे ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर' और न्यायालय के अधिकार को चुनौती करार दिया।

इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के डीएम और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रवैये पर भी सख्त टिप्पणी की। न्यायालय ने राज्य में बुधवार को हुई घटनाओं के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले खत के आधार पर इस मामले को बेहद जरूरी बताते हुए संज्ञान में लिया।सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि दोनों अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचे। सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखे जाने का ये मामला बेहद गंभीर है।



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती कराए। कोर्ट ने सभी स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, आम लोगों की आवाजाही सीमित करने और अधिकारियों और उनके परिवारों को किसी भी खतरे का तत्काल आकलन करने का आदेश दिया है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपील किए जाने के बाद अफसरों को मुक्त कराया जा सका

**नई दिल्ली।** तीन महिला अधिकारियों सहित 7 न्यायिक अधिकारी मालदा जिले के एक गांव में एसआईआर न्यायिक- निर्णय संबंधी कार्यों को पूरा कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इन अधिकारियों को दोपहर 3:30 बजे से आधी रात तक बंधक बनाकर रखा गया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राज्य प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील किए जाने के बाद ही उन्हें मुक्त कराया जा सका। पीठ ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का सभी पक्षों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि वे तटस्थ एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन अब उन्हें भी हमलों से नहीं बख्शा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ये मामला अदालत को चुनौती देने जैसा है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को भी फटकार लगाई। सीजेआई ने कहा कि मालदा में हुई हिंसा की घटना न्यायपालिका पर दबाव बनाने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को भी चुनौती देने की तरह है। कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में सरकार के रवैये को लचर बताया और कहा कि इस मामले में तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस घटना को न्याय प्रशासन में बाधा डालने की सुनियोजित और दुस्साहसी कोशिश करार दिया। कोर्ट ने कहा कि सात न्यायिक अधिकारियों, जिनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल हैं, को घंटों तक बिना सुरक्षा, भोजन और पानी के छोड़ दिया गया, जबकि राज्य प्रशासन को पहले से सूचना दी गई थी। अदालत ने इस मामले में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों- मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनके रवैये को बेहद निंदनीय बताते हुए पूछा है कि समय रहते प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए गए।

# बंगाल में मतदाता सूची पर बवाल मालदा में विरोध प्रदर्शन जारी

## ईसी अफसरों पर आरोप, वैध कागज पर भी काट रहे नाम



कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मालदा में गुरुवार सुबह से एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार पुराने मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी इलाके में। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

गुरुवार को रात में कुछ घंटों के लिए खोले जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को फिर से अवरुद्ध कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगा दी और सड़क को बांस से अवरुद्ध कर दिया। स्थिति पर नजर रखने के लिए मालदा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीमों और सीएपीएफ के जवानों को नाकाबंदी स्थल पर तैनात किया गया है। बुधवार को कालियाचक प्रदर्शन में उठाई गई मांगों को

- राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को जाम कर प्रदर्शनकारियों ने टायरों में लगाई आग
- प्रदर्शन के मद्देनजर राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई

लेकर गुरुवार को पुराने मालदा ब्लॉक में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद मतदाता सूची से उनके नाम हटाए जाने के विरोध में वे प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही मालदा के विभिन्न इलाकों में लोग अपने नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग काफी देर तक अवरुद्ध रहा और न्यायिक अधिकारियों को भी घेर लिया गया। बाद में देर रात उन्हें रिहा कर दिया गया। बुधवार रात को मालदा के कालियाचल में जमा हुई भीड़ सुबह से वहां नजर नहीं आई। लोग सुबह से सड़कों पर निकलने भी लगे हैं। हालांकि, दबा हुआ तनाव अभी भी बरकरार है। गुरुवार सुबह से ही उन इलाकों में पुलिस ने चौकियां लगा रखी हैं, जहां रात में विरोध प्रदर्शन हुए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 और मालदा-मोथाबारी राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई हैं। इलाके में सुबह से ही पुलिस की मौजूदगी साफ तौर पर देखी जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, खुफिया शाखा को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# आई-पीएसी के दिल्ली बेंगलुरु व हैदराबाद के ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई-पीएसी के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है।

कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई-पीएसी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पीएसी और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपये के

- कोयला घोटाले से जुड़ा मामला, कंपनी ममता की पार्टी टीएमसी का चुनाव मैनेजमेंट देख रही

कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने 27 नवम्बर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ रुपये से जुड़ा है। इससे पहले जनवरी में ईडी ने कोलकाता में आई-पीएसी के दफ्तर और डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की थी। हाल ही में ईडी ने सिंह और जैन को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था।

### पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट का निर्णय


**नई दिल्ली।** सरकार ने ईरान की लड़ाई और उसके परिणामस्वरूप वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए 30 जून, 2026 तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनको कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों पर लागत के दबाव को कम करने और देश में आपूर्ति स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए यह उपाय एक अस्थाई और लक्षित राहत के रूप में लागू किया जा रहा है। सरकार के अनुसार इस छूट से पेट्रो रासायनिक कच्चे माल और मध्यवर्ती पदार्थों पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 38424 करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार एक वक्तव्य में कहा कि यह राशि पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपये (62.66 प्रतिशत) अधिक है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमशः 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है।

मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में



### 62.66 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी

स्थान दिलाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग, भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि भारत रक्षा उपकरणों का वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात में प्रभावशाली सफलता की कहानी लिख रहा है।

### बीओआई के पूर्व प्रबंधक व सहयोगी को 7 साल की सजा

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल में केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक विशेष अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक और उसके सहयोगी को सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने जेल की सजा सुनाते हुए दोनों आरोपियों-पीयूष चतुर्वेदी (जो उस समय बीओआई की मिसरोद शाखा, भोपाल के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक थे) और मोहन सिंह सोलंकी (एक निजी व्यक्ति) पर 60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 2016 में बीओआई के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के तत्कालीन उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दायर एक लिखित शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

# युद्ध के चलते तेजस के इंजन की सप्लाई रुकी

## अमेरिकी कंपनी को डिलीवरी देनी है, अब साल के अंत में आएंगे इंजन

शा ह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत के बहुप्रतीक्षित लड़ाकू विमान तेजस के इंजन की सप्लाई रुक गई है। इन विमानों के इंजन सप्लाई करने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कह दिया है कि अभी सप्लाई नहीं दे पाएंगे। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद है।

एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का वादा किया था, लेकिन, एचएएल में खड़े 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे हैं। जबकि 5 विमान पूरी तरह तैयार हैं। 19 विमानों के एयर फ्रेम भी तैयार हैं। यदि आपूर्ति बहाल होती है तो इस साल 24 और अगले साल तक 30 इंजन मिल जाएंगे।

9000 करोड़ की 113 इंजनों की डील पर कंपनी आगे बढ़ पाएगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने करीब 5 महीने पहले अमेरिकी



कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की थी। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1। खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं।

एलसीए तेजस मार्क-1। लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1। के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1।, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने

- एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का किया था वादा
- 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे

डेवलप किया है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) और डीआरडीओ की मदद से बनाया गया है। इसे हवा, पानी और जमीन पर हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मुश्किल हालात में भी अपने टारगेट को निशाना बना सकता है। मार्क-1। एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े का रिप्लेसमेंट है। मिग-21 26 सितम्बर को रिटायर हो चुका है। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी।

# शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन किए जाने की जरूरत: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ सार्वजनिक सेवाओं के तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन करते रहना होगा।

श्री मोदी ने गुरुवार को क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मयोगी साधना सप्ताह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी साधना सप्ताह, यह सुनिश्चित करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है कि हमारी सार्वजनिक सेवा 21वीं

- कहा: भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा

सदी में प्रासंगिक और उत्तरदाई बनी रहे। श्री मोदी ने मौजूदा शासन के मार्गदर्शक सिद्धांत पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भव: है, जिसका अर्थ है नागरिक को सर्वोपरि मानना। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक सेवा को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर उसे एक नई पहचान दी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दादरी रैली के बाद बदली सरकार की भाषा : अखिलेश

**लखनऊ (ब्यूरो)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि दादरी की रैली के बाद भाजपा सरकार की भाषा ही बदल गई है और भाजपा अब अपने कामों को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया कि भाजपा अब मेट्रो और रिवर फ्रंट जैसी परियोजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि ये काम सपा सरकार के दौरान शुरू हुए थे। उन्होंने कहा कि जनता पूछ रही है कि भाजपा सच बोल रही है या 'असर' का 'असर' दिखाने की कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ी है।

### कफ सिरप तस्करी मामले में छह पकड़े

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के चर्चित कफ सिरप तस्करी मामले में बुधवार को वाराणसी की कोतवाली पुलिस और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हवाला के 42 लाख रुपये, नोट गिनने की तीन मशीनें और दस मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में नई दिल्ली के मूल निवासी अशोक, राजस्थान के बीकानेर निवासी मोहित, राम अवतार, गिरधारी, गाजीपुर निवासी संतोष गिरी और बलिया निवासी ओम प्रकाश शामिल हैं। इन सभी के नाम सरगना शुभम जायसवाल के करीबी हवाला कारोबारी वैभव जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद सामने आए। पूछताछ में पता चला कि ये सभी हवाला कारोबार और कफ सिरप तस्करी से अर्जित अवैध धन के हेर-फेर के नेटवर्क को संचा. लित करते थे। जैतपुरा थाना क्षेत्र के संजय गांधी नगर कॉलोनी में इन्होंने अपने काले कारोबार का पूरा अड्डा बना रखा था।

### सैनिकों को मिले सम्मान, जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी

# पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है।

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिएए जिसके वे हकदार हैं। कांग्रेस नेता ने पूर्व सैनिकों से हुई एक मुलाक. ात का हवाला देते हुए कहा कि जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई। उन्होंने



■ 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं

■ यदि कोई सैनिक सेवा में है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा

एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया। मैंने जब यह मुद्दा संसद में उठाया, तो मोदी सरकार ने मेरे सवालों को टालने की कोशिश की। कैग ने कहा है कि ईसीएचएस को पर्याप्त धनराशि नहीं मिल रही है , लेकिन सरकार ने यह जवाब देने से मना कर दिया। विकलांग पूर्व सैनिकों के लिए टैक्स छूट से जुड़े मेरे सवाल को भी नजरअंदाज कर दिया।

इसी बीच वित्त विधेयक में यह प्रस्ताव रखा गया है कि यदि कोई सैनिक सेवा में बना रहता है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा। यह कदम उन सैनिकों को सजा देने जैसा है जो देश की सेवा जारी रखते हैं।

### असम के सीएम हिमंता भ्रष्टाचारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने असम विधानसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार देते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी कि राज्य में नफरत और डर का माहौल बनाया जा रहा है, जबकि असम की पहचान आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता से रही है। उन्होंने महान हस्तियों की विरासत का उल्लेख करते हुए लोगों को जोड़ने और प्रेम का संदेश आगे बढ़ाने की बात कही।

### विपक्ष की सशस्त्र पुलिस बल विधेयक जेपीसी को भेजने की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने कहा है कि सशस्त्र पुलिस बल विधेयक सरकार जल्दबाजी में लाई है और इसमें गहनता से विचार करने की आवश्यकता है इसलिए विधेयक को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजा जाना चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के हरीश चंद्र मीणा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक 2026 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गुरुवार को कहा कि विधेयक को जिस तरह से पेश किया गया है वह जल्दबाजी में लाया गया प्रतीत होता है।

## जरूरतमंद को आवास, बीमार को इलाज प्राथमिकता: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हर संभव आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों के बीच पहुंचकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान एक महिला ने



■ साथ आए बच्चों को चॉकलेट देकर पढ़ने को प्रेरित किया

आवास की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी आवास योजना के तहत घर दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने आए लोगों से उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इस्टीमेट जल्द तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शीघ्र मदद मिल सके। उन्होंने आए बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## ऐलान की तारीख से ही तलाक मान्य: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत तलाक को लेकर बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला दिया है, जिसमें कोर्ट ने कहा कि जिस दिन पति तलाक का ऐलान करता है, उसी तारीख से तलाक प्रभावी माना जाएगा। बाद में अदालत द्वारा दिया गया कोई भी आदेश केवल घोषणात्मक होता है, जोकि तलाक की पुष्टि करता है।

यह आदेश तलाक की मूल तारीख से ही जुड़ा माना जाएगा और इससे कोई नया तलाक नहीं बनता। कोर्ट का यह फैसला उन मुस्लिम महिलाओं के लिए बड़ी राहत है, जिनकी दूसरी शादी तलाक की घोषणा के बाद हुई हैं। यानि अब उन्हें पति से हर्जाना मिल सकता है। कोर्ट में जस्टिस मदन पाल सिंह की सिंगल बेंच ने यह मामला सुना और फैसला दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मोहम्मदिया कानून के मुताबिक पति द्वारा तलाक का ऐलान करने की तारीख से ही माना जाता है। कोर्ट का बाद का



■ बड़ा फैसला सुनाया, मुस्लिम महिलाओं को राहत

आदेश केवल उसकी पुष्टि करता है न कि नई तलाक की तारीख, इसलिए डिक्री की तारिख को तकनीकी आधार बनाकर महिला को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है। बता दें कि हुमायरा रियाज ने प्रयागराज के परिवार न्यायालय के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत उनके दूसरे पति से खुद के भरण-पोषण की अर्जी खारिज कर दी गई थी। हालांकि परिवार न्यायालय ने उनके दो नाबालिग बेटों के भरण-पोषण का आदेश दिया था।

## यूपी में 11 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर को गति देते हुए 3,212.63 करोड़ की लागत वाली 11 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यह परियोजनाएं प्रदेश के 9 जनपदों में विकसित होंगी, जिनके तहत लगभग 2,914 आवासीय, वाणिज्यिक और मिश्रित इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

चेयरमैन संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में एक दिन पूर्व बुधवार को सम्पन्न हुई यूपी रेरा की 199वीं प्राधिकरण बैठक में निवेश के लिहाज से गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 1,108.69 करोड़ की लागत से 568 आवासीय इकाइयों की परियोजना को स्वीकृति मिली वहीं, इकाइयों की संख्या के मामले में गौतमबुद्ध नगर शीर्ष पर रहा, जहां 843.14 करोड़ की लागत से 1,077 आईटी कार्यालय विकसित किए जाएंगे। लखनऊ में 947.04 करोड़ की दो परियोजनाओं को मंजूरी मिली, जिनमें कुल 815 इकाइयां विकसित होंगी। इसके अलावा झांसी, आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली और फिरोजाबाद में भी विभिन्न आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिससे छोटे और मध्यम शहरों में भी नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। यूपी रेरा के अनुसार, इन परियोजनाओं से निर्माण कार्य के दौरान बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत: रिपोर्ट

**मुंबई।** पहले अमेरिकी आयात शुल्क और अब पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत बनी हुई है और उनका कर्ज का अनुपात घट रहा है। साख निर्धारक एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की साख गुणवत्ता रिपोर्ट 'क्रेडिट रेशियो' के अनुसार, साख बढ़ने और घटने का अनुपात यानी क्रेडिट रेशियो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में कम होने के बावजूद 10 साल के औसत से ऊपर बना हुआ है। दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था। इस दौरान 363 कंपनियों की रेटिंग बढ़ाई गई जबकि 188 कंपनियों की रेटिंग घटाई गई। इस मामले में 10 साल का औसत 1.55 है। साख घटने की दर सात प्रतिशत रही जो दस साल के औसत 10 प्रतिशत से कम है।

## दिल्ली-एनसीआर में बंद हो सकती हैं 462 फैक्ट्रियां!

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने की कोशिशों के बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में स्थित 462 फैक्ट्रियों को चिन्हित किया है, जो प्रदूषण की निगरानी के लिए जरूरी उपकरण लगाने में नाकाम रही हैं। इन सभी कंपनियों पर अब तालाबंदी या भारी जुर्माने जैसी सख्त कार्रवाई की तलवार लटक रही है। प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने खास श्रेणी के उद्योगों के लिए ऑनलाइन कांटीन्यूअस इमीशन मॉनीटरिंग सिस्टम (ओसीईएमएस) लगाना अनिवार्य किया है। इस सिस्टम में आधुनिक कैमरे और सेंसर लगाए जाते हैं, जो फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं और कचरे की रियल टाइम (सीधी) निगरानी करते हैं। इन उपकरणों को सीधे सीपीसीबी के सर्वर और पोर्टल से जोड़ा जाता है। इससे अधिकारियों को दफ्तर में बैठे ही पता चल जाता है कि कौन सी फैक्ट्री तय मानकों से ज्यादा प्रदूषण फैला रही है। सीपीसीबी की जांच में पाया गया कि चिन्हित की गई 462 फैक्ट्रियों ने या तो यह सिस्टम लगाया ही नहीं है, या फिर इनके उपकरण तय मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके चलते इन औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन की सटीक निगरानी संभव नहीं हो पा रही थी। सीपीसीबी ने संबंधित राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को इन इकाइयों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40



सोना 146000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो




## ट्रम्प के बयान के बाद शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रम्प के ईरान युद्ध को लेकर जारी बयान के बाद गुरुवार को दुनिया भर में शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई और घरेलू स्तर पर बीएसई का सेंसेक्स 1,500 अंक से ज्यादा लुढ़क गया।

सेंसेक्स 872.27 अंक की गिरावट में 72,262.05 अंक पर खुला और कुछ ही मिनट में लगभग 1,525 अंक टूटकर 71,608.05 अंक तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,473.37 अंक (2.01 प्रतिशत) की गिरावट में 71,660.95 अंक पर रहा। श्री ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा है कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ मिशन में अपने



मुख्य लक्ष्य हासिल कर लिए हैं, लेकिन अगले दो.तीन सप्ताह में हमले और तेज किए जाएंगे। उनके इस बयान के बाद जल्द युद्ध समाप्ति की उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों को निराशा हुई और शेयर बाजारों में बिकवाली देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 296 अंक गिरकर 22,383.40 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 460.70 अंक यानी 2.03 प्रतिशत नीचे 22,218.70 अंक पर था। शेयर बाजार में फिलहाल चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। बैंकिंग, फार्मा, स्वास्थ्य, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, धातु, मीडिया, तेल एवं गैस और रसायन समूहों पर ज्यादा दबाव है।

**तीस कंपनियां गिरावट में**

सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियां अभी गिरावट में हैं। विमान सेवा कंपनी इंडिगो और दवा बनाने वाली सनफार्मा के शेयर चार फीसदी से ज्यादा नीचे चल रहे हैं। अडानी पोर्ट्स, एलएंडटी, इटरनल और टाट स्टील के शेयर तीन से चार प्रतिशत फिसल चुके हैं।

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका इजरायल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,346 रुपए घटकर 1.46 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले बुधवार को यह 1.51 लाख पर था। एक किलो चांदी भी 15,176 रुपए घटकर 2.25 लाख रुपए रह गई, जो 25 मार्च को 2. 40 लाख रुपए पर थी। अमे. रिका-ईरान जंग के कारण सोना 34 दिन में 13,590 और चांदी 42,040 सस्ती हुई है। रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 1,48,380 रुपये चल रही है। कानपुर और लखनऊ सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोना 1,49,650 रुपये में मिल रहा है।

## चावल, गेहूं, चीनी व दालों के भाव में रही गिरावट, खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 47 रुपये घटकर 3,819 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,789 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही रही। दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल की कीमत 51 रुपये और मूंग दाल की 40 रुपये गिर गई। तुअर दाल 36 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 25 रिंगिट चढ़कर 4,794 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 84 रुपये और सोया तेल की 47 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

मूंगफली तेल 125 रुपये और वनस्पति 93 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 59 रुपये और सूरजमुखी तेल की 53 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7668.78 रुपये, मसूर काली 8073.16 रुपये, मूंग दाल 10121.92 रुपये, उड़द दाल 10747.45 रुपये, तुअर दाल 11219.48 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2788.53 रुपये और चावल 3818.68 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3275.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4300.91 रुपये और गुड़ 4964. 60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17789.85 रुपये, मूंगफली तेल 18695.62 रुपये, सूरजमुखी तेल 17266.75 रुपये, सोया तेल 14604.85 रुपये, पाम ऑयल 13231.22 रुपये और वनस्पति 14639.70 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मंत्री की गैरमौजूदगी पर सख्त हुए लोस अध्यक्ष ओम बिरला

### लोकसभा स्पीकर ने कहा-दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन में कुछ सदस्यों के देर तक बातचीत करने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने एक मंत्री के विभाग से संबंधित प्रश्न पूछे जाने के दौरान सदन में मौजूद नहीं होने पर गुस्सा जाहिर किया।

प्रश्नकाल के दौरान एक सप्लीमेंट्री क्वेश्चन पूछा जाना था। यह सवाल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय (एमएसएमई) से जुड़ा था, लेकिन उस समय केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सदन में मौजूद नहीं थे। उनके राज्य मंत्री भी अनुपस्थित थे। जिसपर सदन अध्यक्ष ने उन्हें फटकार लगाई।

इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से कहा कि वे इस मामले को ध्यान में लें और आगे से ऐसा न हो, यह सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने पूछा कि एमएसएमई के राज्य मंत्री कौन हैं? राज्य मंत्री के भी अनुपस्थित रहने का संज्ञान लेने के बाद बिरला ने संसदीय कार्य मंत्री से इस मामले को ध्यान में रखने को कहा।

उन्होंने कहा कि दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए। शून्यकाल शुरू होने पर अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने कई सदस्यों और मंत्रियों को खड़े होकर लंबी बातचीत करते देखा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ जरूरत होने पर ही एक-दो मिनट बात कर सकते हैं। लंबी बातचीत नहीं करनी चाहिए। बिरला ने चेतावनी दी कि आगे से वह ऐसा करने वालों के नाम लिए जाएंगे। इससे पहले प्रश्नकाल में अध्यक्ष ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को टोका।

उन्होंने कहा कि पप्पू यादव आसन (स्पीकर की तरफ) की तरफ पीठ करके कई मिनट से दूसरे सदस्य से बात कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि आप तो वरिष्ठ सदस्य हैं, ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि सदन की मर्यादा बनाकर रखना सबकी जिम्मेदारी है। सभी सदस्यों और मंत्रियों को इसका पालन करना चाहिए।

## आप ने राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया

**नई दिल्ली।** राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा उपनेता के पद से हटा दिया। उनकी जगह पार्टी ने अशोक मित्तल को इस पद की जिम्मेदारी दी है। पार्टी के इस फैसले पर संजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। जब मीडिया ने संजय सिंह से इसको लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि जो भी बताना था वो राज्यसभा सचिवालय बता दिया है। राज्यसभा सचिवालय को पार्टी का जो फैसला था उससे अवगत करा दिया गया है।

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को लिखे पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि राघव चड्ढा को संसद में बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए। इसके साथ ही आप ने राज्यसभा सचिवालय से आग्रह किया है कि सांसद राघव चड्ढा की जगह सांसद अशोक कुमार मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया जाए। अशोक कुमार मित्तल ने इस बदलाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी में बदलाव एक निरंतर प्रक्रिया है। पहले एनडी गुप्ता उपनेता थे, फिर राघव जी ने पदभार संभाला और अब मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। कल किसी और को यह मौका मिल सकता है। पार्टी चाहती है कि हर सांसद और नेता अलग-अलग भूमिकाओं से सीखे और अनुभव प्राप्त करे। राघव चड्ढा के पार्टी छोड़ने की अटकलें को मित्तल ने अफवाह करार दिया है। राघव चड्ढा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि वो आम आदमी पार्टी का साथ छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। पंजाब में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। कथित शराब घोटाले में आप के कई बड़े नेताओं के रिहा होने के बाद राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई थी। इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि चड्ढा आम आदमी पार्टी से नाराज हैं।

## सरकारी मदरसों में मिड-डे मील योजना की जांच की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सहायता प्राप्त मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच के आदेश के बाद इसकी कवायद तेज हो गई है। यह जांच प्रदेश के सभी 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसों में कराई जाएगी।

मिड-डे मील प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी द्वारा 23 मार्च को जारी पत्र के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी शिकायतों की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस पत्र के साथ 30 जनवरी को यूपी ऑल इंडिया पसमान्दा मंच की ओर से दी गई शिकायत भी संलग्न की गई है, जिसमें विभिन्न जिलों के मदरसों में

■ यूपी में 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसे

भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आदेश की पुष्टि करते हुए कहा कि सरकार को शिकायतें मिली हैं कि मदरसों में छात्रों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि मदरसों के बच्चों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो और उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन भी मिले। मंत्री ने कहा कि यदि मिड-डे मील योजना में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार पाया जाता है, तो यह सरकार की मंशा के विपरीत है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बलरामपुर के तीन सहायता प्राप्त मदरसों-मदरसा आयशा सिद्दीका, मदरसा दारुल उलूम फारूकिया और मदरसा फजले रहमानिया-में लगभग 8 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। इस संबंध में 26 नवम्बर 2025 को कोतवाली नगर थाने में 44 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिनमें से 12 की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। मामले के सामने आने के बाद तीनों मदरसों के प्राचार्यों को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा, बाराबंकी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा जुलाई 2025 में कुछ मदरसों में मिड-डे मील योजना के क्रियान्वयन न होने पर नोटिस भी जारी किया गया था। प्रदेश में कुल लगभग 25,000 मदरसे हैं, जिनमें से 558 को सरकार से अनुदान प्राप्त होता है।

# ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार, 2 करोड़ की हेरोइन बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने एक ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से कुल 405 ग्राम (व्यावसायिक मात्रा) बेहतरीन क्वालिटी की हेरोइन बरामद की है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने बताया कि ऑपरेशन कवच 13.0ष के दौरान, 29 मार्च की रात को, एंटी-नारकोटिक्स सेल को एक गुप्त सूचना मिली कि अवैध ड्रग्स की सप्लाई में शामिल एक व्यक्ति अवैध ड्रग्स की सप्लाई करने के लिए कश्मीरी गेट इलाके में आएगा।इस सूचना के मिलते ही एसीपी ऑपरेशन विशेष धत्तावाल की देखरेख में इंस्पेक्टर संजय कुमार (प्रभारी, एंटी-नारकोटिक्स सेल) के नेतृत्व में टीम ने आईएसबीटी कश्म. ीरी गेट के सामने, पब्लिक टॉयलेट के पास अपना जाल बिछाकर मुखबिर की निशानदेही पर एक मारुति स्विफ्ट कार को रोका। पुलिस टीम को देखते ही, ड्राइवर मौके से भागने की को. शिश करने लगा, जिसे टीम ने पकड़ लिया। पुलिस द्वारा उसकी पहचान चिराग (24) के रूप में हुई।तलाशी के दौरान, आरोपी चिराग के पास से कुल 405 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके अलावा अवैध ड्रग्स की ढुलाई के लिए इस्तेमाल की गई कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी चिराग ने बताया कि उसने रघुबीर नगर में श्याम नाम के एक व्यक्ति से अवैध नशीले पदार्थों का स्टॉक खरीदा था और उसे यह स्टॉक आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास किसी व्यक्ति को पहुँचाना था।

अवैध नशीले पदार्थों को ले जाने के लिए, उसने अपने एक परिचित से एक कार ली थी।उसने यह भी बताया कि पहले वह पुरानी (सेकंड हैंड) कारों की खरीद-बिक्री का काम करता था। लगभग 3-4 महीने पहले उसने वह काम छोड़ दिया था और उसके बाद उसे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, इसलिए वह अवैध नशीले पदार्थों की सप्लाई के धंधे में शामिल हो गया।

## मोबाइल फोन पर लड़कियां दिखाई,पसंद नहीं आई तो किडनैप कर लूटा,पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एस्कॉर्ट सेवाएँ प्रदान करने के बहाने भोले-भाले लोगों को ठगने और लूटने का काम करने वाले और अमर कॉलोनी में किडनैप करके लूट की वारदात में मुख्य आरोपी विनोद उर्फ नन्हे को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के बाकी नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल एक अगस्त को अमर कॉलोनी में रहने वाले आशीष ने पुलिस को बताया कि जब वह अपना मोबाइल फोन ब्राउज कर रहा था, तो उसे एस्कॉर्ट सेवाओं की पेशकश करने वाला एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में एक मोबाइल नंबर भी दिया गया था। उस नंबर पर संपर्क करने पर, उसे कई तस्वीरें प्राप्त हुईं। डेढ़ घंटे बाद, यानी साढ़े 12 बजे, हरियाणा नंबर की एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार उसके घर के बाहर आई। कार में दो लड़कियां और तीन लडके सवार थे। हालाँकि, तस्वीर में दिखाई देने वाली लडकी कार में मौजूद नहीं थी। जिसके कारण उसने उनको मना कर दिया। अचानक तीनों लडकों ने उसको जबरदस्ती कार में धकेल दिया और उसे किसी अज्ञात स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ शारीरिक मारपीट की और उसे पीटा। उसके फोन का पासवर्ड पूछने के बाद 38 हजार रुपये ऑनलाइन दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिये। जबकि तीन हजार रुपये उसके पास से जबरन निकाल लिये। मंगलवार को अपराध शाखा में तैनात सब इंस्पेक्टर लायक अली को आरोपी विनोद के न्यू अशोक नगर इलाके में होने की जानकारी मिली। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर कश्मीरी लाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह एक ऐसे गिरोह का सदस्य है जिसमें युवा लड़कियाँ शामिल हैं।

# दिल्ली सरकार ने जिलों में एसपीसीए समितियां बनाने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में पशु कल्याण व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। सभी 13 राजस्व जिलों में सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) का गठन करने का निर्णय लिया है, जिसकी कमान अब संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के हाथ में होगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि राजस्व जिलों के हालिया पुनर्गठन के बाद यह कदम उठाया गया है ताकि पशु संरक्षण से जुड़े कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन जिला स्तर पर सुनिश्चित किया जा सके। ये सभी एसपीसीए समितियां पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कार्य करेंगी और इनमें पशु कल्याण के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों व अन्य सदस्यों को शामिल किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में काम करने वाली ये समितियां पशुओं के प्रति क्रूरता के मामलों में तेजी से कार्रवाई, बेहतर निगरानी और समन्वय सुनिश्चित करेंगी, जिससे जमीनी स्तर पर व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर गठित एनिमल वेलफेयर बोर्ड इस पूरी व्यवस्था का शीर्ष निकाय होगा।

यह बोर्ड कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगा और जिला स्तर पर कार्यरत एसपीसीए को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, जिससे उनकी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब अलग से संचालित दिल्ली सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (डीएसपीसीए) को बंद कर दिया जाएगा। इस कदम से व्यवस्था अधिक स्पष्ट, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनेगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार पशुओं के संरक्षण और कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य स्तरीय एनिमल वेलफेयर बोर्ड और जिला एसपीसीए का यह संयुक्त ढांचा न केवल संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि राजधानी में पशु कल्याण के परिणामों में भी ठोस सुधार सुनिश्चित करेगा। पशुओं का संरक्षण एक संवे. दनशील और जिम्मेदार समाज की पहचान है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये कदम दिल्ली को अधिक मानवीय और उत्तरदायी समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# उपराज्यपाल ने किया ट्रैफिक मुख्यालय टोडापुर का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने ट्रैफिक मुख्यालय, टोडापुर का दौरा किया। उनका स्वागत दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक मैनेजमेंट डिवीजन) नीरज ठाकुर और ट्रैफिक यूनिट के अन्य अधिकारियों ने किया।

औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर- के बाद, उपराज्यपाल ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस से जुड़े सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रहरियों को सम्मानित किया। इस दौरान उपराज्यपाल ने मार्च 2025 से फरवरी 2026 की अवधि के लिए नागरिकों को पुरस्कृत किया। श्ट्रैफिक प्रहरी ऐपश का उपयोग करके प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए ऐसे 21 व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया।इसके अतिरिक्त, महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए 38 नई स्कूटी के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इन स्कूटी का उद्देश्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में ट्रैफिक जाम हटाने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाना और सड़कों पर प्रभावी उपस्थिति के माध्यम से आत्मविश्वास का संचार करना है। यह पहल महिला अधिकारियों को उनके दैनिक कर्तव्यों में बहुत सहायता प्रदान करेगी, उनकी परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करेगी और फील्ड ड्यूटी में उनकी अधिक भागीदारी को बढ़ावा देगी।सड़क पर उत्पन्न होने वाले संकटों के प्रबंधन में ट्रैफिक कर्मियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, दो नए खरीदे गए 'आपदा प्रतिक्रिया वाहन' भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए। ये वाहन स्टील कटर, ट्री कटर, फ्लोटिंग वॉटर पंप, जनरेटर, टावर लाइट आदि जैसी क्षमताओं और उपकरणों से सुसज्जित हैं। इस दौरान उपराज्यपाल को ट्रैफिक यूनिट के समग्र कामकाज के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें यातायात विनियमन और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई से जुड़े पहलू शामिल थे। उन्होंने ट्रैफिक मुख्यालय में 'प्रवर्तन इकाइ' और 'जन इंटरफेस इकाई' का भी निरीक्षण किया।



**उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू का ट्रैफिक मुख्यालय में ट्रैफिक पुलिस से जुड़े सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रहरियों को सम्मानित करते हुए।**

## एक नजर

### स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने दिया डॉ. विंदेश्वर पाठक स्मृति व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहला डॉ. विंदेश्वर पाठक स्मृति व्याख्यान जाने-माने आध्यात्मिक गुरु और विद्वान, पूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने दिया। उन्होंने महान समाज सुधारक और सुलभ स्वच्छता आंदोलन के संस्थापक, डॉ. विंदेश्वर पाठक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मानवता के लिए डॉ. पाठक के असाधारण योगदान को याद करते हुए, स्वामीजी ने उन्हें एक सच्चा संत और दूरदर्शी व्यक्ति बताया, जिन्होंने लाखों लोगों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने स्वच्छ भारत, छुआछूत उन्मूलन और वंचित समुदायों के उत्थान के प्रति डॉ. पाठक की अटूट प्रतिबद्धता को याद किया। स्वामीजी ने इस बात पर जोर दिया कि डॉ. पाठक का काम केवल स्वच्छता तक ही सीमित नहीं था ख्र यह मानवीय गरिमा, समानता और सामाजिक परिवर्तन के लिए एक आंदोलन था। सुलभ इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट श्री कुमार दिलीप ने कहा कि यह पहला स्मृति व्याख्यान केवल एक यादगारी कार्यक्रम नहीं था, बल्कि डॉ. पाठक के अधूरे मिशन को आगे बढ़ाने का एक सामूहिक संकल्प था।

### सैफ अली खान बने ब्रांड एम्बेस्डर

**नई दिल्ली।** डॉलर लहर इस गर्मी के मौसम में एक नए अभियान के साथ उत्साह बढ़ा रहा है, ब्रांड एक हाईवे ढाबे की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिलचस्प कहानी लेकर आया है। इस अभियान के माध्यम से डॉलर लहर खुद को एक भरोसेमंद श्डेली एसेंशियलश (रोजमर्रा की जरूरत) के रूप में मजबूती से स्थापित करता है, जिसे एक मनोरंजक और यादगार कहानी के जरिए पेश किया गया है। ब्रांड अभियान और इसके ब्रांड एंबेसडर के बारे में डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, विनोद कुमार गुप्ता ने कहा, ष्सैफ अली खान के साथ हमारे जुड़ाव ने ब्रांड को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी हाजिर जवाबी और साख पुरुष दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और यही जुड़ाव हमारे व्यापार की बढ़त में तब्दील हुआ है।

### तकनीक की बदौलत युवा शेफ की किचन में हुई वापसी

**नई दिल्ली।** फोर्टिस हॉस्पीटल, मानेसर ने 30-वर्षीय शेफ को दोबारा अपने प्रोफेशन में आत्मविश्वास के साथ वापसी करने का उपहार दिया है। इस शेफ की अपने वर्कप्लेस पर हुई दुर्घटना के बाद तर्जनी और मध्यमा उंगलियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर बेकार हो गई थीं। डॉ राहुल जैन, कंसल्टेंट -प्लास्टिक सर्जरी के नेतृत्व में, सर्जिकल टीम ने एडवांस ओसियोइंटीग्रेशन-आधारित प्रोस्थेटिक रीकंस्ट्रक्शन को कुशलतापूर्वक अंजाम देकर मरीज को नए सिरे से आत्मविश्वास और कामकाज के लायक बनाकर दोबारा अपने वर्कप्लेस पर वापसी करने में समर्थ बनाया है। 30-वर्षीय आकाश (नाम बदला हुआ) गुरुग्राम में एक लोकल होटल में काम करते थे और वहीं की किचन में हुए हादसे के चलते उनकी तर्जनी और मध्यमा उंगली को काटना पड़ा था। इस हादसे ने उनसे केवल उनकी उंगलियां ही नहीं छिनीं ख्र बल्कि उनकी पहचान, आजीविका और आत्मविश्वास पर भी प्रश्नचिह्न लगाया। इस प्रक्रिया और रीहेबिलिटेशन के बाद, आकाश एक बार फिर अपने हाथ से काम करने लायक हो गए हैं और आत्मनिर्भर हो गए हैं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण परिणाम यह हुआ कि वह अपने किचन में लौटने लायक हुए हैं, और अपने उसी प्रोफेशन में वापसी की है जो उन्हें बेहद पसंद है।

### आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन

**नई दिल्ली।** पश्चिमी ज्योति नगर मे आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया था जिसमे रोजाना सैकड़ो लोगों ने रोजाना पहुंचकर कथा का आंनद लिया स इस कथा का आयोजन प्रेम कुंज, जे 1/3 मे किया गया था स कथा



प्रवर्चन दयालु जी महाराज के द्वारा किया गया था स श्री भागवत कथा मे श्री शुकदेव जन्म के बारे मे बताया गया कि महर्षि वेदव्यास और उनकी पत्नी आरुणी (वाटिका) के पुत्र थे और 12 वर्ष तक माता के गर्भ में रहे। इस आयोजन मे स्वाति मित्तल एवं मनीष मित्तल, कांता गुप्ता एवं रामनिवास गुप्ता,अंजू अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल, अलका गुप्ता, विपिन गुप्ता, कुसुम लता, दिनेश मित्तल, रजनी,विपिन मित्तल, रश्मि, सतीश मित्तल, मिथिलेश, दीपक मित्तल, नीतू, अरविंद मित्तल, कासव मित्तल कुशाग्र, लक्ष्य का सहयोग रहा।

## केजरीवाल को सचदेवा ने कमजोर नेता बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व का यह अधिकार है कि वह अपने संसदीय दल का नेता नियुक्त करे, लेकिन जिस तरह सांसद राघव चड्ढा को न केवल राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाया गया है, बल्कि पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय से यह भी अनुरोध किया है कि उन्हें सदन में बोलने का समय न दिया जाए, उससे स्पष्ट है कि राघव चड्ढा ने अरविंद केजरीवाल के अराजक और भ्रष्ट नेतृत्व से दूरी बना ली है।

पहले स्वाति मालीवाल और अब राघव चड्ढा, जो आम आदमी पार्टी की नींव रहे हैं, अरविंद केजरीवाल से दूर हो गए हैं। संभव है कि कुछ अन्य लोग भी आम आदमी पार्टी के दैनिक कार्यों से दूरी बना चुके हों।

# एनडीएमसी 4 को लगाएगी सुविधा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपा. लिका परिषद (एनडीएमसी) अपना आने वाला सुविधा कैंप शनिवार, 04 अप्रैल को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड (पालिका केंद्र के पास), नई दिल्ली में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लगाएगी। यह पहल पालिका परिषद के लगातार नागरिक आउटरीच प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है, जिसका मकसद नागरिकों से सीधा जुड़ाव मजबूत करना, सेवाएं प्रदान करने में सुधार करना और शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करना है। पालि. का परिषद ने सुविधा कैंप को एक सिंगल-विंडो सुविधा प्लेटफॉर्म के तौर पर डिजाइन किया गया है, जहाँ रहने वाले और स्टेकहोल्डर जानकारी ले सकते हैं, अपने आवेदन जमा कर सकते है और पालिका परिषद की एक बड़ी रेंज से जुड़ी समस्याओं को हल कर सकते हैं। निवासियों, सर्विस यूजर्स, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन, और परिषद के कर्मचारियों-चाहे वे सेवा में हों या रिटायर्डख्रको इसमें हिस्सा लेने और मौके पर मदद का फायदा उठाने के लिए बढ़ावा दिया जाता है।

इस सुविधा कैंप के दौरान, नागरिक बिजली संबंधित सेवाओं (जिसमें नए कनेक्शन, डिस्कनेक्शन, लोड बढ़ाना या घटाना, और नाम बदलना/ट्रांसफर शामिल हैं), प्रॉपर्टी टैक्स, जन्म और मृत्यु सर्टिफिकेट, कर्मचारियों की सर्विस से जुड़ी दिक्कतें, पानी - बिजली बिल जमा होना और सफाई, कचरा निपटान और सड़क की मरम्मत, पेंशन स्कीम (विधवा, बुढ़ापा और विकलांगता), साथ ही बारात घर और पब्लिक पार्क की बुकिंग, और पालिका परिषद की दूसरी सेवाओं से जुड़े मामलों पर बात कर सकेंगे।पालिका परिषद के अलग-अलग विभाग के अधिकारियों की मदद से बनाए गए हेल्पडेस्क सीधे, समय पर और अच्छी मदद देने के लिए इस सुविधा कैम्प में मौजूद रहेंगे, जिससे शिकायतों का तेजी से समाधान और प्रक्रिया स्पष्ट हो सकें।ये सुविधा कैंप हर महीने के पहले शनिवार को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में लगातार लगता है, जो पालिका परिषद के पारदर्शी, जवाबदेही और नागरिक अनुकूल समाधान की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। ऐसे फिजिकल सुविधा कैंप के अलावा, पालिका परिषद ने "जन सुविधा पोर्टल" भी शुरू किया है, जो एक डिजिटल और कॉन्टैक्टलेस शिकायत सुलझाने का प्लेटफॉर्म है। इससे नागरिक ऑनलाइन शिकायतें कर सकते हैं।

# वरिष्ठ नागरिकों की जमीन हड़पने वाले पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक पीओ को गिरफ्तार किया है।आरोपी जमीन हड़पने वाले गैंग का सदस्य है। यह गैंग वरिष्ठ नागरिकों के घरों को निशाना बनाता था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि वांछित आरोपियों को पकड़ने के लिए अपराध शाखा की टीम लगातार प्रयास कर रही है।इसी बीच 30 मार्च को अमित सागर (51) नामक एक पीओ के बारे में मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर, एसआई संजय कुमार, अंकुर,अशोक और हेड कांस्टेबल विनीत की टीम पटियाला हाउस कोर्ट पहुंची। सूचना यह थी कि आरोपी पीओ एक मामले में गवाह के तौर पर पेश होने आएगा। दोपहर लगभग 1 बजे, गुप्त मुखबिर की निशानदेही पर,आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट लॉक-अप के पास से पकड़ लिया गया।पुलिस पूछताछ करने पर, आरोपी अमित सागर ने बताया कि इस मामले में, उसने अपने सह-आरोपियों के साथ मिलकर वसंत विहार में रहने वाले 90 वर्षीय एक वरिष्ठ नागरिक के घर में जबरन प्रवेश कर उसके साथ मारपीट की थी और उसे घायल कर दिया था। आरोपी जमीन हड़पने वाले एक गैंग का सदस्य है और आरोपी संदीप भास्कर इस गैंग का सरगना है। इस घटना के पीछे का मकसद संपत्ति पर कब्जा करने के लिए घर के मालिक को धमकाना था।



**नंद नगरी स्थित पंडाल में लगी भीषण आग को बुझाते फायर ब्रिगेडियर के कर्मचारीगण।**

# नंद नगरी स्थित पंडाल में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नंद नगरी इलाके में गगन सिनेमा के पास स्थित एक पंडाल में गुरुवार की शाम करीब 6 बजे अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार, यह मन्नत पंडाल कुछ महीनो पहले एमसीडी ने सील कर दिया था यहां कोई गार्ड भी मौजूद नहीं था, गुरुवार शाम अचानक लगी आग ने देखते ही देखते पंडाल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पंडाल का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा जल कर खाक हो गया, इस अगजनी मे कोई हताहत नहीं हुआ है स सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की पांच गाड़ियों ने करीब आधा घंटे मे आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मियों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया । मौके पर मौजूद प्रतक्षदर्शियों ने बताया पंडाल मे बैठकर कुछ लोग सिगरेट पी रहे थे जिस वजह से यह आग लागी है जबकि शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि दमकल विभाग और पुलिस की टीम मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## पेमेंट के लिए ऑन किया चोरी का मोबाइल

**नई दिल्ली।** चोरी का मोबाइल ऑन करना झपटमार को भारी पड़ गया। मोबाइल की लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने शातिर झपटमार को कल्याणपुरी से धर दबोचा गया। उसके पास से लूटे गए 11 मोबाइल बरामद किए गए हैं।

डीसीपी पूर्वी जिला राजीव कुमार ने बताया कि पिछले दिनों न्यू अशोक नगर, गाजीपुर, लक्ष्मी नगर आदि इलाकों से मोबा. इल झपटमारी की शिकायतें मिली थीं। इसी कड़ी में जिला के स्पेशल स्टाफ को लगाया गया था। स्टाफ ने एक चोरी के मोबाइल की लोकेशन कल्याणपुरी ट्रेस की। इसके बाद सीसीटीवी की मदद से झपटमार को दबोच लिया गया। आरोपित की पहचान कोंडली निवासी अक्षण उर्फ अक्कू के रूप में हुई है। वह पहले भी कई झपटमारी के मामलों में शामिल रहा है। बरामद मोबाइल फोन कल्याणपुरी, न्यू अशोक नगर, गाजीपुर, लक्ष्मी नगर, शकरपुर और मधु विहार थाना क्षेत्रों से लूटे गए थे।

# हनुमान जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सदर बाजार 12 टोटी पर हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विशाल भंडारा और झांकी भी निकाल गई। श्रीराम सेना परिषद के संस्थापक डॉ आनंद कुमार ने झांकी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कई किलोमीटर तक यह झांकी निकाली गई और भगवान श्री रामचंद्र जी और मारुति नंदन की जयकारा से पूरा इलाका गूंज उठा। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश त्यागी, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. देवी सचदेवा,राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र गिहारा, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष चांदनी चौक सत्य प्रकाश आदि लोग मौजूद थे। डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि श्री राम सेना परिषद धार्मिक और सामा. जिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए स्थापित की गई है।

## व्हीलचेयर रग्बी टीम ने में रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय व्हीलचेयर रग्बी के इतिहास में 2026 का वर्ष एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। इंडोनेशिया के बाली में आयोजित श्व्हीलचेयर रग्बी एशियन रीजनल चौंपियनशिप 2026श में भारतीय टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। यह अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर इस खेल में भारत का अब तक का पहला पदक है। इस जीत की चमक इसलिए और बढ़ जाती है क्योंकि यह सफलता किसी सरकारी सहायता या स्पॉन्सरशिप के दम पर नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के अपने जुनून से मिली है। कप्तान निखिल गुप्ता के नेतृत्व में इस टीम ने असंभव को संभव कर दिखाया। टीम में अनिल कुमार, अजीत, भावेश त्रिवेदी, धवल पटेल, फैयाज शेख और गोकुलकन्नन जैसे जांबाज शामिल थे। कोच डेविड कुमार और सहायक कोच शैलजा वालिया के मार्गदर्शन में टीम ने न केवल तकनीक, बल्कि अपनी मानसिक शक्ति का भी परिचय दिया।

## डमी स्कूलों के बढ़ते ट्रेंड पर लगेगी लगाम

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने डमी स्कूलों के बढ़ते ट्रेंड पर लगाम लगाने और कोचिंग पर निर्भर होने के बजाय स्कूल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नौवीं व 10वीं के लिए बड़े पाठ्यक्रम सुधार लागू करने का फैसला किया है। नए ढांचे में तीसरी भाषा अनिवार्य करने, गणित और विज्ञान में एडवांस स्तर के विकल्प देने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व कम्प्यूटेशनल थिंकिंग को औपचारिक मूल्यांकन में शामिल करने जैसे कदम उठाए गए हैं, जिससे छात्र स्कूल में ही प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं जैसे जेईई, नीट की तैयारी कर सकें और अलग से कोचिंग की जरूरत कम हो।

# हनुमान जन्मोत्सव में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** श्री हनुमान मंदिर समिति, ई-3, गली नं.6, ब्रह्मपुरी, दिल्ली के तत्वावधान में 36 वीं भव्य शोभायात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया। शाहदरा के मक्की सराय, सुभाष नरुला चौक, रोहतास नगर,गोरख पार्क, बाबरपुर, हनुमान रोड़, मौजपुर, घौंडा, ब्रह्मपुरी मेन रोड,गली नं.10 ब्रह्मपुरी, मौनी बाबा मंदिर,एक्स ब्लाक ब्रह्मपुरी होती हुई वापिस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। समिति के प्रधान विजय शर्मा ने बताया,कि शाहदरा में यात्रा की शुरुआत ईस्टर्न रेंज के ज्वाइंट सीपी अजीत कुमार सिंगला ने श्री हनुमान बाबा का पूजन-अर्चन कर यात्रा को रवाना किया। उनके साथ डीसीपी शाहदरा आर.के.मीणा, आशीष कुमार आईपीएस, एसीपी संजीव कुमार सहित पुलिस जवानो ने यात्रा को संचालित किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# फ्यूचर आर्किटेक्ट्स को मिला आधुनिक तकनीक का अनुभव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसजीडीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन द्वारा तकनीकी सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। यह सेमिनार अग्रणी कंपनी ।सनउपस के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बी.आर्क तृतीय, चतुर्थ एवं अंतिम वर्ष के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सेमिनार में उद्योग विशेषज्ञों ने आधुनिक फसाड सिस्टम, एल्युमिनियम तकनीक और समकालीन निर्माण प्रक्रियाओं पर विस्तृत तकनीकी प्रस्तुतियाँ दीं। विशेषज्ञों ने वास्तविक परियोजनाओं के उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को भवन आवरण की डिजाइन, सामग्री एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख विशेषज्ञों में आर्किटेक्ट नीरज शर्मा, अतिन यादव, मान्शी एवं विपुल कुमार शामिल रहे। सेमिनार के दौरान एक विशेष प्रोडक्ट डिस्प्ले कॉर्नर भी स्थापित किया गया, जहां छात्रों ने विभिन्न एलुमि. नियम सिस्टम्स और कैटलॉग्स को देखा और समझा। अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने सवालों के उत्तर प्राप्त किए। इस अवसर पर एसएपीडी की निदेशक आर्किटेक्ट अंजली कवात्रा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को उद्योग से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके व्यावसायिक ज्ञान को सुदृढ़ करते हैं। यह सेमिनार छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ और उनके शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने में सहायक रहा।

# धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती किया गया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री बालाजी धाम तपोभूमि बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया बम्हेटा में हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम और बाबा को प्रसाद व चोला चढ़ाकर मनाई गई। इस दौरान मंदिर महंत जगदीश गुरूजी द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुन्ना यादव, अजय यादव, बबलू यादव, समर सिंह यादव, एडवोकेट अजीत नागर, शम्मी यादव, विजय यादव, दया गोस्वामी, भाजपा नेता विजय यादव, युवराज गोस्वामी, सचिन यादव, सचदेव यादव, मोतीलाल जी, सुशील कुमार, बबलू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गिन्नी देवी कॉलेज में वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में आज वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई सम्मानित अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथियों में 'प्रोफेसर अल्का तिवारी, ''डॉ. अरुणिता चौहान (इंटरनेशनल प्रेसिडेंट, अयोध्या एवं वूमेन हैरेसमेंट सेल, आर्मी हेडक्वार्टर), ''डॉ. अरुणा शर्मा, ''शंकरिबाला जी (चेयरमैन, संयुक्त टुगेदर)' तथा 'काजल नेहरा मिश्रा (डायरेक्टर, ग्लीमनरी प्राइवेट लिमिटेड)' प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

इस सफल आयोजन के पीछे कॉलेज की प्रिंसिपल 'प्रोफेसर पूनम शर्मा' का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम को अत्यंत सुव्यवस्थित एवं सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान 'इंटरनेशनल वूमेन्स डे सेलिब्रेशन' भी मनाया गया, जिसमें महिलाओं को प्रिंसिपल द्वारा बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने 'सिंगिंग, सोलो परफॉर्मेंस, डांस परफॉर्मेंस' एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा 'ट्रेडिशनल रैम्प वॉक (कैटवॉक)', जिसमें छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की।

रैम्प वॉक में 'निशा सैफी' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 'किंजल' द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को 'सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी' प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसमें 'शिवानी शर्मा' एवं 'महक बंसल' का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा।

अंत में अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन कॉलेज की प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ!

## हाउस टैक्स वृद्धि पर घमासान

# संघर्ष समिति ने कैबिनेट मंत्री से की सीधी बातचीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हाउस टैक्स में प्रस्तावित बढ़ोतरी को लेकर जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में गृह कर पीड़ित संघर्ष समिति, गाजियाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सांसद अतुल गर्ग की अनुपस्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान समिति ने हाउस टैक्स में की गई बेतहाशा वृद्धि के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए नगर निगम गाजियाबाद की कार्यप्रणाली पर कड़ा विरोध जताया। प्रतिनिधियों का कहना था कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता को लगातार आश्वासन तो दिए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा, जिससे आम नागरिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट मांग रखी कि नगर निगम और जनप्रतिनिधि इस विषय पर अपना रुख साफ करें कि हाउस टैक्स बढ़ाया जाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान अनिश्चितता की स्थिति जनता को भ्रमित कर रही है, जिसे तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने समिति की सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे पर उच्च स्तर पर विचार कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, समिति ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कोई स्पष्ट और जनहितक. ारी निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज करते हुए व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष प्रीतमलाल, चेयरमैन साहिबाबाद विधानसभा पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल, तिलक राज अरोड़ा बालकिशन गुप्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, बालकिशन गुप्ता, विशाल गोस्वामी, अमित गोयल, संजय जैन, पंडित अशोक भारतीय, राकेश गुप्ता, संजय शर्मा महामंत्री, पीयूष कुमार, अनिल जुलिका, यतेंद्र, अखिल भटनागर, अरविंद कुमार दीक्षित अमर सक्सेना, रवि गुप्ता, इसके अतिरिक्त अनेकों व्यापार मंडल सामाजिक संगठन, एन जी ओ, सोशल वर्कर, आदि लोग सम्मिलित हुए।

## हनुमान जयंती पर जयश्री राम के उद्घोष गूंजा विजयनगर

# सनातन एकता और सामाजिक समरसता होगा कार्यक्रम का मुख्य संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विजयनगर क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। चाणक्य चौक रामलीला ग्राउंड में आयोजित श्श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं समरस भारत त्रिशूल यात्रा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के केंद्रीय ट्रस्टी व कार्यकारिणी सदस्य अजय चौहान ने बताया कि यह आयोजन समाज में समरसता और भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अजय चौहान ने कहा कि हनुमान जी शक्ति, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं। आज जरूरत है कि सनातन समाज जाति और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट हो। समरस भारत त्रिशूल यात्रा का उद्देश्य समाज को जोडना, युवाओं में राष्ट्रभक्ति जगाना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट है- सनातनी-सनातनी भाई-भाई, जातिवाद की खुली लड़ाई। समाज में विभाजन नहीं, बल्कि समरसता और सहयोग की भावना विकसित करना ही आयोजन का मूल लक्ष्य है। आयोजन समिति के अनुसार गाजियाबाद समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं और महिला मंडलों के शामिल होने की संभावना है। स्थानीय सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफल बनाया जा सके।

# आईटीएस कॉलेज में हनुमान जन्मोत्सव का गरिमामय आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस कॉलेज में पूर्व वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में इस भंडारे का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। भंडारे का शुभारम्भ वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा स्वयं अपने कर-कमलों से प्रसाद वितरण कर किया गया। सम्पूर्ण आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। भंडारे का आयोजन संस्थान के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर किया गया।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने जीती एनबीए नेशनल चैम्पियनशिप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने दिल्ली में आयोजित इंटर-स्कूल 3०3 Jr- NBA नेशनल चौम्पियनशिप में शानदार जीत दर्ज करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह जीत स्कूल के लिए गर्व का क्षण है और खेल के क्षेत्र में विद्यालय की निरंतर प्रगति को दर्शाती है। छँ की टीम ने जोनल राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेशनल चौम्पियनशिप में अपनी जगह बनाई। देशभर की लगभग 2,500 स्कूल टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन टीमवर्क का प्रदर्शन किया। यह चैम्पियनशिप भारत में स्कूल स्तर की सबसे प्रतिष्ठित बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है और इसे वैश्विक स्तर पर भी बढ़ती पहचान मिल रही है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, कोचिंग स्टाफ के मार्गदर्शन और विद्यालय समुदाय के निरंतर सहयोग का परिणाम है। खिलाड़ियों ने कोर्ट पर उत्कृष्ट तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। इस उपलब्धि को और गौरवपूर्ण बनाते हुए जतिन शर्मा को उनके शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता के लिए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। उनके प्रदर्शन ने टीम को खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक और गर्व के क्षण में वंश शर्मा को उनके उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर दिल्ली ऑल-स्टार टीम में चयनित किया गया। उन्होंने आगे बढ़ते हुए ऑल-स्टार चैम्पियनशिप भी जीती और टॉप स्कोरर के रूप में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गरमाया: असलम कुरैशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद असलम कुरैशी ने कहा कि नोएडा में आयोजित समाजवादी पार्टी की भाईचारा रैली ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गरमा दिया है। रैली में उमड़ी भारी भीड़ और कार्यकर्ताओं का जोश यह संकेत दे रहा है कि पार्टी ने चुनावी तैयारियों की मजबूत शुरूआत कर दी है। रैली में सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पहुंचते ही माहौल उत्साह से भर गया।

बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी कर पार्टी के प्रति अपना समर्थन जताया। भाईचारा और सामाजिक एकता के संदेश के साथ आयोजित इस रैली ने विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का काम किया। सपा वरिष्ठ नेता भाईचारा और सामाजिक एकता के संदेश के साथ आयोजित इस रैली ने विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का काम किया।

सोशल मीडिया पर एक ही नाम चर्चा पर तमन्ना डबास ने कहा कि रैली में अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव

चाहती है और आने वाला समय समा. जवादी पार्टी का होगा। तमन्ना डबास ने कहा की इस रैली ने पार्टी कार्यकताओं में नई ऊर्जा भरने का काम किया है। साथ ही, यह रैली 2027 के चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। रैली में दिखी भीड़ और समर्थन को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि समा. जवादी पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करने के संकेत दे दिए हैं। मोहम्मद असलम कुरैशी ने बताया गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का संद. ेश भी दिया गया।

गाजियाबाद जिला एवं मुरादनगर विधानसभा में सोशल मीडिया पर एक ही नाम चर्चा पर तमन्ना डबास चौधरी संभावित प्रत्याशी मुरादनगर विधानसभा एवं मोहम्मद असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी गाजियाबाद का प्रचार करने का तरीका एवं बहुत ही चर्चित हैं उनके नए तरीके के बनाए गए बैनर अखिलेश यादव की रैली को लेकर 29 मार्च दादरी चलो नए तरीके के बैनर पूरे गाजियाबाद जिले में एवं विधानसभा मुरादनगर में लगाए गए जिनका बहुत है चर्चा सोशल मीडिया में बहुत ज्यादा चर्चित हैं नए तरीके का चुनाव प्रचार इस मौके पर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती के पावन दिवस पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**


साहिबाबाद। हनुमान जयंती के पावन दिवस पर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने परिवार सहित साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट-4 स्थित दुर्गा मंदिर पर हवन-पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर सचिन चौधरी सचिव, महानगर महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा संदीप चौधरी, रोहित आहूजा, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भगवान हनुमान जयंती पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़





चोपला मंदिर की सजावट बनी भक्तों के आकर्षण का केंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भगवान श्री हनुमान के जन्म उत्सव पर शहर भर में मंदिरों को सजाया गया। और भक्तों ने भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया पूरे महानगर के हनुमान मंदिरों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही इस दौरान कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। चोपला मंदिर स्थित हनुमान मंदिर की सजावट ने बजरंगबली के भक्तों को आकर्षित किया मंदिर की भव्यता ने सबका मन मोह लिया स्थानीय पार्षद पंडित राजीव शर्मा के नेतृत्व में पूरे मंदिर प्रांगण को फूलमालाओं व विशेष गुलदस्तों से ऐसे सजाया गया। इस सजावट को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे भगवान हनुमान जी यहां पर साक्षात दर्शन के लिए अवतरित हुए हो। पंडित राजीव शर्मा की हनुमान भक्ति को देखकर लोगों ने उनकी सराहना की। वैसे भी पंडित राजीव शर्मा धार्मिक भावनाओं के लिए प्रसिद्ध है उत्तराखंड से लेकर गाजियाबाद तक उन्होंने कई मंदिरों को ऐसे सजाया है कि लोगों ने उनकी खुलकर तारीफ की है। सजावट के लिए दूर दराज से चुनिंदा लोगों को बुलाया गया था जिन्होंने अपनी विशेष कारीगरी से मंदिर के दर्शनों को भव्य बना दिया। वैसे तो सभी मंदिरों को सजाया गया था लेकिन चोपला मंदिर स्थित हनुमान मंदिर की सुंदरता व सजावट को देखने के लिए पूरे शहर के हनुमान भक्तों का वहां पर जमावड़ा लगा रहा।

## नाम शुद्धिकरण

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश उसका नाम मायरा सैफी दर्ज है उसका सही नाम हानिया खान है इसलिए मेरी पुत्री को उसके वास्तविक नाम हानिया खान से जाना व पहचाना जाए।

**इमरान खान निवासी सादिकपुर उर्फ उर्फ काजीपुरा डासना गाजियाबाद।**

## नाम शुद्धिकरण

हमारी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि वश उसका नाम कुमारी सना दर्ज है, जबकि उसका वास्तविक नाम सना है इसलिए मेरी पुत्री को उसके सही नाम सना के साथ जाना व पहचाना जाए।

**रिजवान मलिक व फराना बेगम निवासी मुरादनगर तहसील मोदीनगर गाजियाबाद।**

## सम्बन्ध - विच्छेद

मैं अफजाल पुत्र उमर मौ. निवासी- म.नं- 461, ऐ, निशांत कालोनी पावी सादकपुर लोनी देहात थाना- ट्रोनिका सिटी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्रों सैफ अली व विपिन गिल को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (जू0 डि0), जनपद-गाजियाबाद**

**विविध वाद सं0 13 सन् 2026**

**(कम्प्यूटर रजि0 सं0-63 सन् 2026)**

पार्थ गर्ग पुत्र स्व० लोकेश कुमार साह आयु 21 वर्ष निवासी डी-2/ एस 2 भारत अपार्टमेन्ट नियर रघुनाथ टेम्पल चन्दर नगर तहसील व जिला गाजियाबाद। आधार नं०- 6672 4820 5973

...प्रार्थी/वादी

**बनाम**

मोना गर्ग पुत्री एल सी गर्ग तलाकशुदा पत्नी स्व० लोकेश कुमार साह निवासी एल सी गर्ग बी-145 सैक्टर-15, गौतम बुद्ध नगर।

...विपक्षी/प्रतिवादी

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमानजी, पार्थ गर्ग वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनरा. शि करीब 4,90,000/-रुपये लगभग स्व० लोकेश कुमार साह, अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया कि वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 03-04-2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 19-03-2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया।

मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। प्रार्थना पत्र 4 ग के अनुसार धनराशि करीब 4,90,000/- रुपये है।

**आदेशानुसार**

**मुंसरिम**

**सिविल जज (जू0डि0), गाजियाबाद।**

# हिस्ट्री-शीटर चाकूबाज को पकड़ा, चोरी के मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया (पीआईए) थाने के स्टाफ ने एक हिस्ट्री-शीटर घ्चाकूबाज बीसी को पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से अवैध बटन वाला चाकू और चोरी का मोबाइल बरामद किया है।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि सड़क पर होने वाले अपराधों और हथियारों पर रोक लगाने के चल रहे प्रयासों के मद्देनजर पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया (पीआईए) थाने के स्टाफ को निर्देश दिया गया था कि वे निगरानी बढ़ाएँ और संवेदनशील इलाकों में सक्रिय गश्त करें। इसी के तहत, एसीपी मधु विहार तिलक चंद्र बिष्ट की देखरेख में एसएचओ पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया के नेतृत्व मे एक विशेष पुलिस टीम तैनात की गई थी।

इसी बीच 31 मार्च को, दोपहर लगभग 01:50 बजे, हेड कांस्टेबल सचिन और कांस्टेबल.संदीप आईएसएसबीट रोड नंबर 56, आनंद विहार, में 'अपोजिट आउट गेट' के पास नियमित गश्त पर थे। गश्त के दौरान, उन्होंने एक लड़के को संदिग्ध तरीके से घूमते हुए देखा। पुलिस की मौजूदगी देखते ही वह घबरा गया और गाजीपुर की ओर भागने की कोशिश करने लगा। संदिग्ध आचरण भांपते हुए, पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और थोड़ी दूर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया। उसकी सरसरी तलाशी लेने पर, उसके पास से एक अवैध बटन वाला चाकू और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। लगातार पूछताछ करने पर, आरोपी ने अपनी पहचान दीपक / हकलाना (28) के रूप में बताई।

## ट्रक में सीएनजी भरते हुए सिलेंडर फटा, चार झुलसे

**नई दिल्ली।** द्वारका नजफगढ़-मित्राओं रोड पर सीएनजी पंप पर एक ट्रक में सीएनजी भरते समय उसके एक सिलेंडर के फटने से चार लोग चपेट में आ गए। जिसमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राव तुला राम मार्ग अस्पताल से सूचना मिली थी कि नजफगढ़-मित्राओं रोड पर स्थित सीएनजी पंप पर, ट्रक के सीएनजी सिलेंडर में हुए धमाके में घायल हुए 4 लोगों को अस्पताल लाया गया है।

## स्कूलों की मानमानी पर लगाम ... निजी स्कूल नहीं कर सकते तय दुकान से यूनिफार्म व कोर्स खरीदने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए शिक्षा निदेशालय ने सख्ती दिखाई है। निदेशालय ने दिशानिर्देश जारी कर कहा कि कोई भी निजी स्कूल विद्यार्थियों या अभिभावकों को किसी एक तय दुकान या वेंडर से किताबें, कापियां, यूनिफार्म या अन्य सामग्री खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। शिक्षा निदेशालय ने पाया कि कई स्कूल विद्यार्थियों और अभिभावकों पर दबाव बनाकर तय दुकानों से महंगे दामों पर सामान खरीदने के लिए मजबूर कर रहे थे, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा था। इसी को रोकने के लिए यह आदेश लागू किया गया है।

निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक अब सभी स्कूलों को कक्षा-वार किताबों और यूनिफार्म की पूरी सूची स्कूल परिसर और वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी होगी। साथ ही कम से कम पांच दुकानों, वेंडर्स के नाम, पते और फोन नंबर भी बताने होंगे, जहां से ये सामान उपलब्ध हो सके। हालांकि, अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी दुकान से खरीदारी करने के लिए स्वतंत्र होंगे। निदेशालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्कूल निर्धारित यूनिफार्म के रंग, डिजाइन या अन्य विशेषताओं में कम से कम तीन वर्ष तक बदलाव नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा अतिरिक्त किताबें या गाइड खरीदने का दबाव डालना भी पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। अभिभावकों की शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 9818154069 और ईमेल की सुविधा भी दी गई है।

## ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से अश्लील गाना हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने रैपर्स हनी सिंह और बादशाह से जुड़े एक अश्लील और अपमानजनक गाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे सभी ऑनलाइन प्लेटफार्म से हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि यह गीत सभ्यता के न्यूनतम मानकों की भी अनदेखी करता है और महिलाओं के प्रति बेहद आपत्ति. जनक है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस गाने को सुनकर अदालत की अंतरात्मा झकझोर दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे गीतों का प्रसार, खासकर उन प्लेटफार्म्स पर जहां नाबालिगों की पहुंच है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या कलात्मक आजादी के नाम पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि गीत के बोल न केवल महिलाओं के प्रति अपमानजनक और अशोभनीय हैं, बल्कि उन्हें वस्तु की तरह प्रस्तुत करते हैं।

# आप ने राघव चड्ढा को डिप्टी लीडर पद से हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने सांसद राघव चड्ढा को डिप्टी लीडर पद से हटा दिया है। पार्टी ने राज्य सभा सचिवालय को इस संदर्भ में एक पत्र भेजा। वहीं अब अशोक मित्तल राज्यसभा में आम आदमी पार्टी की ओर से उपनेता होंगे। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को सूचित किया है कि सांसद राघव चड्ढा को संसद में बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए। इसके अलावा, आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को एक पत्र सौंपकर सांसद अशोक मित्तल को पार्टी का उप-नेता नियुक्त करने का आग्रह किया है। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने बीते दिनों राज्यसभा में दूरसंचार कंपनियों के डाटा इस्तेमाल के तरीके पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि जो डाटा उपभोक्ता इस्तेमाल नहीं कर पाते, वह खत्म नहीं होना चाहिए, बल्कि अगले दिन के लिए बचा रहना चाहिए। अभी रोजाना मिलने वाला डाटा रात 12 बजे के बाद खत्म हो जाता है, जबकि इसके लिए उपभोक्ता पैसे चुका चुके होते हैं।

इसलिए इसका फायदा कंपनियों को नहीं, बल्कि ग्राहकों को मिलना चाहिए। चड्ढा ने सुझाव दिया था कि बचे हुए डाटा के आधार पर अगले महीने रिचार्ज में छूट दी जाए और ग्राहकों को डाटा रोलओवर की सुविधा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ता को अपना बचा हुआ डाटा दूसरों को ट्रांसफर करने का अधिकार भी मिलना चाहिए। आप सांसद ने अमेरिका, यूरोप, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां ऐसी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं।

# दिल्ली पुलिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की एंट्री हो गई है। एक अप्रैल से पूर्वी जिले में थाना स्तर पर काम करने वाले इंस्पेक्टर, जांच अधिकारी (आईओ), सब इंस्पेक्टर और अन्य पुलिसकर्मियों के काम का मूल्यांकन एआई के जरिए शुरू हो चुका है।

इस नई व्यवस्था के तहत केस सुलझाने की क्षमता, जांच की गुणवत्ता और कार्य की गति के आधार पर अधिकारियों को रेटिंग दी जाएगी। माह के अंत में जिसका प्रदर्शन सबसे अधिक होगा, उस इंस्पेक्टर व टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। पूर्वी जिले के डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी और परिणाममुखी बनाना है। एआई सिस्टम हर अधिकारी के काम का डेटा विश्लेषण करेगा और उसी आधार पर उनकी मासिक रैंकिंग तय होगी। इससे यह साफ हो सकेगा कि कौन अधिकारी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और किसे सुधार की जरूरत है।

इस प्रणाली के तहत हर महीने के अंत में सबसे अधिक केस सुलझाने और बेहतर जांच करने वाले पुलिसकर्मियों को डीसीपी कार्यालय में सम्मानित किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल दिए जाएंगे। साथ ही, उनके अच्छे कार्यों की एंट्री सर्विस रिकार्ड में भी की जाएगी, जिससे भविष्य में पदोन्नति और अन्य लाभ मिलने में मदद मिलेगी।



हनुमान जन्मोत्सव पर रेखा गुप्ता पूजा-अर्चना कर दिल्ली की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुए।

# नवीन खाती गैंग के शूटर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नवीन खाती गैंग के शूटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है; आरोपी कुख्यात शहिस्ट्री-शीटरश है जो हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट के अपराधों सहित सोलह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि अपराध शाखा की एंटी गैंग्स स्क्वाड को विभिन्न गैंगों के सदस्यों और हथियार तस्करों की गतिविधियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था।

इसी बीच एएसआई अशोक को नवीन खाती गैंग के शूटर सज्जन उर्फ घ्लाला (34) के बारे में खास जानकारी मिली। इस जानकारी के मिलते ही एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर गुलशन यादव के नेतृत्व में टीम ने द्वारका में गुरु गोविंद यूनिवर्सिटी के पास अपना जाल बिछाकर सज्जन उर्फ घ्लाला को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर, उसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्टल (मैगजीन के साथ) और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि आरोपी सज्जन / लाला अपनी शराब की लत को पूरा करने के लिए छोटे-मोटे अपराध करने लगा। बाद में, वह उसी गाँव के रहने वाले नवीन खाती के संपर्क में आया, जिसने उसकी शराब पीने से जुड़े खर्चों में मदद करना शुरू कर दिया। साल 2014 में, वह औपचारिक रूप से नवीन खाती के गैंग में शामिल हो गया। इसी दौरान, नवीन खाती के एक करीबी साथी, सत्यनंद उर्फ घ्आनंद का उसी गाँव के रहने वाले प्रताप सिंह से झगड़ा हो गया।

## साझा विकास का उत्सव मनाया

**नई दिल्ली।** डीलर्स के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करते हुए जेके सीमेंट ने लखनऊ में अपने 'गठबंधन' कार्यक्रम के नए संस्करण का आयोजन किया। इस मौके पर कंपनी ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 डीलर्स को कारें भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख डीलर और चौनल पार्टनर शामिल हुए। इस दौरान जेके सीमेंट के वाइस चेयरमैन डॉ. निधिपति सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राघवपत सिंघानिया और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर श्री ए.के. सराओगी के साथ-साथ कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जेके सीमेंट के वाइस चेयरमैन डॉ. निधिपति सिंघानिया ने कहा, "हमारे डीलर हमेशा से जेके सीमेंट की विकास यात्रा का अहम आधार रहे हैं।

# अवैध एलपीजी गैस भंडारण व रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के पालम गांव थाने के स्टाफ ने अवैध एलपीजी गैस भंडारण और रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 45 गैस सिलेंडर ,एक टेम्पो और अवैध गैस रिफिलिंग/ स्थानांतरण के उपकरण जब्त किए है। दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 28 मार्च को सुबह लगभग 07:00 बजे, गश्त ड्यूटी के दौरान, हेड कांस्टेबल राजेश को पालम गांव, में आदर्श गली के पास स्थित एक खाली प्लॉट पर एलपीजी गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण के संबंध में एक गुप्त सूचना मिली। त्वरित कार्रवाई करते हुए, एसआई आर.पी. मीणा, हेड कांस्टेबल राजेश और ललित कुमार की टीम मौके पर पहुंची और पाया कि प्लॉट के अंदर एक टेम्पो खड़ा है, जिसका पिछला हिस्सा खुला हुआ है।

जांच करने पर, वाहन के अंदर और खुले प्लॉट, दोनों जगहों पर बड़ी संख्या में भारत गैस के घरेलू सिलेंडर रखे हुए पाए गए। निरीक्षण के दौरान, अवैध गैस रिफिलिंग की गतिविधि भी देखी गई, जिसमें बिना किसी सुरक्षा उपाय के, नोजल और वजन मशीन का उपयोग करके एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस स्थानांतरित की जा रही थी। जांच के बाद, कुल 45 भारत गैस एलपीजी सिलेंडर बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान,आरोपी व्यक्ति एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण के लिए कोई वैध लाइसेंस या अनुमति प्रस्तुत करने में विफल रहे।

उन्होंने बताया कि इस प्लॉट को अवैध भंडारण के लिए किराए पर लिया गया था और गलत तरीके से लाभ कमाने के उद्देश्य से गैस का स्थानांतरण/रिफिलिंग की जा रही थी। यह भी सामने आया कि यह गतिविधि श्ब्लू फ्लेम गैस सर्विस, जनकपुरीश के कर्मचारियों द्वारा की जा रही थी। एसडीएम द्वारका ने बीपीसीएल और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर मौके का मुआयना किया और वहाँ चल रही अवैध गतिविधि की पुष्टि की। मौके पर मौजूद अनार सिंह, (ड्राइवर), सत्यवीर (डिलीवरी बॉय), और विकास कुमार, (सहायक डिलीवरी बॉय) को हिरासत में लिया गया है।पुलिस ने उनके पास से 45 भारत गैस सिलेंडर ,एक टेम्पो और अवैध गैस रिफिलिंग/स्थानांतरण के उपकरण जब्त किए है।।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अवैध भंडारण के उद्देश्य से वह प्लॉट किराए पर लिया था। एलपीजी सिलेंडरों को बिना किसी लाइसेंस या अनुमति के वहाँ जमा किया गया था, और नोजल का इस्तेमाल करके गैस को अवैध रूप से एक सिलेंडर से दूसरे में भरा (रिफिल किया) जा रहा था।

# हनुमान जन्मोत्सव पर सीएम ने की पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर करोल बाग स्थित 108 फुट श्री संकट मोचन धाम में पूजा-अर्चना कर दिल्लीवासियों की सुख-समृद्धि और नागरिकों के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए भक्ति भाव से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर श्री हनुमान का स्मरण किया और देश व दिल्ली की उन्नति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु हनुमान का जीवन सेवा, समर्पण, साहस और निष्ठा का प्रतीक है। उनके आदर्श हमें समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे पावन अवसर समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान हनुमान की कृपा से दिल्ली में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। उन्होंने सभी नागरिकों से समाज में सद्भाव, सहयोग और सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एआई जनरेटेड याचिका पर 20 हजार का जुर्माना

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने एक याचिका पर सख्त रुख अपनाते हुए उसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की मदद से तैयार बताया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए कहा कि इस तरह की लापरवाही से कोर्ट का कीमती समय बर्बाद होता है।

सुनवाई के दौरान मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने याचिका की भाषा और सामग्री पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने पाया कि याचिका में भारी मात्रा में व्याकरण संबंधी त्रुटियां थीं और कई वाक्य पूरी तरह अर्थहीन और असंगत थे। जिससे आरोपों को समझना मुश्किल हो गया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिका के कुछ हिस्से इतने अस्पष्ट थे कि उन्हें समझने में ही अदालत का समय खर्च हो गया।



श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्षचाँदनी चौक स्थित पत्थर वाला हनुमान मंदिर पहुंचे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भाजपाध्यक्ष ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चौत्र सुदी पूर्णिमा के अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष दिल्ली के विभिन्न प्रचीन मंदिरों में आयोजित पूजा कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए और दिल्ली वालों को भारतीय जनता पार्टी परिवार की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाऐ दीं।

दोपहर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा चाँदनी चौक स्थित पत्थर वाला हनुमान मंदिर पहुंचे और वहाँ पूजा अर्चना करके दिल्ली एवं देशवासियों की खुशहाली एवं खाड़ी में चल रहा युद्ध शीघ्र रूकने की प्रार्थना की ताकि महंगाई का असर दिल्ली वालों पर ना पड़े।वीरेन्द्र सचदेवा के साथ विधायक एवं यमुनापार विकास बोर्ड अध्यक्ष सरदार अरविंदर सिंह लवली और स्थानीय निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता ने भी पत्थरवाला मंदिर में दर्शन किये और महंत श्री गौरव शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया।शाम को वीरेन्द्र सचदेवा ने कनाट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन किये और महंत सुरेश शर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज 3, गीता कालोनी, कृष्णा नगर स्थित सिद्ध हनुमान मंदिरों में भी आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए और एकत्र भक्तजनों को शुभकामनाऐ दीं।

# वन्यजीव संरक्षण को मजबूत करने को तैनात किए जाएंगे वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने फॉरेस्ट्स - वाइल्डलाइफ डिपार्टमेंट में वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर (डायरेक्ट रिक्रूटमेंट) के 09 पद सृजन को मंजूरी दी है। ये पद 7वें सेंट्रल पे कमीशन के तहत पे मैट्रिक्स के लेवल-6 (रु.35,400-रु.1,12,400) में रखे गए हैं और इन्हें नोटिफाई कर दिया गया है। यह पहल शहरी पर्यावरण चुनौतियों के बीच वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन और बायोडायवर्सिटी प्रोटेक्शन के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर के लिए रिक्रूटमेंट रूल्स को माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली की मंजूरी से संशोधित कर गजट में नोटिफाई किया गया है।पर्यावरण मंत्री मनर्. जंदर सिंह सिरसा ने कहा कि, सरकार पर्यावरणीय संरक्षण को मजबूत करने के लिए जरूरी सुधार कर रही है।

दिल्ली के अलग-अलग फील्ड डिविजन में वाइल्डलाइफ इंस्पेक्टर की तैनाती एक महत्वपूर्ण कदम है, इससे हमारी टीमें वाइल्डलाइफ की सुरक्षा, पोचिंग रोकने और ह्यूमन-वाइल्डलाइफ कॉन्फ्लिक्ट को समय रहते संभाल सकेंगी। पहले डिपार्टमेंट में सिर्फ एक वाइल्ड लाइफ इंस्पेक्टर का पद हेड क्वार्टर में था, जबकि चारों फील्ड डिविजन में कोई भी समर्पित स्टाफ नहीं था। इससे ग्राउंड लेवल पर एनफोर्समेंट, गैर-कानूनी गतिविधियों पर रोक, ह्यूमन-वाइल्डलाइफ कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट और बायोडायवर्सिटी मैनेजमेंट प्रभावित हो रहे थे।

इन 09 पदों में से 08 पदों पर भर्ती दिल्ली सबऑर्डिनेट सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड के माध्यम से डायरेक्ट रिक्रूटमेंट के जरिए की जाएगी।मंत्री ने आगे कहा, कि "यह फैसला ग्राउंड पर संरक्षण को मजबूत करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि शहरीकरण के बीच भी दिल्ली की बायोडायवर्सिटी सुरक्षित और समृद्ध रहे। हैबिटैट प्रोटेक्शन से लेकर कानून लागू करने तक, ये इंस्पेक्टर वास्तविक बदलाव लाएंगे।"

# 45 सिलिंडर के साथ रिफिलिंग मशीन जब्त, तीन को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गैस संकट के बीच कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। पालम गांव पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने एलपीजी गैस के अवैध भंडारण और रिफिलिंग करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 45 भारत गैस सिलिंडर के साथ एक टेम्पो बरामद किया गया। अवैध गैस रिफिलिंग और ट्रांसफर करने वाले उपकरण भी जब्त किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अनार सिंह, सत्यवीर और विकास कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली के डाबड़ी में अवैध एलपीजी सिलिंडर स्टोरेज और रिफिलिंग रैकेट का खुलासा कर 17 सिलिंडर बरामद किए हैं। अपराध शाखा ने दुकानदार मोहन लाल गर्ग को पकड़ा है। बाद में जांच के लिए मामला द्वारका जिले की डाबड़ी थाना पुलिस को सौंप दिया गया। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि पश्चिमी जिले के सीतापुरी इलाके में एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी की सूचना पर टीम ने दुक. ानदार मोहन लाल गर्ग (61) को अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलिंडर भरते हुए पाया। वह 200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सिलिंडर भर रहा था। उस जगह अलग-अलग कंपनियों के कुल 17 एलपीजी गैस सिलिंडर मिले।

# महावीर जयंती पर विधानसभा में शांति का आह्वान

**संदीप शर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा सचिवालय द्वारा भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक वर्ष के उपलक्ष्य में आज विधानसभा परिसर में 'भगवान महावीर गुणानुवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट और सकल जैन समाज, दिल्ली के सहयोग से आयोजित हुआ।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजयेंद्र गुप्ता ने कहा कि "सेवा परमो धर्म" केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। उन्होंने भगवान महावीर के 'अनेकांतवाद' को लोकतंत्र की मूल भावना बताते हुए कहा कि सच्चा लो. कतंत्र वही है, जहां अलग-अलग विचारों का सम्मान किया जाता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महावीर जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के अशांत समय में भगवान महावीर का अहिंसा, संयम और करुणा का संदेश




मानवता के लिए सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि आत्मसंयम और अनुशासन के जरिए ही व्यक्ति सही निर्णय ले सकता है और समाज के हित में कार्य कर सकता है।

उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भी भगवान महावीर की शिक्षाओं को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि अहिंसा, करुणा और संयम ही शांतिपूर्ण समाज की नींव हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रसंत परमपराचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर जी मुनि. राज और वैश्विक शांति दूत आचार्य लोकेश मुनि ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने "वसुधैव कुटुंबकम" के सिद्धांत को अपनाने और मानवता के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अहिंसा, सत्य और सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# सीएजी शराब ऑडिट पर कार्रवाई को 31 जनवरी की समय-सीमा तय, लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा सचिवालय ने "दिल्ली में शराब के विनियमन एवं आपूर्ति पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की कार्यनिष्पादन ऑडिट रिपोर्ट" पर लोक लेखा समिति (पीएसी) की द्वितीय रिपोर्ट को सदन द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद, संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे समिति की सिफारिशों की विस्तृत समीक्षा करें और 31 दिसंबर 2026 तक की स्थिति के अनुसार कार्यवाही प्रतिवेदन तैयार करें। यह प्रतिवेदन अधिकतम 31 जनवरी 2027 तक प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। इस संदर्भ में, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आबकारी व्यवस्था में मौजूद प्रणालीगत कमियों को रेखांकित करते हुए कहा कि लोक लेखा समिति की सिफारिशों पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।इस संबंध में, दिल्ली सरकार के आबकारी मंत्री और प्रधान सचिव (वित्त) को पत्र भेजकर इन निर्देशों की जानकारी दी गई है। साथ ही, उनसे समिति की सिफारिशों पर पूरी और समय पर प्रतिक्रिया देने को कहा गया है, ताकि विभाग स्तर पर आगे की कार्रवाई शुरू की जा सके।यह निर्देश एक महत्वपूर्ण अगली प्रक्रिया की शुरुआत को दर्शाता है, जिसमें कार्यपालिका की यह स्पष्ट जिम्मेदारी तय की गई है कि वह सदन द्वारा स्वीकार किए गए निष्कर्षों पर तय समय-सीमा के भीतर जवाब दे।

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोक लेखा समिति की सिफारिशें केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उन पर ठोस कार्रवाई हो और उनके स्पष्ट परिणाम दिखाई दें।अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि समिति की रिपोर्ट में पाया गया है कि आबकारी विभाग में नियमों के पालन, लाइसेंस देने, कीमत तय करने, गुणवत्ता जांच, कार्रवाई और नीतियों को लागू करने में कई गंभीर कमियाँ थीं।

# हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा कांग्रेस नेताओं ने लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मोहल्ला चमरी में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

शोभायात्रा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और कांग्रेस कार्यकर्ता भी पहुंचे, जहां उन्होंने महंत जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आयोजकों एवं क्षेत्रवासियों ने दोनों नेताओं का फूल-मालाओं और पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल होकर नेताओं ने न केवल धार्मिक परंपराओं में अपनी सहभागिता दिखाई, बल्कि सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने



कहा, हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे समाज की आस्था, शक्ति और एकता का प्रतीक है। भगवान हनुमान जी त्याग, सेवा, निष्ठा और समर्पण के आदर्श हैं, जिनसे हमें जीवन में संघर्षों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। आज के समय में जब समाज को एकजुट रखने की सबसे अधिक आवश्यकता है, ऐसे पर्व हमें आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का अवसर देते हैं।

हनुमान जी की कृपा से सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आए, यही हमारी कामना है। मैं समस्त क्षेत्रवासियों को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि हम सभी मिलकर समाज में प्रेम, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगे। अरविंद शर्मा ने भी सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। शोभायात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई और भंडारे का आयोजन भी किया गया। आयोजन में एससी-एसटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश भाटी, जिला महासचिव गौरव गर्ग समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# निर्वाचन कार्य में बेहतरीन योगदान बीडीओ रामकुमार शर्मा का बढ़ा मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) 2026 अभियान के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावी और पारदर्शी बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विकासखंड अधिकारी (बीडीओ) रामकुमार शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदार कार्यशैली के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

धौलाना तहसील में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में उल्लेख किया गया कि 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में बीडीओ रामकुमार शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-58 धौलाना में इस अभियान को सुचारु, व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी बीडीओ शर्मा के कार्यों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के समर्पित और जिम्मेदार अधिकारी ही निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उनके प्रयासों से मतदाता सूची को अधिक सटीक और व्यापक बनाने में सफलता मिली है।



सम्मान प्राप्त करने के बाद बीडीओ रामकुमार शर्मा ने कहा, यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमने पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। भविष्य में भी मैं इसी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहूंगा।

# भक्ति और भाईचारे का संगम, धौलाना में हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर कस्बे के महाशक्ति धाम शक्तिपीठ में 26वां हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति की गूंज सुनाई दी और वातावरण पूरी तरह रामभक्ति में सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचे और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर समिति के तत्वावधान में भगवान हनुमान का विधिवत अभिषेक और भव्य श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल गूंजता रहा। पूजन के बाद भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ शामिल होकर आस्था का परिचय दिया। हनुमान बाबा को सवामणि मोतीचूर के लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा भाव का परिचय दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम संयोजक पंडित अजेय भारद्वाज, पीठाधीश्वर महाशक्ति धाम शक्तिपीठ धौलाना ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव हमें सेवा, समर्पण और शक्ति का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी श्रवण शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें गंगा-जमुनी तहज़ीब की अनोखी झलक देखने को मिली। विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और



आपसी सौहार्द का संदेश दिया। अब्दुल कादिर और सलामत अली सहित कई मुस्लिम भाइयों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस अवसर पर सुबोध शर्मा, सुशील शर्मा, सुधीर तोमर, ब्रजेश चौहान, आनंद शर्मा, ऋषभ भारद्वाज समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण जन्म कथा से जागी आस्था, हनुमान जयंती पर झूमा पिलखुवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर में इन दिनों भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। एक ओर रेलवे रोड स्थित बाल मुकुंद धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे नगर में भक्तिभाव का सैलाब उमड़ पड़ा है।



श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य राजेंद्र पांडे ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म और आस्था का गूढ़ संदेश दिया। श्रीकृष्ण के जन्म और बाल लीलाओं का सजीव चित्रण करते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्ति और सच्चे विश्वास की शक्ति से अवगत कराया। गोवर्धन पर्वत प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की, जो इस बात का प्रतीक है कि सच्चे भक्तों की भगवान हर संकट में रक्षा करते हैं। कथा के दौरान भजनों की मधुर ध्वनि पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। वहीं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पिलखुवा नगर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया। मैन मार्केट स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर, गुलरू बाबा मंदिर, परतापुर रोड स्थित बालाजी मंदिर तथा सर्वोदय नगर के बालाजी मंदिरों में भव्य आयोजन किए गए। सभी मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की सजावट और आकर्षक झांकियों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस प्रकार पिलखुवा में एक ओर श्रीकृष्ण की लीलाओं का दिव्य संदेश श्रद्धालुओं को प्रेरित कर रहा है, तो दूसरी ओर हनुमान जन्मोत्सव के माध्यम से आस्था और उत्साह का अनोखा संगम पूरे नगर को भक्तिमय बना रहा है।

# नगर को स्वस्थ बनाने की पहल, अप्रैल से चलेगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर में संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। अप्रैल माह से पूरे शहर में व्यापक स्तर पर सफाई और जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य न केवल सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है, बल्कि आमजन को रोगों के प्रति जागरूक कर उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना भी है।

अधिकारियों के अनुसार, इस विशेष अभियान के तहत नगर के सभी वार्डों में नियमित और विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। नालियों की साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था और जलभराव वाले स्थानों की पहचान कर वहां दवाओं का छिड़काव किया जाएगा। खासतौर पर मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को चिन्हित कर उन्हें समाप्त करने पर जोर दिया जाएगा, ताकि डेंगू और मलेरिया जैसे खतरनाक रोगों को समय रहते रोका जा सके। अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 10 अप्रैल से 'दस्तक अभियान' भी शुरू किया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करेंगी और उन्हें आवश्यक सावधानियां अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी। अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने कहा, यह अभियान तभी सफल होगा जब हर नागरिक इसे अपना अभियान समझकर इसमें भागीदारी निभाए। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन करें। लगातार और सुनियोजित प्रयासों के जरिए पिलखुवा को स्वच्छ और स्वस्थ नगर बनाने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।




# मिशन शक्ति के तहत पुलिस सक्रिय, अलग-अलग क्षेत्रों में जागरूकता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद पुलिस ने गुरुवार को दो अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभावी पहल करते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। हाफिजपुर और धौलाना थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

हाफ़िजपुर क्षेत्र में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने क्षेत्र में लोगों को महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं धौलाना क्षेत्र में थाना प्रभारी अवनीश शर्मा के निर्देशन में एसएसएन पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने बच्चों को बताया कि वे कैसे सही और गलत स्पर्श की पहचान करें और किसी भी अनुचित स्थिति में तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल शीतल चौहान और महिला गार्ड तनु कश्यप ने छात्राओं को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। साथ ही उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा, शिक्षक राहुल शर्मा और विवेक शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाते हैं।



## एक नजर

### पुलिस का वार, अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। नियमित चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है।

थाना प्रभारी के अनुसार, थाना धौलाना क्षेत्र में देहरा से निधावली की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुफरान पुत्र तौसीफ निवासी ग्राम पिपलेहड़ा, थाना धौलाना जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रात के अंधेरे में लग्जरी गाड़ियों पर पत्थरबाजी से दहशत

xkMkA जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत नवाबगंजदृमनकापुर मार्ग पर स्थित किशुन दासपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास इस समय अराजक तत्वों का आतंक चरम पर है। जो रात के अंधेरे में लग्जरी गाड़ियों को निशाना बनाकर उनपर पत्थरबाजी कर रहे हैं, जिससे उधर से गुजरने वाले दहशत में हैं। बुधवार की रात करीब 10 बजे के करीब उधर से गुजर रही गाड़ियों पर अराजक तत्वों ने ताबड़तोड़ पत्थर बरसाकर उनके शीशे चकनाचूर कर दिए। अचानक हुए इस हमले से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और लोग जान बचाकर भागने को मजबूर हो गए। घटना के बाद पीड़ित चालक कोल्हमपुर चौकी पहुंचे और चौकी प्रभारी उमेश सिंह को पूरी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घटनास्थल से कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।चौकी प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, लेकिन लगातार हो रही इन घटनाओं से साफ है कि अराजकतत्वों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस का खौफ नहीं है। फिलहाल इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में डर का माहौल है। रात में इस मार्ग से गुजरने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### घर से गायब युवती का गन्ने के खेत में मिला शव, मचा हड़कंप

xkMkA जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत भदवल गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव गन्ने के खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि युवती पिछले पांच दिनों से लापता थी। परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे और इस संबंध में थाने पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। गुमशुदगी के बाद से परिवार गहरे तनाव में था, लेकिन अचानक शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सालपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच – पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि देहात कोतवाली के भदवल गांव में गन्ने के खेत में एक युवती का शव मिला है। साक्ष्य संकलन की कार्यवाही और पूछताछ में पता चला कि युवती के पिता अशोक ने देहात कोतवाली में बीते 30 मार्च को सूचना दी थी कि उनकी बेटी 29 मार्च की दोपहर से बिना बताए कहीं चली गई है और वापस नहीं आयी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी ने यह भी बताया कि युवती के पिता से पता चला कि उनकी बेटी की किसी एक नंबर से बात होती थी।एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि,घटना के हर पहलू को जांच की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### भीषण आग से 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

xkMkA जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र के पहली भगाही गांव में गुरुवार दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

# दबंगों ने वृद्ध को पीटकर किया घायल

'kkg VkbEl loknnkrk

txnh'kiqj veBhA गंदा पानी दरवाजे पर आने से मना करने पर दबंगों ने वृद्ध की पिटाई कर दिया घटना की तहरीर पर पुलिस ने घायल को मेडिकल हेतु भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पूरे रिसाल मजरे कचनाव निवासी रामदीन यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे पड़ोसी अशोक कुमार जिनके दरवाजे का गंदा पानी मेरे दरवाजे की तरफ बहता है जब मैंने पानी रोकने की बात कहा तब दबंग अशोक यादव अपने परिवार के साथ मिलकर मुझे मारा–पीटा हल्ला गुहार मचाने पर सभी लोग ये कहकर मौके से भाग निकले कि आज तो बच गये बाद में तुमको देख लेंगे घटना की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए घायल को उपचार हेतु सीएचसी भेजा ।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि घायल को मेडिकल के लिए भेजकर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

# सेवा और समर्पण को मिला सम्मान, एम्बुलेंस कर्मियों का हुआ अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में 2 अप्रैल को ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धौलाना ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 102 और 108 एम्बुलेंस कर्मियों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ईएमटी कर्मियों को सम्मानित किया गया। हापुड़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वेद प्रकाश अग्रवाल ने सीएमओ कार्यालय में चयनित एम्बुलेंस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस दौरान जिला प्रभारी सौरभ शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी कर्मचारियों के कार्यों



की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपातकालीन सेवाओं में ईएमटी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है, जो हर परिस्थिति में मरीजों को समय पर सहायता पहुंचाने का काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर और मिठाई बांटकर ईएमटी दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया। सभी कर्मियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और सेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। जिला प्रभारी सौरभ शर्मा ने अपने बयान में कहा कि हमारी टीम दिन-रात मेहनत कर लोगों की जान बचाने में जुटी रहती है। यह सम्मान उनके मनोबल को और ऊंचा करता है तथा उन्हें बेहतर सेवा के लिए प्रेरित करता है।

# यूपीएससी में फतह कर गांव लौटा लाल, शुकुल बाजार में जश्न का माहौल

शुकुल बाजार, अमेठी। शुकुल बाजार क्षेत्र के पूरे शुक्लन पुरवा, मवैया रहमतगढ़ गांव का लाल आशीष कुमार शुक्ला जब यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर असिस्टेंट कमिश्नर (GST) बनकर आज अपने गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके में जश्न का माहौल बन गया। गांववासियों ने अपने इस होनहार बेटे का भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया।

आशीष के आगमन की खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे तक पहुंच गए। चार पहिया वाहनों और मोटरसाइकिलों का लंबा काफिला बनाकर उन्हें गांव लाया गया। ढोल–नगाड़ों और फूल–मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। रास्ते भर "गांव का लाल जिंदाबाद" के नारों से माहौल गूंजता रहा। अंबेडकर चौराहे पर भी भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया।

इसके बाद गांव पहुंचने पर परिवार की महिलाओं ने आरती उतारकर और तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

पूरे गांव में उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिला। इस मौके पर गांव के पूर्व प्रधान त्रिभुवन यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए कहा कि आशीष की सफलता पूरे गांव के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है कि गांव के युवा भी मेहनत और लगन से देश की सर्वोच्च सेवाओं में स्थान बना सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहली बार गांव से कोई इतना बड़ा अधिकारी बना है, जिससे पूरे क्षेत्र की पहचान बढ़ी है। युवाओं में भी इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा गया और वे आशीष को अपना आदर्श मान रहे हैं।

# भारतीय किसान यूनियन द्वारा एक भव्य दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ijuijA विधानसभा पूरनपुर के ग्राम पंचायत रायपुर बिचपुरी में किसान यूनियन द्वारा एक भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के अनेक युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर युवाओं का उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण अंचल में खेल भावना, आपसी भाईचारा और उत्साह का वातावरण बना रहा। प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ दौड़ में हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत रोमांचक और आकर्षक बन गया। मुख्य अतिथि समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार "राजू" रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेल और शिक्षा की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित होते रहने चाहिए।

उन्होंने किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं आयोजकों को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों द्वारा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

दौड़ प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# ब्लैकमेल कर लूटपाट करने वाले चार ठग गिरफ्तार

## डेटिंग ऐप में फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर करते थे दोस्ती, फिर बुलाकर करते थे लूटपाट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-126 पुलिस ने ऑनलाइन डेटिंग ऐप के जरिए धोखाधड़ी करने वाले चार ठग पकड़े है। इनके पास से एक डायमंड का सॉलिटेयर नग, जुलरी और 14 हजार 530 रुपए कैश मिला है। इनके नाम सुशांक सिंह, प्रदीप, रोहित कुमार और .वासु है। इन सभी की उम्र करीब 20 से 25 साल तक है।



एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि ये चारों शातिर किस्म के लोग है। फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग करके कमरा लेते है। अपनी वास्तविक पहचान छिपाते है। इन लोगों ने डेटिंग एप पर फर्जी प्रोफाइल बनाई है। जिसके जरिए ये लोग अन्य युवाओं को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे संपर्क करते। एक बार बातचीत शुरू होने पर ये उन्हें मिलने के लिए अपने किराए के पते पर बुलाते है। जब पीड़ित द्वारा बताए गए पते पर पहुंचता है। उनकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर उनको ब्लैकमेल करते है। यहीं नहीं पीड़ित को डराकर एवं धमकाकर उससे नगद धनरा. शि वसूल करते है। उसके पास मौजूद सोने-चांदी के आभूषण भी छीन लेते है। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी करते है। साथ ही उनके खातों से पैसा ट्रांसफर तक करवा लेते है।

**पहले भी आ चुके हैं ऐसे मामले**

15 जनवरी 2026 को सेक्टर 39 में एक युवक को ऐप के जरिए बुलाया गया। फ्लैट पर पहुंचते ही तीन युवकों ने उसे बंधक बनाकर मोबाइल और 25 हजार लूट लिए।

तीन फरवरी 2026 को सेक्टर 58 में डेट के बहाने पार्क में बुलाकर बदमाशों ने चाकू दिखाकर लूटपाट की। मारपीट कर आरोपियों द्वारा नकदी और फोन छीना गया।

20 फरवरी 2026 को एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र में फ्लैट पर बुलाकर युवक के साथ मारपीट की गई और उसके अकाउंट से ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर लिए गए।

28 मार्च 2026 को सेक्टर 113 थानाक्षेत्र में डेटिंग ऐप के जरिए बुलाकर गैंग ने युवक को ब्लैकमेल किया और वीडियो बनाकर पचास हजार रुपये वसूले।

**ग्राइंडर ऐप क्या है:** ग्राइंडर एक डेटिंग और सोशल नेटवर्किंग ऐप है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से विशेष कम्युनिटी के लोग नए लोगों से मिलने, चौट करने और डेटिंग के लिए करते हैं। यह ऐप लोकेशन के आधार पर आसपास के लोगों को दिखाता है। जिससे यूजर आसानी से किसी से संपर्क कर सकते हैं। नोएडा में इस ऐप का काफी प्रचलन है। पूर्व में भी इस प्रकार के ऐप से दोस्ती कर लोगों के साथ ठगी की जा चुकी है। कई यूजर इस ऐप पर अपनी फर्जी आइडी बनाते हैं। उनका मकसद अपराध करना होता है।

# गैस की किल्लत ने बिगाड़ा भंडारे का स्वाद लोगों ने घरों से दान किए सिलिंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में इस बार हनुमान जयंती का पर्व गैस सिलिंडर की कमी के कारण प्रभावित हुआ। ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव से पैदा हुए इस संकट के कारण शहर में होने वाले भंडारे का प्रसाद बनाना आयोजकों के लिए बड़ी चुनौती रहा।



ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-सोसाइटी और ग्रामीण इलाकों में बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया था, लेकिन अधिकांश जगहों पर गैस सिलिंडर की कमी रही। आयोजकों को एक-दूसरे से सिलिंडर मांगकर किसी तरह व्यवस्थाएं पूरी कीं। इस वजह से कई जगहों पर भोजन बनाने में देरी हुई।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-1 स्थित कमर्शियल बेल्ट में आयोजित हुए भंडारे के आयोजक एडवोकेट सुशांत शर्मा ने बताया कि सिलिंडर की व्यवस्था उन्हें अपने परिचितों और दोस्तों से करनी पड़ी। जिन घरों में दो सिलिंडर थे, वहां से एक सिलिंडर भंडारे के लिए लिया गया।

संकट की इस घड़ी में ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी-1 में सीनियर सिटीजन ग्रुप ने सेवा भाव निभाया।

निवासी अनूप ने बताया कि बुजुर्गों ने अपने घरों के सिलिंडर भंडारे के लिए दे दिए। किसी ने आधा भरा सिलेंडर दिया तो किसी ने पीएनजी लगने के बाद बचा हुआ स्टॉक उपलब्ध कराया। इस पहल से भंडारा सुचारू रूप से संपन्न हो सका।

## झुग्गियों में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र स्थित ननुआ का राजपुर गांव में गुरुवार को सपेरे समुदाय की झुग्गियों में आग लग गई। इस घटना में करीब 15 झुग्गियां जलकर राख हो गई, जिससे लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम देर से मौके पर पहुंची। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण वे सफल नहीं हो सके। आग से प्रभावित परिवारों में सोनू, अंगूरी, ईश्वर और कली जैसे लोग शामिल हैं। पीड़ितों ने बताया कि उनके खाने-पीने का सामान, कपड़े और अन्य घरेलू वस्तुएं पूरी तरह जल गईं। कई परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, हालांकि लोगों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# डीएम की अध्यक्षता में गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने तथा इससे संबंधित संभावित अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में संबंधित अधिकारियों एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।



बैठक के दौरान पीएनजी कनेक्शन की समीक्षा करते हुए आईजीएल कंपनी के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि प्राधिकरण क्षेत्रों में पीएनजी कनेक्शन हेतु एनओसी प्राप्त न होने के कारण कई स्थानों पर कनेक्शन स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित प्राधिकरणों को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं का शीघ्र समाधान किया जा सके। साथ ही जिन स्थानों पर एजेंसियों को कार्य निष्पादन के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वहां सुरक्षा एवं सुचारु कार्य संचालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस विभाग को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे गैस आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं पारदर्शी बनाया जा सके।

सभी तहसीलों के लिए एसडीएम न्यायिक को प्रभारी बनाया गया है, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं भी गैस की कालाबाजारी ना हो तथा एजेंसियों द्वारा गैस का वितरण मानक के अनुरूप तथा शासनादेश के अनुसार किया जाए।

बैठक में प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में उपजिलाधिकारी तथा नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में बाट माप विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की संयुक्त टीमें निरंतर अभियान संचालित कर रही हैं। इन अभियानों के माध्यम से एलपीजी एवं पेट्रोलियम उत्पादों के वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित नियमों का अनुपालन कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जनपद में वाणिज्यिक गैस सिलेंडर का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं एवं संस्थाओं को व्यावसायिक कार्यों एवं कार्यक्रमों के लिए संबंधित गैस कंपनियों द्वारा संबद्ध गैस एजेंसियों के माध्यम से निर्धारित आपूर्ति का लगभग 70 प्रतिशत तक सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए संबंधित उपभोक्ताओं एवं संस्थाओं को अपने पिछले वित्तीय वर्ष में उपयोग किए गए गैस सिलेंडरों की मात्रा का विवरण तथा पीएनजी कनेक्शन हेतु किए गए आवेदन का प्रमाण संलग्न करते हुए संबंधित गैस कंपनी के विक्रय अधिकारी की ईमेल आईडी पर प्रेषित करना होगा।

## एक नजर

### ईएमयू में मिला अधेड़ का शव, शिनाख्त बाकी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात करीब 11 बजे आईईएमयू में अधेड़ का शव मिला है। हालांकि अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी प्रभारी आशीष ने बताया कि ट्रेन के पीछे से तीसरे डिब्बे में अचेतन पड़े व्यक्ति के होने की सूचना मिलने पर उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र करीब 55 साल है। प्रथम दृष्टया मौत का कारण भी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के बाद ही मौत का असली कारण पता चल सकेगा।

### 10 अप्रैल तक हो सकती है नोएडा प्राधिकरण की बैठक

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण की वित्तीय बैठक 10 अप्रैल से पहले होगी। इसके लिए आईडीसी दीपक कुमार से समय लिया जा रहा है। इस बार कुल 12 से ज्यादा प्रस्तावत रखे जाएंगे। साथ करीब 10 हजार करोड़ का बजट पास किया जाएगा। बैठक में मिक्स लैंड यूज को लेकर बड़ी घोषणा की जा सकती है। जिसमें 18 से 25 मीटर चौड़ी सड़क किनारे बने आवासीय श्रेणी के कुछ हिस्से में कामर्शियल एक्टिविटी की जा सकती है। इसके लिए रेट और क्लॉज तैयार किया जाएगा। जिसे बोर्ड में लाया जाएगा। इसके अलावा स्पोर्टस सिटी से जुड़ी आपत्तियां जिनका निवारण किया जा चुका है उनको रखा जाएगा। बता दे स्पोर्ट सिटी मामले में 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है।

**पांच से दस प्रतिशत तक बढ़ सकती है आवंटन दर:** इस बार 5 से 10 प्रतिशत तक आवंटन दरें बढ़ाने, किसानों की मुआवजा दर तय करने सहित अन्य प्रस्ताव रखे जाएंगे। पहले बोर्ड बैठक अप्रैल महीने में ही कराने की तैयारी थी लेकिन एयरपोर्ट के लोकार्पण के चलते पूरा प्रशासन व्यस्त हो गया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए बोर्ड बैठक को टाल दिया गया था। इसके अलावा नए नोएडा व एयरपोर्ट के लिए बजट को मंजूरी, किसानों की मांगों से जुड़े समेत अन्य प्रस्ताव रखे जाएंगे।

**न्यू नोएडा को मिलेगी रफ्तार:** न्यू नोएडा को बसाने के लिए मुआवजा दर तय की जा सकती है। ये दर यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की मुआवजा दर के आसपास रहने की उम्मीद है। इसका खाका तैयार किया जा चुका है। जिसे बोर्ड रखा जाएगा। पास होने के साथ ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-49 थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार श्रमिक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके बेटे ने थाने में केस दर्ज कराया है। बिहार के मुंगेर निवासी सौरभ कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि उसके पिता शंकर मंडल सेक्टर-9 स्थित जेजे कॉलोनी में रहते थे। वह एक कंपनी में हेल्पर थे। वह 30 मार्च की रात अपनी ड्यूटी खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। सेक्टर 49 थाना क्षेत्र स्थित हनुमान मूर्ति के पास सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शंकर मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से उन्हें तुरंत जिला अस्पताल सेक्टर-39 ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कासना कस्बे में रहने वाला युवक आसिफ एक सिक्योरिटी एजेंसी में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करता था। वह मंगलवार की देर शाम अपने दोस्त आदित्य के साथ बाइक पर सवार होकर ड्यूटी जा रहा था। इसी बीच एक बेकाबू वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत बिगड़ने पर आसिफ को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। आसिफ की बुधवार को दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि आदित्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस मामले में सिक्योरिटी एजेंसी के इंचार्ज मोहित की तरफ से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देख रही है। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का पता लगाकर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

# नौ उपकेंद्रों के लिए जमीन न मिलने से निर्माण अटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए 33/11 केवी के 19 नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाने हैं। इसके लिए प्राधिकरण ने नौ सेक्टर में 10 बिजली उपकेंद्र के लिए जमीन दे दी है, लेकिन नौ उपकेंद्रों के लिए अब तक भूमि नहीं दी है। ऐसे में नए बिजली उपकेंद्रों का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। इस वजह से आशंका जताई जा रही है कि गर्मियों में उपभोक्ताओं को बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या हो सकती है। वहीं, प्राधिकरण के पूर्व सीईओ ने भी सभी बिजली उपकेंद्रों के लिए जमीन चिह्नित करके देने के निर्देश दिए थे, ताकि बिजली उपकेंद्र बनाने का कार्य जल्द शुरू हो सके।

> नए बिजली उपकेंद्र बनाने की योजना बनाई गई। जिले में 19 उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव हैं। नौ बिजली उपकेंद्रों के लिए प्राधिकरण से जमीन नहीं मिली है। प्राधिकरण से एक बार फिर जमीन उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी।
> **- विवेक कुमार पटेल, अधीक्षण मुख्य अभियंता, विद्युत निगम**

शहर में स्काडा योजना के तहत बिजली ढांचे का मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए विद्युत निगम द्वारा बीते दिनों शहर में सर्वेक्षण किया गया था। इसमें शहर के विभिन्न सेक्टर में 33/11 केवी के 19 बिजली उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव बनाया गया था। उपकेंद्रों के लिए विद्युत निगम ने प्राधिकरण सीईओ को पत्र लिखकर जमीन की मांग की थी।प्राधिकरण के पूर्व सीईओ ने भी पत्र का संज्ञान देते हुए विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को उपकेंद्रों के निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करके उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। उपकेंद्रों के बनने से जिले के साढ़े चार लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति में मदद मिलेगी। हालांकि, प्राधिकरण के संबंधित विभाग ने नौ सेक्टर में 10 बिजली उपकेंद्रों के लिए भूमि आरक्षित कर ली है। वहीं, नौ बिजली उपकेंद्रों के लिए अब तक जमीन नहीं दी है। ऐसे में शेष बिजली उपकेंद्रों को निर्माण कार्य अटक गया है।अब विद्युत निगम के आलाधिकारी प्राधिकरण अधिकारियों से एक बार फिर भूमि उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। ताकि बिजली उपकेंद्र बनाने का कार्य किया जा सके। वहीं शहर में हर साल बिजली की मांग में लगातार इजाफा भी हो रहा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व भी शहर से ही निगम को प्राप्त होता है।नोएडा के इन सेक्टरों में प्रस्तावितशहर में 33/11 केवी की क्षमता के 19 नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाएंगे। ये उपकेंद्र सेक्टर-आठ, 63, 65, 80, 81, 94, 106, 132 और सेक्टर-140 समेत अन्य सेक्टरों में बनाए जाएंगे। साथ ही उपकेंद्रों पर 10-10 एमवीए की क्षमता के दो-दो ट्रांसफार्मर भी लगेंगे। अभी पूरे जिले में 108 बिजली उपकेंद्रों से बिजली आपूर्ति हो रही हैं। इनकी क्षमता भी 2294 एमवीए है। बिजली उपकेंद्र ओवर लोड होने पर उपकेंद्रों से निरंतर बिजली देने में दिक्कतें आती हैं। कई बार अधिक लोड होने पर कुछ समय के लिए ब्रेक डाउन लेना पड़ता है। भविष्य में इस तरह की समस्याएं नहीं आए, उसी को ध्यान में रखते हुए नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाएंगे।

# जिला अस्पताल में डेढ़ महीने से इम्पलांट सर्जरी बंद गरीब मरीज दिल्ली-ग्रेटर नोएडा भटकने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने देश में अलग पहचान बनाई, उसी प्रदेश के विंडो शहर में चिकित्सकों की मनमर्जी के आगे गरीब और असहाय मरीज बेबस हो चुके हैं। जिला अस्पताल में शासन की निश्शुल्क स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी चौपट हो चुकी है कि ऑर्थोपैडिक सर्जन होने के बावजूद करीब डेढ़ महीने से इम्पलांट सर्जरी बंद पड़ी है। दर्द से करहराते मरीज दिल्ली के हायर सेंटर या ग्रेटर नोएडा में शारदा व जिम्स मेडिकल कालेज जाकर खर्चे पर सर्जरी कराने को मजबूर हैं। प्रबंधन से सर्जरी की गुहार लगाते हुए मरीजों की आंखों में आंसू भी छलक आते हैं, लेकिन आर्थोपैडिक विभाग में फैली अव्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पा रही है।

गौतमबुद्धनगर में 35 लाख से ज्यादा आबादी में आर्थिक रूप से कमजोर और बेसहारा लोगों की स्वास्थ्य सेवा के लिए 800 करोड़ से सेक्टर-39 में जिला अस्पताल बना है। यहां वर्षों से टूटी हड्डी में मरीजों की इम्पलांट सर्जरी होती थी। सूत्र बताते हैं कि इम्पलांट की स्थाई क्रय के लिए टेंडर होता था। मगर अब जिम्मेदारों की मनमानी इतनी बढ़ गई कि गंभीर मरीजों को दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में भटककर जेब ढीली करनी पड़ रही है। बुधवार को भी ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी कतार थी। एक मरीज ने बताया कि उन्हें सर्जरी की तारीख नहीं दी है। हालांकि,एक कर्मचारी के जरिए चिकित्सक से बात हो रही है। मरीजों का आरोप है कि अधिकारियों ने रिश्वत मांगने के आरोपों पर उन्हें परेशान करने का नया तरीका खोजा है, जिसमें इम्पलांट सर्जरी बंद कर दी गई है। इससे रोजाना 100 से ज्यादा मरीज दूसरे अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

**अस्पताल में तैनात तीन ऑर्थोपेडिक:** शासन ने हड्डी रोग मरीजों के लिए अस्पताल में तीन आर्थोपेडिक विशेषज्ञ तैनात कर रखे हैं। रोजाना 250 से 300 मरीज ओपीडी में परामर्श लेते हैं। मेडिकल छात्र एवं छात्राओं की मदद से उन सभी की प्रारंभिक जांच भी होती है। बीते वर्षों से चौथे तल पर सर्जरी कक्ष में मरीजों को इम्पलांट भी लगाया जाता था, लेकिन 18 फरवरी को शिकायत के बाद इम्पलांट सर्जरी बंद करने से मरीजों की परेशानी बढ़ा दी है। सवाल ये है कि बीते वर्षों में ये व्यवस्था किस तरीके से चल रही थी, जिसमें मरीजों कोई परेशानी नहीं होती थी।

**शिकायत करने पर मरीज को भेजा ग्रेनो:** छलेरा के गणेश सिंह 10 फरवरी को सीढ़ी से गिर गए थे। जिला अस्पताल में उन्हें 12 फरवरी को ऑपरेशन का समय दिया था। आरोप था कि डॉक्टरों ने आपरेशन के 32 हजार रुपये मांगे। पत्नी पूनम देवी ने नकदी भी दे दी। 17 फरवरी को बुजुर्ग ओटी में भी गए लेकिन, डॉक्टर ने ब्लड प्रेशर ज्यादा बताकर बाहर भेज दिया। दामाद इंद्रजीत ने कायत दी कि 32 हजार रुपये देने के बाद 20 हजार रुपये की और मांग पूरी न करने पर ससुर का ऑपरेशन नहीं किया। शिकायत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें शारदा केयर भेज दिया। वहां हजारों की रकम खर्च कर उनकी इम्पलांट सर्जरी करानी पड़ी है।

**गुहार लगाने में छलके आंखों से आंसू:** नोएडा निवासी अनवर का आरोप है कि वह हड्डी की इम्पलांट सर्जरी कराने जिला अस्पताल गए थे, लेकिन चिकित्सकों ने सर्जरी करने से मना कर दिया। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई।

# बाल चिकित्सालय में किडनी के गंभीर मरीजों का इलाज शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान में नेफ्रोलॉजी विभाग को विशेषज्ञ डॉक्टर मिल गया है। अब विभाग में किडनी से संबंधित गंभीर मरीजों का इलाज मिलेगा। बाल चिकित्सालय में एक प्रोफेसर स्तर के नेफ्रोलॉजिस्ट ने 28 मार्च को ज्वाइन कर लिया है। वहीं एक अन्य नेफ्रोलॉजिस्ट ने एक महीना पहले ज्वाइन किया था। इस विभाग में अब डॉक्टरों की संख्या दो हो गई है। नए डॉक्टर के ज्वाइन करने से पहले एक डॉक्टर होने के कारण गंभीर मरीजों का इलाज संभव नहीं हो पा रहा था। अस्पताल में पहले से ही डायलिसिस की सुविधा है, जिसका उपयोग किया जा रहा है।

यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर भी ऐसे मरीजों के इलाज से जुड़े रहे हैं। पहले विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में बाल चिकित्सालय के किडनी विभाग ज्यादातर बंद ही रहा है। पहले भी एक बार यह विभाग शुरू हुआ था, लेकिन बाद में डॉक्टर के अभाव में बंद हो गया था। बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि अस्पताल को नेफ्रोलॉजिस्ट मिल गया है। लिहाजा अब किडनी के गंभीर मरीजों का भी इलाज होगा। जल्द ही अस्पताल में अन्य सुविधाएं भी बढ़ेंगी।भविष्य में इस विभाग में कोर्स शुरू होने की संभावनाभविष्य में नेफ्रोलॉजी विभाग में स्नातकोत्तर का कोर्स भी शुरू होने की संभावना है, क्योंकि इस विभाग में अब प्रोफेसर स्तर के डॉक्टर ने ज्वाइन किया है। पहले से ही अस्पताल के कई चिकित्सकीय विभागों में स्नातकोत्तर का कोर्स चल रहा है। दो डॉक्टरों के होने से विभाग में आने वाले मरीजों को भी बेहतर इलाज मिल सकेगा।

# इंसानों के लिए मंगा लिया जानवरों का 60 हजार इंजेक्शन

**नोएडा अस्पताल की लापरवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के जिला अस्पताल से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों के इलाज के लिए इंसानों वाली सिरिंज के बजाय 60,000 वेटरनरी यानि पशुओं के लिए इस्तेमाल होने वाली सिरिंज का ऑर्डर दे दिया। जानकारी के मुता. बिक, 25 दिसंबर 2025 को अस्पताल प्रशासन ने जेम पोर्टल के माध्यम से लखनऊ की एक एजेंसी को सिरिंज के लिए ऑर्डर भेजा।

हैरानी की बात यह है कि यह ऑर्डर फार्मासिस्ट से लेकर एसएमओ स्टोर और फिर सीएमएस तक तीन स्तरों की निगरानी से गुजरने के बावजूद किसी की नजर इस गंभीर गलती पर नहीं पड़ी और फिर जब सिरिंज की सप्लाई अस्पताल पहुंची और स्टोर रूम में बॉक्स खोले गए, तब उसे देखकर हर कोई हैरान हो गया. पैकेजिंग पर साफ लिखा था कि ये सिरिंज 'पशु चिकित्सा उपयोग के लिए' हैं. यह देखते ही अस्पताल प्रशासन के होश उड़ गए।

**'यह मानवीय भूल थी':** अस्पताल में दवाइयों और उपकरणों की खरीद की एक तय प्रक्रिया होती है, जिसमें कई अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी गलती का होना जिला अस्पताल के सिस्टम और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है. क्योंकि अस्पताल के तरफ से जेम पोर्टल पर दिए गए ऑर्डर में साफ तौर पर 'वेटरनरी सिरिंज' लिखा हुआ था। वहीं इस मामले पर अस्पताल की सीएमएस अजय राणा ने बताया कि ये एक मानवीय भूल है।

**घटना को लेकर उठने लगे हैं सवाल:** उनका कहना है कि जैसे ही सप्लाई आई, तुरंत गलती को पहचान लिया गया और ऑर्डर को वापस कर दिया गया था और न तो कोई बिल बनाया गया और न ही किसी तरह का भुगतान किया गया है. इस पूरे घटनाक्रम के बाद बड़ा सवाल यही है कि आखिर नोएडा जैसे हाईटेक शहर के इस हाईटेक सरकारी अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज इलाज के लिए आते हैं, वहां इस तरह की लापरवाही कैसे हो सकती है? अगर समय रहते यह गलती पकड़ में नहीं आती, तो मरीजों की सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ हो सकता था, लेकिन अस्पताल प्रशासन इसे सिर्फ मानवीय भूल बताने में लगा हुआ है।


**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**


# एमबीए पास युवक से निवेश के नाम पर 91 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने निवेश करने पर मुनाफा होने का झांसा देकर एमबीए पास युवक से 91 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित एक निजी कंपनी में काम करता है। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी अक्षत सिंह ने बताया कि वह एमबीए पास हैं और वर्तमान में एक निजी कंपनी में वर्क फ्रॉम होम करते हैं। उनके मोबाइल में एक मार्च को एक लिंक आया, जिसमें एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा। यह ऐप शेयर बाजार में निवेश और आईपीओ ट्रेडिंग के नाम पर प्रचारित किया गया था।

इसके बाद अक्षत से संपर्क करने वाले लोगों ने खुद को मार्क सिक्योरिटीज लिमिटेड कंपनी का कर्मचारी बताया और कहा कि उनकी कंपनी सेबी से रजिस्टर्ड है। कुछ लोगों ने अपना नाम डॉ. राजीव सिंह, खुशी गोयल और मीनाक्षी बताया और अक्षत को भरोसे में लेकर निवेश करने के लिए तैयार कर लिया।शुरुआत में युवक ने 50 हजार रुपये निवेश किए। इस पर उसे मुनाफा हुआ। बाद में कंपनी के लोगों ने उसे ज्यादा मुनाफे का लालच दिया और लगातार गाइड करते रहे। इसी भरोसे में आकर युवक ने पांच से 12 मार्च के बीच अलग-अलग किस्तों में कुल करीब 51.5 लाख रुपये निवेश कर दिए। ऐप में उसे अच्छा मुनाफा भी दिखाया जाता रहा, जिससे उसका विश्वास और बढ़ गया। युवक को 27 मार्च को बताया गया कि वह अपने शेयर बेच सकता है। जब उसने रुपये निकालने की कोशिश की, तो कंपनी की तरफ से कहा गया कि रुपये एक दिन बाद खाते में आ जाएंगे। मीनाक्षी




नाम की महिला ने 30 मार्च को अक्षत से कहा कि रकम निकालने के लिए पहले 5.75 लाख रुपये कैपिटल गेन टैक्स के रूप में जमा करने होंगे। यहीं से युवक को शक हुआ। उसने देखा कि टैक्स से जुड़ी जानकारी और लिंक किसी दूसरी संस्था से जुड़ा है, जो फर्जी लग रहा था। तब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हो चुकी है। पीड़ित ने बताया कि उससे कुल 91 लाख 78 हजार 155 रुपये की ठगी हुई। इस धोखाधड़ी के कारण वह आर्थिक और मानसिक रूप से काफी परेशान है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई, उनकी जानकारी एकत्र की जा रही है। किराये के खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर होने की आशंका जताई जा रही है।

**ये सावधानी बरतें:** मोबाइल फोन पर आए अनजान लिंक पर क्लिक न करें।-किसी भी ऐप को आधिकारिक स्रोत से डाउनलोड करें।-कंपनी में निवेश करने से पहले सेबी रजिस्ट्रेशन जांचें।-कम समय में ज्यादा रिटर्न मिलने के झांसे में न आएं।-ओटीपी, खाते संबंधी जानकारी या पासवर्ड साझा न करें।

**ठगी होने पर तुरंत शिकायत करें:** पुलिस के अनुसार ठगी होने पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में तुरंत सूचना दें। ठगी के शुरुआती आधे घंटे में अगर जानकारी दे दी जाए तो रकम वापस होने की संभावना 90 प्रतिशत तक रहती है। पुलिस का कहना है कि ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। अगर कोई भी ऑफर जरूरत से ज्यादा अच्छा लगे, तो उस पर तुरंत भरोसा न करें। सावधानी ही इस तरह की ठगी से बचने का सबसे बड़ा तरीका है।

**ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके:** 15 जनवरी: सेक्टर-62 निवासी आईटी इंजीनियर से ट्रेडिंग ऐप के जरिए करीब 32 लाख रुपये की ठगी हुई। आरोपी फर्जी कंपनी बनाकर निवेश करवा रहे थे।10 फरवरी: सेक्टर-75 निवासी महिला से क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर 18 लाख रुपये ठगे गए। आरोपियों ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क किया था।22 फरवरी: ग्रेटर नोएडा के एक व्यापारी से आईपीओ में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 45 लाख रुपये हड़पे गए। बाद में सभी नंबर बंद हो गए।

# शौचालय के गड्डे में गिरने से किशोर की मौत

## घटना को लेकर लोगों ने किया हंगामा, लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के बड़का रोड गांव के निकट शौचालय के खुले गड्डे में गिरकर 10 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में आक्रोश के साथ-साथ हड़कम मच गया। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना को लेकर लोगों ने जमकर हंगामा किया।

लोगों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बुधवार शाम मृतक इरशाद पुत्र शमशाद टयूबवेल के पास खेल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निर्माणधीन शौचालय का गड्डा काफी समय से खुला पड़ा था। खेलते समय अचानक दस वषीर्य किशोर उसमें गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वही स्थानीय लोगों जमील, फारूक, सलीम और आरिफ का आरोप है कि नगर पालिका की जमीन पर शौचालय स्थापित है और उसी स्थान पर अल्पसंख्यक विभाग की ओर से विवाह मंडप का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते खुला गड्डा बच्चे को दिखाई नहीं दिया, जिससे यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। गड्डा लंबे समय से खुला पड़ा था, जिसे ढकने या घेरने की व्यवस्था नहीं की गई। घटना के बाद लोगों में आक्रोश है और उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज रस्तोगी ने बताया कि संबंधित भूमि सरकारी है, जहां नगर पालिका का शौचालय स्थापित है। उसी स्थान पर अल्पसंख्यक विभाग द्वारा विवाह मंडप का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खुले गड्डे के मामले की जांच कराई जाएगी और लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारी व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।





## नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव, प्रसाद किया वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास के साथ हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम के साथ प्रसाद वितरण करते हुए मनाई गई। जगह-जगह हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने मस्तक झुकाकर पूजा अर्चना की। हनुमान जयंती का पर्व बड़ी धूमधाम और बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी रही जिसमें वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। भक्तों ने भगवान हनुमान की पूजा अर्चना करते हुए भजन कीर्तन मंगलदीप उत्साह पूर्वक गये। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन कर स्मृद्धि की कामना की जगह-जगह भजन कीर्तन के साथ झांकियां भी निकल गई। हलवा पुरी बुलदाना लड्डुओं का भोग हनुमान को लगाया गया। हनुमान जयंती पर मंदिरों को सजाकर हनुमान की आरती उतारी गई।

## कांग्रेसियो ने कार्यालय पर मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कार्यालय पर कांग्रेस पदा. धिकारीयो कार्यकर्ताओं ने अतुलित बलधामा पवन पुत्र संकट मोचक हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक धूमधाम के साथ मनाया। उनकी तशवीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर चरण वंदन शत नमन किया। उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।

इस शुभ अवसर पर पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह ने उनके महान जीवनव्रत पर प्रकाश डालते हुए बताया हनुमान ने अन्याय बुराई अधर्म के विरुद्ध मानवता की रक्षा के लिए अपनी अतुलनीय शक्ति का प्रयोग कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सकारात्मक संदेश दिया। एकता रक्षा सेवा सहयोग का संदेश दिया। हमे प्रतिदिन संकट की रक्षा के लिए उनका ध्यान करना चाहिए। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा हम सबके सबके ह्रदय मे बसने वाले हनुमान हमे सही दिशा मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है। हम सभी कोटि कोटि नमन करते है। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह रामरंग पंवार बिजेन्द्र शर्मा शोकेन्द्र तोमर ब्रजमो. हन शर्मा रविन्द्र तोमर सोनू त्यागी नरेन्द्र संजीव प्रेमपाल पप्पू कश्यप औकार दत्त आदि उपस्थित रहे।



## चौ.जगबीर सिंह के आवास पर हुआ शांति हवन-पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के हिलवाडी गांव में चौधरी जगबीर सिंह के आवास पर शांति हवन यज्ञ किया गया जिसमें किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह जिलाध्यक्ष चौधरी कालूराम सिंह जिला प्रवक्ता परवेज अहमद जिला सचिव नरेंद्र सिंह प्रदेश सचिव ठाकुर बृजपाल सिंह थांबा चौधरी विराज नंबरदार ठाकुर संजू सिंह चौधरी यशवीर सिंह हिलवाड़ी विनोद चौधरी ने शांति यज्ञ में आहुति देकर यज्ञ को संपन्न कराया। इस मौके पर किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी कालूराम सिंह हिलवाड़ी ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर अपने-अपने आवास प्रतिष्ठान पर यज्ञ हवन करते रहना चाहिए यज्ञ करने से शुद्धिकरण होता है और यज्ञ में दी जाने वाली आहुतियों की सुगंध से हवा के साथ जहरीली हवा खत्म होती है और सुविधा हवा का प्रकोप रहता है जहां-जहां यज्ञ का धुआं उड़ कर जाता है वहां पर शुद्धिकरण हो जाता है यज्ञ में आहुति देने से शरीर का शुद्धिकरण होता है। इस अवसर पर गांव के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## एक नजर

### बेन-हर विद्यालय की सभी शाखाओं में नवीन सत्र का भव्य आगाज

ihyhHkhrA नगर स्थित बेन–हर की सभी शाखाओं में गुरुवार का दिन अत्यंत उत्साह और नवीन ऊर्जा से भरा हुआ था, क्योंकि इस दिन नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। लंबे अवकाश के बाद बच्चे प्रसन्नचित होकर विद्यालय पहुंचे। उनके चेहरों पर नई कक्षा में प्रवेश करने की खुशी और कुछ नया सीखने की उत्सुकता स्पष्ट दिखाई दे रही थी। छोटे बच्चे जहां अपने लिए नए बैग, किताबें और यूनिफॉर्म को लेकर उत्साहित थे वहीं बड़े बच्चे अपने मित्रों से मिलकर आनंदित हो रहे थे। सभी विद्यालय परिसरों को गुब्बारों और पुष्प मालाओं से सजाया गया तथा विद्यालय की सभी कक्षाओं में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं रोमांचक गतिविधियों का संचालन भी किया गया जिससे विद्यार्थियों के लिए सत्र का पहला दिन यादगार बन गया। बेन हर संस्थापिका रंजीत कौर सैहमी एवं बेन–हर पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ परविंदर सिंह सैहमी ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र की शुरुआत और सफलता के लिए शुभाशीर्वाद प्रदान किये। बेन– हर गुरुकुल के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने विद्यार्थियों को वर्ष भर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा बेन–हर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी एवं बेन–हर गुरुकुल की प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ने प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए। संपूर्ण कार्यक्रम की

## एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवददाता**

**बागपत।** गुरुवार को अपर जिला. धिकारी विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिट एंड रन की घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिका. रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़कों पर लगाए गए ब्लैंकेट (स्पीड ब्रेकर/चिन्हित स्थानों) पर स्पष्ट साइनेज बोर्ड लगाए जाएं, जिससे वाहन चालकों को पूर्व में ही सतर्क किया जा सके। विशेष रूप से विद्यालयों के सामने वाहनों की गति नियंत्रित रखने और तीव्र गति से वाहन न निकालने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए और ऐसे प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में अनफिट वाहन संचालित न हों। सभी वाहनों की पोर्टल पर सही एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए तथा यह भी ध्यान रखा जाए कि स्कूली बच्चे अनफिट वाहनों में यात्रा न करें। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी लेकिन को मान्य बताया कि परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित किया गया हैं। यह पोर्टल 01अप्रैल से लाइव किया गया है तथा इस पर विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों का पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन एवं अनुपालन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। उक्त के दृष्टिगत जनपद के समस्त विद्यालय उक्त पोर्टल पर अपने वाहनों का विवरण निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से फीड़ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई स्कूल संचालक नियमों के विरुद्ध वाहन संचालन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जिन एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, उन पर आम जनता का आवागमन प्रतिबंधित रहे। जब तक उनका औपचारिक लोकार्पण न हो जाए, तब तक किसी भी प्रकार की यात्री आवा. जाही न की जाए। ऐसी स्थिति में यदि कोई दुर्घटना होती है, तो मुआवजा दिए जाने का प्रावधान नहीं होता है। बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अतुल कुमार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## उपभोक्ताओं ने सिलेंडर न मिलने पर किया विरोध प्रदर्शन

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं ने समय पर सिलेंडर न मिलने को लेकर एजेंसियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब सिलेंडर लेने के लिए एवं बुकिंग करने के लिए जाते हैं तो लगभग दो-तीन घंटे का इंतजार लाइन में लगकर करना पड़ता है जब एजेंसियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं तो एजेंसी मलिक पुलिस बुला लेते हैं।

## गांव में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में मचा हड़कंम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के चौगामा क्षेत्र शाहपुर बाणगंगा गांव में लगातार 2 दिन से तेंदुआ देखने से ग्रामीणों में हड़कंम मचा हुआ है।

बृहस्पतिवार की सुबह भी ग्रामीणों को तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुवा देखने से किसान भयभीत है। तेंदुआ तेंदुए ने गाय के छोटे बछड़ों को अपना निवाला बना लिया। बछड़ों के अवशेष गन्ने के खेत के पास पड़े मिले। ग्रामीण किसान रमेश सिंह सतबीर उमेश दिमाग सिंह प्रदीप हरेंद्र चौधरी ने बताया कि गांव के बारिश छोर पर गन्ने के खेत के पास बछड़े के अवशेष पड़े मिले जिन्हें गढ्ढे खुदवा कर दबाया गया है। सुनीता जब पशुओं को चारा डालने गई तो वहां उनका बंधा हुआ बछड़ा दिखाई नहीं दिया। महिला ने यह सूचना अपने परिजनों को दी बछड़े को काफी तलाश किया। मगर उसके अवशेष गन्ने के खेत के पास पड़े मिले। तेदवे मिलने की सूचनाएं आसपास के ग्रामों में भी फैल गई। रामकुमार ने बताया कि जब सुबह भैंसा बुग्गी लेकर खेत में जा रहा था तो खेत के पास बछड़े के अवशेष पड़े मिले। रकम सिंह बालेश्वर विजेंद्र राजेंद्र जोगि. ंदर सतपाल ने जाकर बछड़ों के अवशेष को खुदाई करके मिट्टी में दबाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी वन विभाग के आलाअधिकारी भी तेंदुए की छानबीन में लग गए हैं।



## जिलाधिकारी ने किसानों को किए चिया सीड्स के पैकेट वितरित

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किसानों को 'काले सोने' यानी चिया सीड्स के पैकेट वितरित किए तथा इसकी व्यावसायिक खेती के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी का विजन है कि बागपत में चिया सीड्स की खेती इस स्तर पर हो जो जनपद की पहचान और किसानों की समृद्धि का आधार बने। यह केवल खेती से जुड़ा विषय नहीं बल्कि बागपत जनपद की आवश्यकताओं से भी जुड़ा है क्योंकि यहां गन्ने जैसी पारंपरिक फसलों के कारण भूजल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है और भूमि की उर्वरक क्षमता भी कम हो रही है। ऐसे में वैकल्पिक फसल के रूप में चिया सीड्स की खेती एक बेहतर विकल्प साबित हो सकती है।

## लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 के तहत हुआ कमेटी का गठन

**बडौत।** नगर के चौधरी केहर सिंह इंस्टीटयूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एण्ड हॉस्पिटल कोताना रोड बडौत के कैम्पस में लैंगिंक उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम (पॉश एक्ट -2013) के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पॉश एक्ट 2013 से संबंधित जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को हुए कार्यक्रम का उद्घाटन चौधरी के सिंह एजुक. ेशनल ट्रस्ट के सचिव डा.मनीष तोमार व कोषाध्यक्षा डा.गीताजंलि तोमर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डा.मनीष तोमर ने नर्सिंग के विघ्यार्थियों को बताया कि लैंगिक उत्पीडन को जागरूकता से ही दूर किया जा सकता है। महिलाओं और लड़कियों को भी सम्मान जीवन जीने का हक है।


### उत्तर रेलवे

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) हेतु फेसिलिटेटर के चयन के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना (NIA). (फाइल संख्या: CIID/ATVM Facilitators/2026-2027)

| क्रम सं. | विवरण | विवरणात्मक जानकारी |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन आमंत्रण सूचना संख्या | CIID/ATVM Facilitators/2026-2027 |
| 2 | कार्य का नाम एवं स्थान | दिल्ली मंडल के अंतर्गत 47 रेलवे स्टेशनों (NDLS, DLI, NZM, ANVT, DEE, DEC, PM, PTRD, NNO, SSB, GGN, DKZ, JIND, JHL, MSZ, NRW, TUN, ROK, BGZ, JNA, PNP, SNP NUR, SZM, SMK, GNU, KUN, KKDE, DSA, NOLI, BPM, BTU, GZB, SBB, PWL, BVH, FDN, FDB, TKD, MTC, MDNR, MUD, MUT, DBD, MOZ, TPZ और SMQL) पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से एक वर्ष की अवधि के लिए फेसिलिटेटर का चयन। |
| 3 | आवेदन का प्रकार | खुला आवेदन |
| 4 | आवेदन जमा करने का पता, अंतिम तिथि एवं समय (ऑफलाइन माध्यम) | इच्छुक आवेदक अपने आवेदन ऑफलाइन माध्यम से 01.04.2026 से 14.04.2026 तक, सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर, निम्न पते पर जमा कर सकते हैं: वाणिज्य शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055. |
| 5 | आवेदन जमा करने हेतु ई-मेल पता (ऑनलाइन माध्यम) | इच्छुक आवेदक अपने आवेदन ऑनलाइन माध्यम से निम्न आधिकारिक जी-मेल पते पर 01.04.2026 से 14.04.2026 तक, सायं 17:00 बजे तक भेज सकते हैं: srdcm.ndls@gmail.com |
| 6 | स्व-प्रमाणित दस्तावेजों की सूची, जो आवेदन के साथ जमा किए जाने हैं | 1. नवीनतम पीपीओ (PPO) एवं सेवा प्रमाण पत्र की छायाप्रति (स्वप्रमाणित)। 2. आधार कार्ड की छायाप्रति (स्वप्रमाणित)। 3. पैन कार्ड की छायाप्रति (स्वप्रमाणित)। 4. दो पासपोर्ट आकार के फोटो। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1093/2026



### रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

**04081/04082 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन दिन) — 80 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04081 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | -- |
| 12:00 | -- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 21:00 |

चलने के दिन: **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 15.04.2026 से 15.07.2026 (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार) और **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 16.04.2026 से 16.07.2026 (मंगलवार, गुरूवार, शनिवार) तक।
**स्थान** : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
**ठहराव** : पानीपत, कुरुक्षेत्र जं. अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04610/04609 अमृतसर - बरौनी - अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04610 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04609 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:10 | अमृतसर | 13:15 | -- |
| 02:10 | -- | बरौनी | -- | 05:05 |

चलने के दिन: **04610 अमृतसर** से दिनांक 19.04.2026 से 12.07.2026 (रविवार) और **04609 बरौनी** से दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 (मंगलवार) तक।
**स्थान** : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
**ठहराव** : ब्यास, जलंधर सिटी, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (द्वि-साप्ताहिक) — 52 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04314 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | -- |
| 11:20 | -- | मुजफ्फरपुर | -- | 14:00 |

चलने के दिन: **04314 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 16.04.2026 से 12.07.2026 (गुरूवार एवं रविवार) और **04313 मुजफ्फरपुर** से दिनांक 17.04.2026 से 13.07.2026 (शुक्रवार एवं सोमवार) तक।
**स्थान** : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
**ठहराव** : हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन।

**04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04316 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04315 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 01:30 | -- |
| 06:20 | -- | गोरखपुर | -- | 09:00 |

चलने के दिन: **04316 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 (मंगलवार) और **04315 गोरखपुर** से दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 (बुधवार) तक।
**स्थान** : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
**ठहराव** : हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा एवं बस्ती, स्टेशन।

**01705/01706 जबलपुर - अयोध्या धाम - जबलपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01705 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01706 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:40 | जबलपुर | 06:45 | -- |
| 07:05 | 07:15 | वाराणसी | 17:10 | 17:20 |
| 11:25 | -- | अयोध्या धाम | -- | 13:30 |

चलने के दिन: **01705 जबलपुर** से दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 (मंगलवार) और **01706 अयोध्या धाम** से दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 (बुधवार) तक।
**स्थान** : प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
**ठहराव** : सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं जौनपुर स्टेशन।

**04512/04511 चण्डीगढ़-पटना जं.-चण्डीगढ़ आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04512 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04511 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:35 | चण्डीगढ़ | 21:40 | -- |
| 21:15 | -- | पटना जं. | -- | 23:15 |

चलने के दिन: **04512 चण्डीगढ़** से दिनांक 16.04.2026 से 09.07.2026 (गुरूवार) और **04511 पटना जं.** से दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 (शुक्रवार) तक।
**स्थान** : प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य ।
**ठहराव** : अंबाला कैंट, सहारनपुर, रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेतिया, सुल्तानपुर, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

**04520/04519 बठिण्डा-वाराणसी-बठिण्डा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (द्वि-साप्ताहिक) — 54 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04520 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04519 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:50 | बठिण्डा | 17:00 | -- |
| 17:30 | -- | वाराणसी | -- | 20:40 |

चलने के दिन: **04520 बठिण्डा** से दिनांक 15.04.2026 से 15.07.2026 (बुधवार एवं शनिवार) और **04519 वाराणसी** से दिनांक 16.04.2026 से 16.07.2026 (गुरूवार एवं रविवार) तक।
**स्थान** : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
**ठहराव** : रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, नजीबाबाद, मुरादाबाद बरेली, आलमनगर, उतरेतिया, रायबरेली एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश-कोलकाता-योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04312 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04311 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:20 | योग नगर ऋषिकेश | 23:30 | -- |
| 08:00 | -- | कोलकाता | -- | 13:55 |

चलने के दिन: **04312 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 (शुक्रवार) और **04311 कोलकाता** से दिनांक 19.04.2026 से 12.07.2026 (रविवार) तक।
**सीान** : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य ।
**ठहराव**: हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, आलम नगर, उतरेतिया, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, एनएससी बोस गोमोह, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी स्टेशन।

**04217/04218 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी का मौजूदा मार्ग, समय सारणी, चलने के दिन एवं संरचना के साथ विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. | से-तक | पूर्व घोषित तिथि | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 04217 | वाराणसी-लखनऊ | 31.05.26 | 01.06.26 से 15.07.26 |
| 04218 | लखनऊ-वाराणसी | 31.05.26 | 01.06.26 से 15.07.26 |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — सदैव आपकी सेवा में — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शामली में गेहूं खरीद कार्यशाला का हुआ आयोजन

## बैठक में किसानों को दी गई विस्तृत जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी द्धन्यायिकऋ एवं जिला खरीद अधिकारी सोहनलाल की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के संबंधित अधिकारियों एवं क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 30 मार्च 2026 से गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में कुल 28 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 4, पीसीएफ के 16, पीसीयू के 5 तथा भारतीय खाद्य निगम के 3 केंद्र शामिल हैं। इनमें से 4 केंद्रों को मोबा. इल क्रय केंद्र के रूप में भी विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये अधिक है। गेहूं खरीद की अवधि 30 मार्च से 15 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। क्रय केंद्र रविवार और राजपत्रित अवकाश को छोड़कर अन्य कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। कार्यशाला में किसानों को यह भी बताया गया कि



यदि उनका गेहूं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है, तो वे स्वयं उसकी सफाई और छनाई कर सकते हैं। यदि यह कार्य केंद्र पर श्रमिकों द्वारा कराया जाता है, तो अधिकतम 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से भुगतान करना होगा, जिसकी प्रतिपूर्ति किसानों को पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खाते में की जाएगी। किसानों को गेहूं बेचने के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण या नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा। किसान 'किसान मित्र' ऐप के जरिए भी क्यूआर कोड स्कैन कर पंजीकरण कर सकते हैं। बटाईदार किसान भी पंजीकरण कर अपनी उपज बेच सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीदे गए गेहूं का भुगतान ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसानों के सत्यापित बैंक खातों में 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। क्रय केंद्रों पर खरीद पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर होगी। अधिक भीड़ होने की स्थिति में अ ॉफलाइन टोकन व्यवस्था लागू की जाएगी। महिला, वृद्ध और दिव्यांग किसानों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही ई-पॉप मशीन के माध्यम से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के बाद ही गेहूं की खरीद को मान्यता दी जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी क्रय एजेंसियों को निर्देश दिए कि केंद्रों पर सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तथा गेहूं को बारिश और अन्य आपदाओं से बचाने के लिए उचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला में सभी संबंधित अधिक. ारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भट्टा मजदूर यूनियन ने डीएम कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भट्टा मजदूर यूनियन के मंडल अध्यक्ष कुलदीप कुड़ाना के नेतृत्व में मजदूरों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मजदूरों ने अपनी मूलभूत सुविधाओं और अधिक. ारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में मजदूरों ने वर्ष 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी संबंधी शासनादेश को तत्काल लागू कराने की मांग की। उनका कहना है कि कई स्थानों पर अभी तक निर्धारित मजदूरी का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों ने भट्टों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को भी गंभीर समस्या बताया। उन्होंने मांग की कि सभी भट्टों पर शौचालय, बिजली और स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा मजदूरों के लिए प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, ईंधन के लिए लकड़ी की व्यवस्था करने तथा उनके बच्चों के लिए शिक्षा की उचित व्यवस्था किए जाने की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि भट्टा मजदूरों के साथ-साथ कुम्हार और अन्य श्रमिक वर्गों के लिए भी न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित की जाए तथा मजदूरी में किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए। मजदूरों ने प्रशासन से मांग की कि इस संबंध में सख्त निगरानी रखी जाए, ताकि श्रमिकों का शोषण न हो। इसके अतिरिक्त मजदूरों ने जिले में अपात्र राशन कार्डों को निरस्त कर पात्र भट्टा मजदूरों के नए राशन कार्ड बनाए जाने की मांग भी उठाई। इस दौरान अनिल भाजू, अरविंद और विनयपाल सहित अन्य मजदूर उपस्थित रहे।

# थानाभवन क्षेत्र की बेटी ने योग में गोल्ड जीतकर, प्रदेश का नाम किया रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव मंटी हसनपुर निवासी बालेश सैनी की 14 वर्षीय पुत्री होनहार छात्रा जस्सी सैनी ने योग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने गांव और क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव पहुंचने पर ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत कर गर्व जताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ स्थित रयात बहरा यूनिवर्सिटी में एक राष्ट्रीय स्तर का टैलेंट शो आयोजित किया गया जिसका नाम हकितना है दमह्व था। इस प्रतियोगिता में देशभर से 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें डांस, योग, और गायन जैसी विभिन्न विधाएं शामिल थीं। योग कैटेगरी में 50 से अधिक प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई।इस कड़े मुकाबले में जस्सी सैनी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक के आधार पर प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही उन्हें संस्था की ओर से 5000 रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

सबसे खास बात यह रही कि जस्सी सैनी ने योग की शुरुआत किसी कोचिंग सेंटर से नहीं बल्कि मोबाइल के जरिए ऑनलाइन वीडियो देखकर की। तीन साल पहले तक वह मोबाइल से योग सीखती थीं और पिछले दो वर्षों से स्वयं अभ्यास कर अपने कौशल को निखारा। आज उसी मेहनत का परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई।जहां आजकल अधिकांश बच्चे मोबाइल को केवल मनोरंजन का साधन बना रहे हैं वहीं जस्सी सैनी ने उसी मोबा. इल का सकारात्मक उपयोग कर अपनी प्रतिभा को निखारा और सफलता की नई मिसाल पेश की। जस्सी सैनी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और वह अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं।

# शत्रु संपत्ति पर पालिका कर रही नाला निर्माण

## नियमों को ताक पर रख नगर पालिका उड़ा रही सरकारी धन

- जहां न आबादी, न जलभराव फिर किसके लिए बन रहा नाला, सबमर्सिबल तोड़ा, ट्रांसफार्मर की जाली हटाने का भी प्रयास।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर में शत्रु संपत्ति पर कराए जा रहे नाला निर्माण को लेकर नगर पालिका परिषद सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि सरकार द्वारा घोषित शत्रु संपत्ति पर बिना स्पष्ट आवश्यकता और नियमों की अनदेखी करते हुए नाले का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस दिशा में नाला बनाया जा रहा है, वहां न तो कोई आबादी है और न ही जल निकासी की कोई वास्तविक समस्या दिखाई देती है। ऐसे में लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किस आधार पर इस स्थान को नाला निर्माण के लिए चुना गया।





जानकारों का कहना है कि शत्रु संपत्ति केंद्र सरकार के अधीन होती है और उस पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य कराने से पहले संबंधित विभागों से अनुमति लेना आवश्यक होता है। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद द्वारा इस भूमि पर नाला निर्माण कराए जाने से नियमों की अनदेखी की आशंका गहराती जा रही है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिना जरूरत के ऐसे निर्माण कार्य कराकर सरकारी धन की बर्बादी की जा रही है, जबकि जिम्मेदार अधिक. ारी पूरे मामले से बेखबर बने हुए हैं। लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और नाला निर्माण से संबंधित स्वीकृति व दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की है।बताया जाता है कि नाला निर्माण कराने की जल्दबाजी में ठेकेदार ने वहां पहले से लगा नगर पालिका का सबमर्सिबल भी तुड़वा दिया, जिससे सड़क पर पानी फैलने लगा। इतना ही नहीं, पास में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर की सुरक्षा जाली को भी हटाने के लिए विद्युत टीम को बुलाने का प्रयास किया गया। मुख्य मार्ग होने के कारण वहां से स्कूली बच्चे और राहगीर भी गुजरते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ था। बाद में वार्ड सभासद मोहसिन के प्रयासों से वहां बैरिकेडिंग कराई गई, जिससे संभावित दुर्घटना टल सकी।उधर, इस पूरे मामले में नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका। नगर में यह मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर नियमों को दरकिनार कर यह निर्माण कार्य किसके इशारे पर कराया जा रहा है। वही जब इस सम्बंध में कैराना नगर पालिका अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप से जानकारी करने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं कि। इस संबन्ध में तहस. ीलदार कैराना अर्जुन चौहान का कहना है कि शत्रु संपत्ति पर नाला निर्माण की शिकायत मिली थी, जिसके बाद ईओ कैराना को बुलवाकर निर्माण को रोक दिया गया है।

# भाकियू महात्मा टिकैत का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने युवा जिलाध्यक्ष राहुल चौधरी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए राष्ट्रपति के नाम अपर जिला. धिकारी सत्येंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि वर्तमान समय में किसान कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उनकी समस्याओं पर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रबी सीजन की फसलों, विशेष रूप



से गेहूं और सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य द्धएमएसपीऋ पर खरीद सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। किसानों ने हरियाणा सरकार की नई प्रक्रियाओं पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि गेट पास बनवाने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन और ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर प्लेट अनिवार्य कर उसका फोटो अपलोड करने जैसी व्यवस्थाएं बेहद जटिल और अव्यवहारिक हैं। इन नियमों के कारण मंडियों में अनावश्यक देरी हो रही है और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है। किसानों ने इन नियमों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। इसके अलावा किसानों ने गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों को न्याय पंचायत स्तर पर स्थापित करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि शहरों में स्थित क्रय केंद्रों पर अक्सर कर्मचारियों और व्यापारियों की मिलीभगत के चलते किसानों की उपज की खरीद प्रभावित होती है। आरोप लगाया कि कई स्थानों पर किसानों की बजाय व्यापारियों के गेहूं को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान सतपाल, इमरान, सुनील, देवेंद्र, आजाद, शुभम शर्मा, विकास बालियान और अमित चौधरी सहित कई किसान मौजूद रहे।

# सिटी बिजलीघर पर उपभोक्ताओं का हंगामा

## स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सिटी बिजलीघर पर गुरुवार को विद्युत उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग पर बिना पूर्व सूचना के बिजली कनेक्शन काटने का आरोप लगाया और स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर नारा. जगी जताई। इस दौरान बिजली बिल जमा करने को लेकर भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि पिछले एक महीने से स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को अचानक बिजली गुल होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर की एडवांस तकनीक के तहत बकाया बिल या बैलेंस खत्म होते ही कनेक्शन स्वतः बंद हो जाता है। इसी कारण कई उपभोक्ताओं के घरों की बिजली बिना किसी पूर्व सूचना के कट गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया।

गुरुवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिटी बिजलीघर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि रात के समय अचानक बिजली चली गई, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। उपभोक्ताओं का कहना था कि यदि पहले से सूचना दी जाती तो वे समय पर बिल जमा कर देते। उन्होंने स्मार्ट मीटर को आम जनता के हित में न बताते हुए इसे हटाकर पुराने मीटर दोबारा लगाने की मांग की। इसके साथ ही उपभोक्ताओं ने एडवांस पेमेंट प्रणाली का भी विरोध किया। उनका कहना था कि पहले की तरह बिल आने के बाद भुगतान की व्यवस्था अधिक सुविधाजनक थी, जबकि एडवांस सिस्टम से उन्हें अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। हंगामे के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिल जमा होने के दो घंटे के भीतर बिजली कनेक्शन पुनः चालू कर दिया जाएगा। भीड़ को देखते हुए बिजली विभाग ने अतिरिक्त काउंटर भी लगाए, ताकि उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में सुविधा मिल सके। इसके बावजूद लंबी कतारें लगी रहीं और कई जगह धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली। इस मौके पर राकेश कुमार, वाहिद, दीपक कुमार, सागर, जितेंद्र, शमशाद, सुरेश कुमार और रमेश वर्मा सहित कई उपभोक्ता मौजूद रहे।

# शामली में नीट परीक्षा केंद्र की मांग

## सांसद इकरा हसन ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ज्ञापन सौंपकर जनपद शामली में नीट परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की है। उन्होंने इस मुद्दे को छात्रों के हित से जुड़ा बताते हुए इसे गंभीरता से लेने की अपील की।



सांसद ने अपने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा द्धनीटऋ के लिए शामली जिले में कोई भी परीक्षा केंद्र उपलब्ध नहीं है। इसके कारण यहां के छात्रों को परीक्षा देने के लिए अन्य जिलों में जाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए कठिन साबित होती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं या आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इकरा हसन ने कहा कि दूर-दराज के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में छात्रों को परिवहन, समय और अतिरिक्त खर्च जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार छात्रों को परीक्षा से एक दिन पहले ही दूसरे शहर में ठहरना पड़ता है, जिससे उनके ऊपर मानसिक दबाव भी बढ़ता है। ऐसे में यह व्यवस्था उनकी तैयारी और प्रदर्शन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने अपने ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया कि शामली जनपद और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। बावजूद इसके, परीक्षा केंद्र का अभाव उनके लिए एक बड़ी बाधा बना हुआ है। सांसद ने कहा कि यदि जिले में ही परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाता है तो इससे छात्रों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि उन्हें समान अवसर भी प्राप्त होंगे। सांसद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि आगामी नीट परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शामली में एक या एक से अधिक परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इकरा हसन ने कहा कि यदि यह मांग पूरी होती है, तो इससे हजारों छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा और वे बिना किसी अनावश्यक परेशानी के अपनी परीक्षा दे सकेंगे। उन्होंने इसे क्षेत्र के शैक्षिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# डिजिटल जनगणना 2027 को लेकर बैठक

## 3500 प्रगणक और 450 सुपरवाइजर किए जाएंगे नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री सत्येंद्र सिंह ने की। इस दौरान जनगणना से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अधिकारियों को जानकारी दी गई कि जनगणना किसी भी देश के निवासियों की भौगोलिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति का एक निश्चित समय पर किया जाने वाला व्यापक आकलन है। यह प्रक्रिया देश के विकास, योजनाओं के निर्माण और नीति निर्धारण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। वर्ष



2027 में होने वाली जनगणना स्वतंत्रता के बाद देश की आठवीं जनगणना होगी, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना 2027 को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक भवन और उसमें उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण में 09 फरवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच नागरिकों की गणना की जाएगी, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित जानकारी संकलित की जाएगी। इस बार जनगणना की सबसे खास बात यह है कि इसे पहली बार पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन का उपयोग किया जाएगा। प्रगणक द्धएन्यूमरेटरऋ द्वारा प्रत्येक परिवार से कुल 34 प्रश्न पूछे जाएंगे, जो मकान की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित होंगे। इन प्रश्नों को पहले ही विभिन्न माध्यमों से सार्वजनिक किया जा चुका है, ताकि आम नागरिकों को इसकी जानकारी हो सके। बैठक में यह भी बताया गया कि इस बार (स्व-जनगणना) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत नागरिक 07 मई से 21 मई 2026 के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक 12 अंकों की सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी, जिसे संबंधित प्रगणक को दिखाकर सत्यापन कराया जा सकेगा। जनपद शामली में इस व्यापक कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए लगभग 3500 प्रगणक और 450 सुपरवाइजर नियुक्त किए जाएंगे। ये सभी निर्धारित समयसीमा के भीतर जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करेंगे। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को गंभीरता से लेते हुए समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करें तथा डिजिटल प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू किया जाए, ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

# भैसानी इस्लामपुर में दबंगई दिखाते हुए की गई मारपीट

## पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर में दबंगई का मामला सामने आया है। गांव के ही मुस्तकीम पुत्र आशक अली ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके घर के सामने वकील पुत्र फैयाज़ का मकान है जो दबंग रूप दिखाते हुए उनके घर के सामने नाली में कूड़ा कचरा डाल देते हैं जिससे उनकी नाली बंद हो जाती है और पानी बाहर आ जाता है स जिससे उन्हें घर के बाहर आने-जाने में दिक्कत होती है। 30 मार्च की शाम को जब मुस्तकीम की भाभी ने वकील को कूड़ा डालने से रोका तो उन्होंने अपने पुत्रों और पत्नी के साथ मिलकर मुस्तकीम के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए उनकी पुत्री और भाभी को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने आकर बड़ी मुश्किल से उन्हे छुड़ाया। प्रार्थी ने 112 डायल नंबर पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची। प्रार्थी घायल अपनी पुत्री और भाभी को प्राथमिक उपचार के लिए थाना भवन स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचा सजहां प्राथमिक उपचार के बाद अल्ट्रासाउंड के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। प्राथी ने डॉक्टरी रिपोर्ट के साथ थाने में तहरीर देकर वकील उसके पुत्रों व पत्नी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्रवाई की।

# नम आंखों में किया कैफ को सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** लुधियाना की पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में जान गंवाने वाले झिंझाना निवासी युवक कैफ का शव बृहस्पतिवार को उसके आवास पहुंचा तो पूरे मुहल्ले में को. हराम मच गया। कस्बे के ऊन रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय कैफ पुत्र जमील अपने परिवार के साथ मजदूरी करने के लिए कुछ दिन पूर्व ही लुधियाना गया था। मंगलवार देर शाम फैक्ट्री में हुए तेज धमाके में उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि साथ काम कर रही युवती अलीशा गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसका उपचार जारी है। घटना के तीन दिन बाद कैफ का शव झिंझाना लाया गया। शव के घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। गमगीन माहौल में मृतक को रात्रि में ही सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान हर कोई हादसे को लेकर स्तब्ध नजर आया। परिजनों ने बताया कि जमील अपने परिवार के साथ बेहतर रोज़गार की तलाश में लुधियाना गया था, लेकिन यह हादसा पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ बनकर टूट पड़ा। वहीं, क्षेत्र में भी शोक की लहर व्याप्त है।

# SRH ने KKR के सामने रखा बड़ा लक्ष्य

### हैदराबाद ने अभिषेक, हेड़ व क्लासेन दम पर बनाएं 226 रन जवाब में केकेआर की भी तेज शुरूआत

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 227 रन का टारगेट दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में केकेआर ने बालिंग चुनी। एसआरएच ने पावरप्ले में 84 रन बनाने के बाद 10 ओवर तक 4 विकेट गंवा दिए। हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी लगाकर टीम को 226 तक पहुंचा दिया। कोल. काता से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट लिए।

कोलकाता ने 1.3 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 30 रन बना लिए हैं। टीम से अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी पिच पर हैं। फिन एलन 28 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें हर्ष दुबे ने



पवेलियन भेजा। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 226 रन बना लिए। यह इस सीजन का बेस्ट स्कोर है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने एसआरएच के खिलाफ ही 224 रन बनाए थे। एसआरएच से हेनरिक क्लासन ने 52, नीतीश रेड्डी ने 39, अभिषेक शर्मा ने 48 और ट्रैविस हेड ने 46 रन बनाए। कोलकाता के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 और वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट लिए। कार्तिक त्यागी और अनुक. ूल राय को 1-1 विकेट मिला। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर ब्लेसिंग मुजरबानी ने शिवांग कुमार को कैच करा दिया। यह उनका चौथा विकेट रहा। उन्होंने हेनरिक क्लासन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को भी पवेलियन भेजा। आखिरी ओवर में हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने तीसरी गेंद पर स्क्वेयर लेग की दिशा में चौका लगाया और 34 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। अगली ही गेंद पर वे कैच भी हो गए। 19वें ओवर में वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहली गेंद पर नीतीश रेड्डी को वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच कराया। रेड्डी ने 39 रन बनाए। अगली ही गेंद पर वैभव ने सलिल अरोड़ा को बोल्ड भी कर दिया। 18 ओवर के बाद हैदराबाद ने 200 रन पूरे कर लिए। नीतीश रेड्डी ने कार्तिक त्यागी के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की डबल सेंचुरी पूरी करा दी। नीतीश रेड्डी और हेनरिक क्लासन ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। टीम ने 10वें ओवर में 118 रन के स्कोर पर चौथा विकेट गंवा दिया था। रेड्डी और क्लासन ने यहां से 15 ओवर में टीम का स्कोर 168 रन तक पहुंचा दिया। 14वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 150 रन पूरे कर लिए। टीम ने 9वें और 10वें ओवर में 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से हेनरिक क्लासन और नीतीश रेड्डी ने पारी संभाल ली।



**KKR के खिलाफ अपनी 48 रनों की धुआधार पारी के दौरान शॉर्ट खेलते हैदराबाद के अभिषेक शर्मा।**

### खेल विशेष

#### भूटान को 5.0 से रौंद कर भारत सैफ अंडर-20 चैपिंयनशिप के फाइनल में

**माले (मालदीव), वार्ता।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भूटान को 5.0 से हराकर सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। जहां उसका मुकाबला बंगलादेश से होगा। नेशनल स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में मौजूदा चैंपियन टीम ने रफ्तार, सटीकता और जबरदस्त फिनिशिंग से भरा एक शानदार प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम का शुक्रवार को बंगलादेश के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय हो गया, क्योंकि दूसरे सेमीफाइनल में बंगलादेश ने नेपाल को 1-0 से हराया था। मैच में रोहेन सिंह चापामयुम सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्होंने 56वें और 57वें मिनट में दो गोल किए और भारत के आक्रामक खेल में अहम भूमिका निभाई।

#### आदित्य एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटार, वार्ता।** भारतीय बॉक्सर आदित्य प्रताप यादव ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में पुरुों के 65किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गए मुकाबले में आदित्य ने सऊदी अरब के मूसा अलहबसाव को 5.0 से हराया। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव से होगा। अब तक, विश्वनाथ सुरेश (पुरु 50किग्रा), सचिन (पुरु 60किग्रा), प्रिया (महिला 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिला 54किग्रा) और दीपक (पुरु 70किग्रा) ने एशियन बॉलक्सग चैंपियनशिप 2026 में अपने शुरुआती दौर के मुकाबले जीत लिए हैं। जादुमणि सिंह (पुरु 55किग्रा) टूर्नामेंट में अपना मैच पहले ही हार गए थे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को उनके शुरुआती दौर में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दिया गया था।

## फीफा रैंकिंग में फ्रांस नंबर वन पर पहुंचा

**(स्विट्जरलैंड), वार्ता।** मार्च महीने के अंतर्राट्रीय मैचों में शानदार प्रदर्शन करे हुए फांस लगभग आठ साल में पहली बार फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ा पर वापस आ गया है। फीफा रैंकिंग की ताजा अपडेट के अनुसार ब्राजील और कोलंबिया पर दोस्ताना मैचों में जीत ने फांस को स्पेन और अर्जेंटीना से ऊपर पहुंचा दिया। 'लेस ब्लूज' (फांस की टीम) ने सितम्बर 2018 के बाद पहली बार शीर्ा स्थान हासिल किया है।

शीर्ा तीन टीमों के बीच अंकों का अंतर बहुत कम था, जिससे मुकाबला काफी कड़ा रहा। स्पेन, जो सितम्बर 2025 से शीर्ा पर था, िम्र के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि विश्व चैंपियन अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर आ गया। इंग्लैंड चौथे स्थान पर बना हुआ है, जबकि पुर्तगाल अपने हालिया मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ हासिल करने के बाद ब्राजील से आगे निकलकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उसे ब्राजील की फांस के हाथों हार का फायदा मिला। शीर्ा 10 में बाकी टीमों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है( नीदरलैंड, मोरक्को, बेल्जियम और जर्मनी अपने-अपने स्थानों पर बने हुए हैं। मोरक्को 1,755-87 अंकों के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर बना हुआ है, और अफीका की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम के रूप में अपना दर्जा बरकरार रखे हुए है।

## पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा

### सीएसके की शुरुआती सीजन की निराशा के बीच आज होगी चिदंबरम स्टेडियम में जंग

**चेन्नई, वार्ता।** पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन बनाम चेन्नई सुपर किंग (सीएसके) की शुरुआती सीजन की निराशा के बीच एम चिदंबरम स्टेडियम में जंग होगी। यह मुकाबला आईपीएल 2026 में दोनों टीमों के पिछले मैचों की लय, खिलाड़ियों की व्यक्तिगत फॉर्म और अहम प्रदर्शनों से तय होगा।

पंजाब किंग्स अपने शुरुआती मैच में एक आत्मविश्वास भरी जीत के बाद इस मुकाबले में उतर रही है, जहां कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। कूपर कोनोली ने 44 गेंदों में 72 रनों की संयमित और नाबाद पारी खेलकर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को संभाला और दबाव भरे हालात में स्थिरता बनाए रखी। प्रभसिमरन सिंह ने पारी की शुरुआत में 24 गेंदों में 37 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को आक्रामक शुरुआत दी, जिससे पंजाब को पारी की शुरुआत में ही अच्छी लय मिल गई। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 11 गेंदों में 18 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने एक मजबूत स्ट्राइक रेट बनाए रखा और लक्ष्य का पीछा करते समय टीम को सही रास्ते पर बनाए रखने में मदद की। गेंदबाजी के मोर्चे पर भी पंजाब के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। विजयकुमार वैशाख सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवरों में 34 रन देकर 3 विकेट लिए और सही समय पर विकेट लेकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। युजवेंद्र चहल ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 2 विकेट लिए, उन्होंने बीच के ओवरों में विकेट लेकर विपक्षी टीम की रन गति पर लगाम कसी। मार्को जानसेन ने भी 20 रन देकर 1 विकेट लेकर प्रभावित किया, उन्होंने कसी हुई गें. दबाजी करते हुए डॉट गेंदों के जरिए विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स अपने निराशाजनक शुरुआती मैच की हार से उबरने की कोशिश कर रही है, जहां उनकी बल्लेबाजी क्रम सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहा था। जेमी ओवरटन टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलुओं में से एक रहे। उन्होंने 36 गेंदों में 43 रन बनाए और टीम के विकेटों के लगातार गिरने के बावजूद पारी को संभाले रखा। कार्तिक शर्मा ने 15 गेंदों में 18 रन बनाए, जबकि सरफराज खान ने 12 गेंदों में 17 रन जोड़े, लेकिन कोई भी बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को एक बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। गेंदबाजी की बात की जाये तो अंशुल कंबोज ने कुछ हद तक विरोध किया और अपने 3 ओवरों में 27 रन देकर 2 विकेट लिए, एक मुश्किल मैच में सीएसके के लिए वह सबसे असरदार गेंदबाजों में से एक साबित हुए। हालांकि, कुल मिलाकर गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी, क्योंकि विरोधी टीम ने आसानी से लक्ष्य का पीछा कर लिया। इससे सीएसके की कुछ कमजोरियां सामने आ गईं, जिन पर वे इस मैच में सुधार करने की कोशिश करेंगे। दोनों टीमें अलग-अलग तरह की फॉर्म और व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ इस मुकाबले में उतर रही हैं, इसलिए पंजाब किंग्स अपने फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों और संतुलित गेंदबाजी आक्रमण पर निर्भर रहेगी। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स अपने सीनियर खिलाड़ियों जिनमें ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन शामिल हैं से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी, ताकि वे अपने घरेलू मैदान पर टीम की स्थिति को मजबूत कर सकें।

## ओडिशा ने जीते खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में महिला व पुरुष वर्ग के खिताब

**रायपुर, वार्ता।** ओडिशा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरु और महिला दोनों वर्गों में हॉकी का स्वर्ण पदक जीतकर अपने दबदबे को साबित किया। रायपुर के वल्लभभाई पटेल अंतर्राट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पुरु टीम ने झारखंड को 4-1 से हराया,

जबकि महिला टीम ने रोमांचक मुकाबले में मिजोरम को 1-0 से मात दी। पुरु वर्ग में झारखंड को रजत और छत्तीसगढ़ को कांस्य मिला, जबकि महिला वर्ग में झारखंड ने कांस्य पदक हासिल कर पोडियम पूरा किया। आज यहां खेले गए मुकाबलों में ओडिशा की पुरु टीम ने फाइनल में झारखंड को 4-1 से हराया, जबकि महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में मिजोरम को 1-0 से परा. जित किया। झारखंड और छत्तीसगढ़ की टीमें भी पोडियम



तक पहुंचीं, जो इन क्षेत्रों से उभरती प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। लेकिन पदकों से आगे बढ़कर असली कहानी उन गांवों, जंगलों और समुदायों में छिपी है, जहां हॉकी पहचान और अवसर दोनों बन चुकी है। रायपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में ओडिशा की यह दोहरी स्वर्णिम सफलता केवल एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि यह इस बात का सशक्त उदाहरण है कि कैसे हॉकी ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों में जीवन को नई दिशा दे रही है। खेल प्रतिभा के भंडार माने जाने वाले पूर्वोत्तर राज्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां मिजा. ेरम की टीम ने फाइनल तक जगह बनाई। दशकों से हॉकी जनजातीय संस्कृति का हिस्सा रही है। बच्चे पेड़ की टहनियों से स्टिक बनाकर ऊबड़-खाबड़ मैदानों पर नंगे पांव खेलते हैं। प्रतिभा हमेशा मौजूद थी, लेकिन उसे आगे बढ़ाने का रास्ता नहीं था-जो अब बदल रहा है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और राज्यों द्वारा संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेहतर बुनियादी ढांचे और संगठित जमीनी कार्यक्रमों के चलते अब एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है। 1992 बार्सिलोना ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे पूर्व ओलंपियन अजीत लकड़ा, जो वर्तमान में बिलासपुर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मुख्य कोच हैं, इस बदलाव को करीब से देख रहे हैं।

## ऊंचे स्तर पर खेलते समय दबाव हमेशा रहता है: किरण

**रायपुर, वार्ता।** जब खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के दौरान किरण पिस्दा ने गोलकीपिंग के दस्ताने पहने, तब वह अपने अब तक के अनुभवों पर भरोसा कर रही थीं।

उन अनुभवों पर, जिन्होंने चुनौतियों और निराशाओं के बीच उन्हें और अधिक मजबूत बनाया। दबाव को संभालना किरण की पहचान बन चुका है। चाहे टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा हो या अहम मैचों में प्रदर्शन, उन्होंने खुद को संयमित रखना सीख लिया है। वह कहती हैं कि ऊंचे स्तर पर खेलते समय दबाव हमेशा रहता है। आपको उसे संभालना सीखना पड़ता है। 24 साल की उम्र में किरण अपने खेल कौशल के शिखर पर नजर आती हैं। वह यूरोप में लीग फुटबॉल खेल चुकी हैं और अब बड़े अंतर्राट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दहलीज पर हैं। हालांकि, उनका यह सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा, भले ही उन्हें स्कूल और परिवार से शुरुआती समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश पिस्दा, जो खुद राट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, उनके लिए प्रेरणा बने।

किरण ने साई मीडिया से कहा कि मुझे स्कूल में काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राट्रीय स्तर पर खेलने के मौके मिले और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। इसके बाद किरण शारीरिक शिक्षा में डिग्री हासिल करने के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राट्रीय शिविर के लिए बुलावा मिला। किरण बताती हैं कि उस समय मैं शारीरिक रूप से उतनी फिट नहीं थी और मेरा मानसिक स्तर भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं था। मुझे एहसास हुआ कि वहां जो अनुभव मिला है, उस पर मुझे काम करना होगा। इसके बाद उनके जीवन में आत्म-सुधार का एक कठिन दौर शुरू हुआ। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया, मैचों का विश्लोण करना शुरू किया और अपनी पोजशिनल समझ को बेहतर बनाया। लेकिन सबसे बड़ा बदलाव उनकी मानसिकता में आया। उन्होंने कहा कि मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी। अगर आप नकारात्मक हो जाते हैं, तो उसका सीधा असर आपके प्रदर्शन पर पड़ता है। जब भी मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हूं या मन खराब होता है, तो मैं उनसे बात करती हूं। वह हमेशा मुझे सकारात्मक रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

## रासी वैन डेर डुसेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने सभी फॉर्मेट में खेलने के बाद अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो अप्रैल को अपने इस फैसले की पुटि की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाला संदेश साझा करते हुए अंतर्राट्रीय क्रिकेट में अपनी यात्रा को याद किया।

वैन डेर डुसेन ने नौ अक्टूबर, 2018 को जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टी-20 मैच में अपना डेब्यू किया था और इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफीका के लिए तीनों फॉर्मेट में खेला।

उन्होंने अपने करियर में 57 टी-20, 71 एकदिवसीय और 18 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अंतर्राट्रीय मैच 16 अगस्त, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 खेला था। उनके बेहतरीन





प्रदर्शनों में से एक आईसीसी पुरु क्रिकेट विश्व कप 2023 में देखने को मिला, जहां उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक शानदार शतक (133 रन) बनाया था।

## देबी डायमारी ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता रजत

**अंबिकापुर, वार्ता।** 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तो मजबूत लोग आगे बढ़ते हैं- यह एक मशहूर कहावत है जो खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने की ललक को बयां करती है। असम की महिला पहलवान देबी डायमारी की कहानी बाधाओं को पार करने की इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनकी मेहनत रंग लाई ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में रजत पदक जीता। असम के गोलाघाट जिले के सिसुपानी स्थित दिनेशपुर गांव की रहने वाली 28 वर्षीय देबी ने सात साल की उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था।

इसके बाद उन्हें अपने चाचा-चाची के साथ रहना पड़ा और आर्थिक तंगी के चलते अपनी ट्रेलनग जारी रखने के लिए उन्हें छोटे-मोटे काम भी करने पड़े। और आखिरकार देबी को उन सभी प्रयासों का फल तब मिला, जब उन्होंने यहां 'खेलो इंडिया



ट्राइबल गेम्स' में महिलाओं की 62 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। बोडो ट्राइब से आने वाली देबी कहती हैं, इस पदक के पीछे मेरी कड़ी मेहनत है। मैंने चार साल पहले ही 2022 में गोलाघाट जिले के बोकाखात में काजीरंगा के बगल में खेलो इंडिया सेंटर में कुश्ती शुरू की थी। इसमें प्रैक्टिस करने के लिए मुझे सेंटर के आसपास रूम लेकर रहना पड़ा। रूम का 1000 रुपया किराया देने के लिए मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए मुझे एक साल तक पार्ट टाइम जॉब भी करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पहले तो मुझे 2022 में 2500 रुपये मासिक वेतन पर ईजी बाजार (बोकाखात) स्टोर में काम करना पड़ा और फिर 2023 में काजीरंगा में स्थित बोन विला रिसॉर्ट में करीब 7000 रुपये के मासिक वेतन पर जॉब करना पड़ा। वहां पर मैं स्वीलमग पूल की देखभाल और सफाई करती थीं। सारा दिन काम करने के बाद शाम को सिर्फ दो घंटे के लिए मैं कुश्ती की प्रैक्टिस कर पाती थी। मैंने जितना भी किया, उसके बदले मुझे ये रजत मिला। लेकिन मैं इससे संतुट नहीं हूं और मैं अब और कड़ी मेहनत करके आगे गोल्ड जीतना चाहती हूं। कुश्ती में मैट पर उतरने से पहले देबी पॉवरलिफ्टंग और आर्म रेसलिंग करती थीं।

लेकिन साल 2022 में उनकी मुलाकात असम टीम के कोच अनुस्तूप नाराह से हुई, जिनके मार्गदर्शन में रहकर वह कुश्ती की दांव पेंच सीखी हैं। कोच अनुस्तूप कहते हैं, '' 2022 में जब बोकाखात में पंजा टूर्नामेंट हुआ था तो उस दौरान वह मुझे मिली और मैंने उन्हें देखते ही कह दिया कि तुम रेसलिंग करो। उसने सोच विचार के बाद मुझे हां- कह दिया और फिर मैंने उन्हें सबसे पहले सेंटर के पास ही रहने के लिए कहा ताकि ट्रेलनग के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वह बोली कि सर यहां तो रूम लेकर रहना पड़ेगा और मेरे पास इतने पैसे तो नहीं है। फिर मैंने गोलाघाट जिले के कुश्ती सहायक सचिव से कहकर देबी को काम दिलवाया और एक साइकिल भी दिलवाई। देबी उसी साइकिल से जॉब करने लगी और फिर वह सेंटर के पास रहकर ही प्रैक्टिस भी करने लगी। देबी की पिछले साल ही शादी हुई है और उनका पति बेंगलोर में प्राइवेट नौकरी करता है। वह कहती हैं,'' ससुराल वाले मुझे हर तरह से बहुत सपोर्ट करते हैं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रम्प का संबोधन

अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार की सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। उनके संबोधन पर पूरी दुनिया की नजर लगी थी, क्योंकि वह अपना संबोधन उस समय कर रहे थे, जब ईरान के साथ जारी युद्ध को करीब 34 दिन हो गए हैं। पिछले दिनों जिस तरह की खबरें आ रही थीं, लोगों को उम्मीद थी कि शायद वह अपने संबोधन में ऐसा कुछ कहेंगे, जिससे यह युद्ध समाप्त होने में मदद मिलेगी। यकीनन ऐसी उम्मीद रखने वाले लोगों को निराशा हाथ लगी है, क्योंकि ट्रम्प ने 3–4 सप्ताह तक ईरान पर गंभीर हमले की बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने विवादास्पद दावों को लेकर जाने जाते हैं। अपने संबोधन में भी वह अपनी इस आदत के अनुसार भ्रम की स्थिति फैलाते दिखाई दिए। ट्रम्प का कहना था कि अमेरिकी सेना ने ज्यादातर लक्ष्य हासिल कर लिए हैं और ईरान की वायु व जल सेना को पंगु बना दिया है। अब सवाल है कि अगर ईरान की सेना को पंगु बना दिया है तो उस पर हमले भयंकर हमले क्यों करने चाहिएं वह तो खुद ही घुटनों में आ जाना चाहिए। होर्मुज को लेकर जिस तरह ईरान तेवर दिखा रहा है, उससे तो कहीं भी नहीं लगता कि उसकी जल व वायु सेना में कमी आती दिखाई दे रही है। अपने संबोधन में ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चूके कि मध्य पूर्व में हम अपने लिए नहीं बल्कि अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्हें मध्य पूर्व से तेल की कोई जरूरत नहीं है। अमेरिका के पास बहुत तेल है। न ही होर्मुज की उन्हें कोई जरूरत है। जिन्हें जरूरत है, उनको जाकर रास्ता खुलवाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति यह कहते भी दिखाई दिए कि ईरान ने उनसे युद्ध विराम की मांग की है। जिस तरह तेहरान ने उनके तमाम दावों को तुरंत खारिज किया है, निश्चित रूप से यह ट्रम्प की साख के लिए बड़ा झटका होना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप व पड़ोसी देशों से कोई बेर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की है कि वह युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अरागची का कहना है कि अमेरिका से संदेश मिला जरूर है, लेकिन बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है। कुल मिलाकर देखा जाए, तो ट्रम्प ने वही बात अपने संबोधन में कही है जो वह पिछले दिनों से कहते आ रहे हैं, उन्होंने नया कुछ भी नहीं कहा। वह इस बात का भी जवाब नहीं दे सके, जो खुद उनके देश में उठ रही है कि आखिर ईरान अमेरिका के लिए खतरा कैसे है। न ही वह अमेरिकी व विश्व की जनता को किसी तरह का भरोसा दिला सके, जिससे लगे कि विकराल रूप लेती यह जंग किसी तरह खत्म हो, बल्कि और भड़काने की बात करते दिखाई दिए। उनका कुल भाषण यह बताता है कि वास्तव में ट्रम्प को अब कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है और वह युद्ध में पूरी तरह उलझ गए हैं।

## पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार



मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है, सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है, जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिए जिसके वे हकदार हैं, जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई, उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया, 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं।

–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार

## नए वित्तीय वर्ष पर नई मुश्किलें, खर्च बढ़े, राहत नहीं




देश में कई फैसले ऐसे होते हैं, जो कागज पर छोटे दिखते हैं, लेकिन उनका असर सीधे रसोई, सड़क और जेब तक पहुंचता है। 1 अप्रैल 2026 भी ऐसी ही तारीख बन गई। नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन आम आदमी पर तीन तरफ से बोझ डाला गयाकृनया इनकम टैक्स कानून, ई20 पेट्रोल का अनिवार्य उपयोग और फास्टैग का महंगा वार्षिक पास। सरकार इन बदलावों को सुधार कह रही है, लेकिन असली असर वही मध्यम वर्ग झेल रहा है, जो पहले से महंगाई, किस्तों और रोजमर्रा के खर्चों में फंसा हुआ था। यह सिर्फ नियमों में बदलाव नहीं, बल्कि आम आदमी की आय स्थिर रहकर खर्चों के बढ़ते दबाव का नया दौर है।

सबसे बड़ा बदलाव नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के रूप में आया है। छह दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को हटाकर नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। दावा है कि इससे टैक्स सिस्टम आसान, पारदर्शी और आधुनिक बनेगा। कागजों पर राहत भी दिखती है। बच्चों का शिक्षा भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह, हॉस्टल भत्ता 300 से 9000 रुपये और भोजन भत्ता व गिफ्ट लिमिट भी कई गुना बढ़ाई गई है। पहली नजर में यह राहत का पैकेज लगता है, लेकिन असलियत अलग है। इन बढ़ी हुई सीमाओं के साथ शर्तें और कागजी बोझ भी बढ़ गया है। नतीजा यह कि कर्मचारी को राहत कम और उलझन ज्यादा मिल रही है।

नए टैक्स नियमों ने नौकरीपेशा वर्ग के लिए कुछ राहत के साथ कागजी अनुपालन भी बढ़ाया है। अब एचआरए क्लेम के लिए मकान मालिक का पैन और किराए की रसीद जैसे दस्तावेज अनिवार्य हो गए हैं। दस लाख रुपये से अधिक के हर लेन–देन पर भी पैन अनिवार्य कर दिया गया है। फॉर्म 16 की जगह नई अनुपालन प्रक्रिया और फॉर्म लागू हो गए हैं, जिन्हें समझने में कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था के बीच चुनाव को लेकर है। आम कर्मचारी तय नहीं कर पा रहा कि किसमें बचत है और किसमें ज्यादा टैक्स। जिसे आसान और पारदर्शी व्यवस्था कहा गया था, वह अब सलाहकारों, चार्ट और कैलकुलेटर के बिना समझ में नहीं आती। सुधार के नाम पर उलझन और बढ़ गई है। टैक्स के बाद दूसरा बड़ा झटका ई20 पेट्रोल ने दिया है। 1 अप्रैल से देश के हर पेट्रोल पंप पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिला पेट्रोल ही बिक रहा है। सरकार इसे तेल आयात घटाने, विदेशी मुद्रा बचाने, प्रदूषण कम करने और किसानों की आय बढ़ाने वाला कदम बता रही है। मंशा पर सवाल नहीं, लेकिन मुश्किल वहां शुरू होती है जहां यह फैसला आम आदमी की गाड़ी से टकराता है। देश में लाखों कारें और बाइक पांच–दस साल पुरानी हैं। उनके मालिक अब डर रहे हैं कि कहीं ई 20 पेट्रोल से इंजन पर असर न पड़े, माइलेज न घट जाए और मरम्मत का नया खर्च न जुड़ जाए। अगर गाड़ी ई 20 के अनुकूल नहीं हुई, तो उसकी कीमत आखिर किसकी जेब से निकलेगी? विशेषज्ञ चेतावनी दे चुके हैं कि ई 20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों का माइलेज घट सकता है, इंजन पर दबाव बढ़ सकता है और तकनीकी बदलाव की जरूरत पड़ सकती है। पेट्रोल की कीमत भले न बढ़े, वास्तविक खर्च बढ़ जाएगा। माइलेज घटने से महीने के अंत तक कई सौ रूपए अतिरिक्त खर्च होंगे। रोज दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, टैक्सी चालक, डिलीवरी कर्मी और छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह नया खर्च बड़ी समस्या बन सकता है। सरकार ने फैसला लागू कर दिया, लेकिन पुराने वाहनों वाले लाखों परिवारों की तैयारी नहीं हुई। सड़क पर निकलने वालों के लिए सबसे तात्कालिक झटका फास्टैग के नए नियमों ने दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग के वार्षिक पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी है। सुनने में यह केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी लगती है, लेकिन असली बोझ इससे कहीं बड़ा है। अब 'वन व्हीकल, वन फास्टैग' नियम पहले से सख्ती से लागू है और नकद भुगतान लगभग खत्म हो चुका है। खाते में बैलेंस कम हुआ, तो टोल प्लाजा पर गाड़ी रुक सकती है। अब हर सफर मोबाइल, बैंक खाते और नेटवर्क पर ज्यादा निर्भर हो गया है। यानी अब सड़क पर निकलने से पहले गाड़ी नहीं, फास्टैग का सक्रिय होना ज्यादा जरूरी हो गया है। इन तीनों बदलावों की सबसे बड़ी मार मध्यम वर्ग पर पड़ेगी। सीमित आय वाले एक सामान्य परिवार की जेब पर अब हर महीने 800 से 1200 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। नए टैक्स नियम बचत घटाएंगे, ई 20 पेट्रोल रोज की यात्रा महंगी करेगा और फास्टैग हर सफर को ज्यादा खर्चीला बना देगा। यही वह वर्ग है, जो पहले ही बच्चों की फीस, राशन, बिजली बिल और ईएमआई के बीच जूझ रहा है। न उसे सरकारी राहत मिलती है, न बढ़ती महंगाई से बचने का रास्ता। इसलिए सरकार जिन कदमों को सुधार



कृति आरके जैन

कह रही है, वे आम आदमी को जेब पर लगातार पड़ते वार जैसे लग रहे हैं। किसी भी सुधार का मूल्य उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके प्रभाव से तय होता है। टैक्स व्यवस्था को आधुनिक बनाना, तेल पर निर्भरता घटाना और टोल को डिजिटल करना जरूरी हो सकता है, लेकिन बिना तैयारी और विकल्प के लागू किए गए बदलाव सुधार नहीं, बोझ बन जाते हैं। 1 अप्रैल 2026 ने यही सच्चाई सामने रखी। इस दिन देश ने कोई नई शुरुआत नहीं, बल्कि यह महसूस किया कि आने वाले समय में आम आदमी को अपनी कमाई से ज्यादा अपने बढ़ते खर्चों की चिंता करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलिदान से जन्मी रोशनी: गुड फ्राइडे का शाश्वत संदेश

**कहा जाता है कि पुनर्जीवित होने के बाद ईसा ने लगभग 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों को दर्शन दिए, उन्हें सत्य, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ईस्टर की आराधना विशेष रूप से उषाकाल में की जाती है। मान्यता है कि पुनरुत्थान का यह चमत्कार प्रातःकाल ही हुआ था और सबसे पहले मरियम मदीलिनी ने ईसा को जीवित देखा था। यह प्रसंग इस तथ्य को भी उजागर करता है कि सत्य और आस्था का प्रकाश सबसे पहले उन हृदयों में जागृत होता है, जो श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण होते हैं।**



योगेश कुमार गोयल

ईशु ईसा मसीह के बलिदान और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है गुड फ्राइडे। दरअसल ईसा मसीह ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले ईशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था।

जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फाइडे 3 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ईशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर ईशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु ईशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और ईशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयाई समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फाइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि ईशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई।

इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर–दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे। ईसा मसीह केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि परिवर्तन और करुणा के जीवंत प्रतीक थे।

उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़ते हुए उसे आत्मकेन्द्रितता और स्वार्थ से परे ले जाने का संदेश दिया। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि सच्चा प्रेम त्याग, क्षमा और समर्पण में निहित होता है। जब पृथ्वी पर पाप और अन्याय बढ़ रहे थे, तब ईसा ने अपने बलिदान के माध्यम से निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा को चरितार्थ किया। क्रॉस पर उनकी पीड़ा केवल एक व्यक्ति का कष्ट नहीं थी बल्कि संपूर्ण मानवता के उद्धार का प्रतीक बन गई। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, क्रूस पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन, रविवार को ईसा मसीह पुनः जीवित हो उठे थे। यही कारण है कि गुड फाइडे के बाद आने वाला रविवार 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन केवल पुनरुत्थान का उत्सव नहीं, बल्कि आशा, नवजीवन और विश्वास की पुनर्स्थापना का संदेश देता है।

# नौकरियां गंवाने की चिंता और मानसिक स्वास्थ्य की पुकार

बेंगलुरु, जिसे भारत की आईटी राजधानी के नाम से भी जाना जाता है, पिछले दिनों एक ऐसी घटना से हिल गया है जो न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे समाज को सो. चने पर मजबूर कर देती है। गत 31 मार्च को कोठानूर इलाके के एक हाई–राइज अपार्टमेंट में एक युवा तकनीकी जोड़ी ने आत्महत्या कर ली। पति भानुचंद्र रेड्डी (32) और पत्नी बीबी शाजिया सिराज (31)। दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दोनों की कमाई लाखों में, अमेरिका में काम का अनुभव, 80 लाख का सालाना पैकेज और सफलता की सारी बाहरी निशानियां। लेकिन अंदर से? नौकरी खोने का भय और बढ़ता तनाव। ठीक उसी दिन जब वैश्विक स्तर पर एआई की वजह से आईटी सेक्टर में भारी छंटनी की खबरें आ रही थीं।

भानुचंद्र अमेरिका में काम कर रहे थे। एआई टूल्स के कारण उनकी टीम में छंटनी हुई और उनकी नौकरी चली गई। भारत लौटकर वे नई नौकरी की तलाश में लगे, लेकिन असफल रहे। चिंता ने उन्हें घेर लिया। स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने यही लिखा, हनौकरी की अनिश्चितता और लगातार दबाव। पत्नी शाजिया आईबीएम में नाइट शिफ्ट कर रही थीं। सुबह 7:30 बजे घर लौटीं तो पति का कमरा अंदर से बंद था। सुरक्षा गार्ड ने दरवाजा तोड़ा तो भानुचंद्र फांसी पर लटक रहे थे। शाजिया ने 20 मिनट तक वह दृश्य देखा। फिर वे अचानक 18वें फ्लोर पर पहुंचीं और वाहन से नीचे कूद गईं। यह घटना एआई क्रांति की उस काली साइड का प्रतीक है जो कल तक



'भविष्य की तकनीक' मानी जा रही थी। ठीक उसी दिन, 31 मार्च 2026 को, अमेरिकी सॉफ्टवेयर दिग्गज ओरेकल ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए भारी निवेश कर रही है।

2026 में 500 करोड़ डॉलर से ज्यादा का कैपिटल निवेश भी किया। लेकिन इस खर्च को पूरा करने के लिए उसने लागत घटाने का फैसला किया। CNBC ब्लूमबर्ग और बिजनेस इंसाइडर की रिपोर्ट्स के मुता. बिक, करीब 20,000–30,000 तक के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। ओरेकल अकेली नहीं। 2026 में एआई की वजह से बिग टेक की छंटनी की लहर चल रही है। अमेजन ने जनवरी में 16,000 कॉर्पोरेट जॉब्स काटे। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल 15,000 पद घटाए। मेटा, एटलासियन, ब्लॉक आदि सभी कंपनियां एआई के नाम पर कर्मचारियों को 'रिडंडेंट' बता रहे हैं। भारत में भी आईटी सेक्टर में 2017 से अब तक 227 से ज्यादा सुसाइड केस दर्ज हुए हैं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,71,418 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें युवा प्रोफेशनल्स (25–40 साल) की संख्या सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे हर शहर में एआई छंटनी का डर युवाओं को घेर रहा है। समस्या सिर्फ नौकरी चले जाने की नहीं। समस्या है उस चिंता की भी है, जो एआई के नाम पर पैदा हो रही है। एआई टूल्स कोडिंग, डेटा एनालिसिस, यहां तक कि सॉफ्टवेयर डिजाइन में इंसानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। कंपनियां सोच रही हैं कि कम लोगों से ज्यादा काम, लेकिन कर्मचारी? उनके लिए यह जीवन–मरण का सवाल बन गया है। ईएमआई, लोन, परिवार की जिम्मेदारी, सब कुछ एक नौकरी पर टिका है। जब नौकरी चली जाती है, तो चिंता डिप्रेशन में बदल जाती है और समाज? हम अभी भी इसे व्यक्तिगत कमजोरी मानते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वे कहता है कि 80 प्रतिशत लोग मानसिक बीमारी का इलाज नहीं लेते। वजह, कलंक और सुविधाओं की कमी। भारत में प्रति लाख जनसंख्या पर सिर्फ 0.75 साइकिएट्रिस्ट हैं। जिला स्तर पर मनोवैज्ञानिक क्लिनिक नाममात्र के। हमें एक मजबूत साइकोलॉजिकल इकोसिस्टम की जरूरत है। ठीक वैसे ही जैसे सामान्य अस्पतालों का नेटवर्क है। हर जिले में फुल–टाइम मेंटल हेल्थ सेंटर, फी या सस्ती ओपीडी, टेली–मेंटल हेल्थ, आयुष्मान भारत में मानसिक स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य। कॉर्पोरेट कंपनियों को कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) अनिवार्य करने होंगेलेआउफ के समय न सिर्फ आउटप्लेसमेंट, बल्कि मानसिक सहायता भी देनी चाहिए, लेकिन इलाज सिर्फ दवाओं और काउंसलिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति में सदियों से ध्यान, योग और भगवद्गीता जैसे ग्रंथ चिंता पर विजय पाने का रास्ता बताते हैं। जब एआई छंटनी का दबाव बढ़े, तो आध्यात्मिक मार्गदर्शन मन को स्थिरता दे सकता है। भगवद्गीता में कर्मयोग की शिक्षा है कर्म करो, लेकिन फल की चिंता मत करो। कर्मण्एवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। यह सिखाता है कि नौकरी चली जाए तो भी आत्मसम्मान और जीवन का अर्थ खत्म नहीं होता। ध्यान और योग एंग्जायटी को कम करने में वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में अब 'माइंडफुलनेस' प्रोग्राम चल रहे हैं। कई कंपनियां कर्मचारियों के लिए योग सेशन्स और आध्यात्मिक सत्र आयोजित कर रही हैं। आध्यात्मिक गुरुओं और काउंसलर्स का कहना है कि जब मन अशांत हो, तो प्रार्थना, सत्संग या गीता पाठ से आंतरिक शक्ति जागृत होती है। यह चिंता को 'स्वीकार' करने की क्षमता देता है, कि बदलाव जीवन का हिस्सा है, लेकिन हम उससे ऊपर उठ सकते हैं।ध्यान रखें, आध्यात्मिक मार्गदर्शन पेशेवर मनोचिकित्सा का विकल्प नहीं, बल्कि पूरक है। जब डॉक्टर की दवा के साथ ध्यान और गीता का ज्ञान जुड़ जाए, तो रिजल्ट बेहतर होता है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि आध्यात्मिक प्रैक्टिस डिप्रेशन के मरीजों में रिकवरी रेट बढ़ाती है। सरकार,



रजनीश कपूर

कॉर्पोरेट और समाज को मिलकर काम करना होगा। स्कूल–कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के साथ–साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी शामिल करें। मीडिया आत्महत्या की खबरों को संवेदनशील तरीके से कवर करे। परिवारों में खुली बातचीत का माहौल बने।बेंगलुरु की यह त्रासदी और ओरेकल जैसी कंपनियों की छंटनी हमें चेतावनी दे रही है। एआई भविष्य है, लेकिन बिना मानवता के नहीं। जब हम मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक बीमारी की तरह देखेंगे, जब अस्पतालों की तरह साइकोलॉजिकल सेंटर्स हर जगह होंगे और जब आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें अंदर से मजबूत करेगा, तब ही हम इस दबाव को पार कर पाएंगे। भानुचंद्र और शाजिया सिर्फ एक जोड़ी नहीं थे। वे हजारों उन युवा आईटी प्रोफेशनल्स का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आज भी चुपचाप एआई छंटनी की चिंता में जूझ रहे हैं। समय आ गया है कि हम बदलें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को एक साथ देखें। तभी एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित भारत बनेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



श्रीनगर। सड़क केनारे एक अधिकृत डीलर से घरेलू उपयोग के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के सिलेंडर लेने के लिए इंतजार करते लोग।

## अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों से जल्द इराक छोड़ने के कहा

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है। दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने अपने बयान में कहा कि ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र (आईकेआर) भी शामिल है। अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें।

## हाइफा में हवाई हमले के सायरन बजे

**हाइफा।** इजरायल की होम फ्रंट कमांड ने ईरान से उसकी तरफ मिसाइलें दागे जाने की प्रारंभिक चेतावनी भेजी है। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी इजरायली शहर हाइफा में हवाई हमले के सायरन बज रहे हैं। इजरायल पर बुधवार को भारी गोलाबारी के बावजूद, पिछले दिन हाइफा में हवाई हमले के कोई सायरन नहीं बजे थे। लेबनान की ओर से हालांकि हुई गोलाबारी के कारण मंगलवार शाम को तीन बार सायरन बजाए गए थे। इससे पहले, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल ने ईरान से मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की तरफ दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। मिसाइलों को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं।

# ईरान में अमेरिका के लक्ष्य पूरे होने के करीब: ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा: हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 'मुख्य रणनीतिक लक्ष्य' लगभग पूरे होने के करीब हैं।

ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि जैसा कि मैंने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की घोषणा करते समय कहा था, हमारे लक्ष्य बहुत सरल और स्पष्ट हैं। हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं। इसका मतलब है ईरान की नौसेना को खत्म करना-जो अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है, उनकी वायु सेना और मिसाइल कार्यक्रम को ऐसे स्तर पर नुकसान पहुंचाना जो पहले कभी नहीं देखा गया और उनके रक्षा औद्योगिक आधार को पूरी तरह से तबाह कर देना। हमने यह सब कर लिया है-मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मुख्य रणनीतिक लक्ष्य अब पूरे होने के करीब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपने हमले और तेज करेगा, और उन्होंने उस देश को 'पाषाण युग' में वापस धकेलने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि मैं आज रात यह कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही-बहुत जल्द-पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस उसी पाषाण युग में धकेल देंगे, जहां उनकी असली जगह है। वहीं ट्रम्प ने बुधवार को ईरान पर अगले दो से तीन हफ्तों में हमले तेज करने और उसे 'पाषाण युग' में पहुंचाने की धमकी दी। ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि मैं आज रात कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही, बहुत जल्द पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस पाषाण युग में पहुंचा देंगे, जहां उनकी असली जगह है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पश्चिम एशिया से तेल की जरूरत नहीं है, लेकिन वह अपने सहयोगियों का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में बना हुआ है। उन्होंने कहा ष्अब हम पश्चिम एशिया से पूरी तरह स्वतंत्र हैं, और फिर भी हम वहां मदद के लिए मौजूद हैं। हमें वहां रहने की जरूरत नहीं है। हमें उनके तेल की जरूरत नहीं है। हमें उनके पास मौजूद किसी भी चीज की जरूरत नहीं है, लेकिन हम अपने सहयोगियों की मदद के लिए वहां हैं।

■ हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं: ट्रम्प



# अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो कोई जिंदा नहीं बचेगा: ईरान


### सैन्य मुख्यालय को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश

**तेहरान/वॉशिंगटन।**

अमेरिका-इजरायल के हमलों के 34वें दिन ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा।

ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी वीडियो में हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो 'एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचना चाहिए।

यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ तीन से चार सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है और दावा किया है कि अमेरिका ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक नष्ट कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने युद्धविराम की मांग की है, जिसे तेहरान ने तुरंत खारिज कर दिया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप या पड़ोसी देशों से कोई बैर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की कि वे युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा 'शून्य' बना हुआ है। इस बीच, पूर्व विदेश मंत्री कमाल खर्राजी तेहरान स्थित अपने आवास पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ पाकिस्तान बैक-चैनल वार्ता की कोशिशों में शामिल थे। खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान द्वारा दागी जा रही मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की बात कही है, जबकि कतर के दोहा तट के पास एक टैंकर पर हमले में नुकसान हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। इजरायल में भी ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोके जाने की खबर है, जबकि तेल अवीव के पास 11 वर्षीय बच्ची सहित 14 लोग घायल हुए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के आकलन के अनुरूप ट्रम्प द्वारा दिए गए समय संकेतों से यह संभावना जताई जा रही है कि संघर्ष आने वाले हफ्तों में निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है। वहीं, क्षेत्रीय तनाव के बीच लेबनान और इराक में भी हमलों की खबरें हैं, जिनमें हिज्बुल्लाह के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल और युद्ध को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता जता रहा है।



■ ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं
■ आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए

## ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल

■ पत्नी की मौत, दावा: पाकिस्तान उनके जरिए ही ईरान से सीजफायर वार्ता कर रहा था

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फारेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधो देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है। खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।

## अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाए

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पर लगे प्रतिबंधा हटा दिए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर जारी एक अपडेट के अनुसार है। अमेरिकी वित्त मंत्रलय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने बुधवार (स्थानीय समय) को कहा कि रोड्रिगेज को प्रतिबंधा सूची से हटा दिया गया है। वहीं, शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इस निर्णय के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्स एक पोस्ट में, रोड्रिगेज ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेनेजुएला पर लगे अतिरिक्त प्रतिबंधा हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पोस्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय हमारे देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रगति और दृढ़ संकल्प हमारे देश पर लगे अतिरिक्त सक्रिय प्रतिबंधों को हटाने की ओर ले जाएगा।

# 1972 के बाद पहली बार चांद के करीब पहुंचेंगे इंसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आज 2 अप्रैल को 'आर्टेमिस-2' मिशन लॉन्च किया। सुबह 4:05 बजे 'स्पेस लॉन्च सिस्टम' (एसएलएस) ओरियन स्पेसक्राफ्ट में 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ये लान्चिंग हुई। साल 1972 में 'अपोलो-17' के बाद यह पहला मौका है जब कोई इंसान पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) को पार कर चांद के करीब पहुंचेगा। चारों यात्री स्पेसक्राफ्ट से चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर धरती पर लौटेंगे।

यह मिशन 10 दिन का है। जैसे ही यह ऐतिहासिक नजारा सामने आया, वहां मौजूद भीड़ खुशी से झूम उठी। लोगों के चेहरों पर जीत की मुस्कान और इस अद्भुत पल को देखने की हैरानी साफ झलक रही थी। टेक-ऑफ से ठीक एक घंटा पहले 'लॉन्च अबार्ट सिस्टम' में कुछ ऐसी दिक्कतें आईं, जिनसे लान्चिंग पर खतरा मंडराने लगा था। यह राकेट का वो 'इमरजेंसी एग्जिट' है, जो खराबी आने पर एस्ट्रोनाट्स वाले हिस्से को तुरंत राकेट से अलग कर देता है। हालांकि इंजीनियरों ने इस समस्या को तेजी से सुलझा लिया। फिर सेफ्टी चेक के लिए काउंटडाउन घड़ी को 10 मिनट पर रोक दिया गया। इसके बाद राकेट के अलग-अलग जरूरी सिस्टम्स की जिम्मेदारी संभाल रहे इंजीनियरों की 'ओके' रिपोर्ट आई। फिर क्रू को संदेश मिला-आर्टेमिस ।।, मैं लॉन्च डायरेक्टर बोल रहा हूं, आप उड़ान के लिए तैयार हैं। कमांडर रीड वाइजमैन ने जवाब दिया, हम पूरी मानवता की खातिर जा रहे हैं। इसके तुरंत बाद चार आरएस-25 इंजन और दो राकेट बूस्टर चालू हुए और एस्ट्रोनाट रवाना हो गए। काम्प्युकेशन इश्यू: उड़ान के करीब 51 मिनट बाद जब सैटेलाइट्स का हैंडओवर हो रहा था, तब ओरियन कैप्सूल का संपर्क कुछ देर के लिए टूट गया था। नासा के चीफ जेरेड इसाकमैन ने बताया कि मिशन कंट्रोल की आवाज तो क्रू को सुनाई दे रही थी, लेकिन क्रू का जवाब नीचे नहीं पहुंच पा रहा था। हालांकि, अब इस समस्या को सुलझा लिया गया है और सिस्टम सही काम कर रहा है। लॉन्च के कुछ ही देर बाद ओरियन कैप्सूल का इकलौता टायलेट खराब हो गया था। एस्ट्रोनाट क्रिस्टीना कोच ने मिशन कंट्रोल की मदद से इसे ठीक कर दिया। बिना टायलेट के यह 10 दिन का सफर काटना बहुत मुश्किल हो जाता।



■ 10 दिन में चंद्रमा का चक्कर काटकर लौटेंगे चार अंतरिक्ष यात्री नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
फीस 100/- रूपये मात्र
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता है।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पता: चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10th फेल, 12th हेतु-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD (होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE- (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.